You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-224 | बुधवार, 17 सितम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित और महान राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया है। इस सपने को पूरा करने के लिए देश का सुरक्षित होना जरूरी है और सुरक्षा तभी संभव है जब युवा पीढ़ी को ड्रग्स के खतरे से बचाया जाए। अमित शाह

मोदी की उपस्थिति में एक शक्ति है : ब्राजीली संस्कृत विद्वान 11

आधुनिक युग में एआई की भूमिका महत्वपूर्णः ओम बिरला 12

## सुहास एलवाई और बी चंद्रकला समेत 16 आईएएस अधिकारियों का तबादला

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- विजय विश्वास पंत बने लखनऊ के मंडलायुक्त
- अनामिका सिंह बरेली की मंडलायुक्त, किंजल सिंह बनीं परिवहन आयुक्त





लखनऊ। प्रदेश सरकार ने मंगलवार को तीन मंडलायुक्त सहित 16 आईएएस अधिकारियों की तैनाती में फ़ेरबदल किया है। प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत को लखनऊ का मंडलायुक्त बनाया गया है। बरेली की मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल को अब प्रयागराज के मंडलायुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव अनामिका सिंह बरेली की मंडलायुक्त बनाई गईं हैं।

महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा किंजल सिंह को परिवहन आयुक्त बनाया गया है। वहीं, परिवहन आयुक्त पद पर तैनात ब्रजेश नारायण सिंह सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव बनाए गए हैं। वे इसी माह 30 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। रंजन कुमार से प्रमुख सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग का अतिरिक्त प्रभार वापस ले लिया गया है। उनके पास प्रमुख सचिव आयुष का पदभार बना रहेगा।

सुहास एल वाई को वर्तमान पद के साथ महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के पद पर तैनात चैत्रा वी. को महानिदेशक आयुष बनाया गया है। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा संजय कुमार खत्री को प्रभारी मुख्य कार्यपालक अधिकारी बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण बनाया गया है। कंचन वर्मा महानिदेशक स्कूल शिक्षा से आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद, मोनिका रानी को अपर महानिदेशक स्कूल शिक्षा से प्रभारी महानिदेशक स्कूल शिक्षा बनाया गया है। लखनऊ की मंडलायुक्त डॉ. रौशन जैकब को सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के साथ ही ● शेष पेज 11 पर

## 2017 से 2021 तक के गैर-कर ई चालान होंगे खत्म

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- परिवहन विभाग ने 2017 से 2021 तक के गैर-कर चालानों को समाप्त करने का लिया निर्णय
- परिवहन विभाग ने 2017 से 2021 तक के गैर-कर चालानों को समाप्त करने का लिया निर्णय
- इन चालानों से जुड़े फिटनेस, परमिट, वाहन ट्रांसफर और एचएसआरपी जैसे अवरोध भी स्वतः हट जाएंगे
- पूरी प्रक्रिया 30 दिनों में होगी पूरी, वाहन स्वामी पोर्टल पर जाकर अपनी चालान स्थिति देख सकेंगे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने 2017 से 2021 तक के गैर-कर ई-चालानों को समाप्त करने का फैसला लिया है। अब इन चालानों को पोर्टल पर डिस्पोस्ड अबेटेड (यदि मामला कोर्ट में लंबित था) और क्लोज्ड- आर (यदि कार्यालय में लंबित था और समय-सीमा निकल चुकी है) की श्रेणी में दिखाया जाएगा। इन चालानों से जुड़े फिटनेस, परमिट, वाहन ट्रांसफर और एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) जैसे अवरोध भी स्वतः हट जाएंगे। हालांकि, टैक्स से जुड़े चालान इस राहत के दायरे से बाहर रहेंगे।

विभाग के अनुसार यह पूरी प्रक्रिया 30 दिनों में पूरी कर दी जाएगी। इसके बाद वाहन स्वामी पोर्टल पर जाकर अपनी चालान स्थिति देख सकेंगे। कोर्ट में लंबित प्रकरण डिस्पोस्ड अबेटेड और ऑफिस लेवल पर समय-सीमा निकल चुके प्रकरण क्लोज्डऽ टाइम-बार (नॉन-टैक्स) के रूप में दर्ज होंगे। विभाग ने साफ किया है कि यह केवल क्लोजर है यानि न तो किसी को रिफंड मिलेगा और न ही पुराने चालान दोबारा खोले जाएंगे। उन्होने बताया कि 30 लाख से ज्यादा ई-चालान प्रभावित आंकड़ों के मुताबिक 2017 से 2021 के बीच 30.52 लाख ई-चालान बने थे। इनमें से 17.59 लाख का निस्तारण पहले ही हो चुका है, जबकि 12.93 लाख चालान लंबित थे। लंबित चालानों में 10.84 लाख कोर्ट में और 1.29 लाख ऑफिस लेवल पर पेंडिंग थे। अब इन सभी का डिजिटल निस्तारण समय-सीमा में पूरा किया जाएगा। फ्रंट-एंड पर सभी अवरोध हटेंगे, जबकि बैक-एंड पर पूरा रिकॉर्ड और ऑडिट ट्रेल सुरक्षित रहेगा। इस फैसले के तहत केवल उन्हीं चालानों को माफ) किया जाएगा जो 31 दिसंबर 2021 तक कोर्ट में लंबित थे। वहीं, जो चालान कभी कोर्ट नहीं भेजे गए और अब समय-सीमा पार कर चुके हैं, उन्हें भी प्रशासनिक रूप से बंद किया जाएगा। टैक्स से जुड़े चालान, गंभीर अपराध, दुर्घटना या आईपीसी से जुड़े मामले इस राहत से बाहर रहेंगे। यह निर्णय कानून का पालन सुनिश्चित करने, जनता को अनावश्यक चालानों और ब्लॉकों से राहत देने, सेवाओं को समय पर उपलब्ध कराने और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए लिया गया है।

उन्होंने बताया कि 30 दिनों के भीतर सभी पेंडिंग चालानों का पोर्टल पर निपटारा दिखेगा। इसके लिए हर हफ्ते एक डैशबोर्ड पर प्रगति रिपोर्ट डाली जाएगी। एनआईसी पोर्टल में जरूरी बदलाव कर रहा है ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुरक्षित रहे। टैक्स से जुड़ी देनदारियां, पहले से जमा जुर्माना और कोर्ट आदेश यथावत रहेंगे। इस बारे में परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने कहा कि यह निर्णय कानूनन सही, जन-हितैषी और पारदर्शी प्रशासन की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि नागरिकों को सुगमता, सुरक्षा और सम्मानजनक सेवा अनुभव मिले। सभी अधिकारी और कर्मचारी तय समय-सीमा में शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें।

## संक्षेप

### मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन भर्ती की लिखित परीक्षा पांच अक्टूबर को होगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन भर्ती के लिए लिखित परीक्षा ही लेगा। बोर्ड ने लिखित परीक्षा न कराने के यूपी पुलिस की लाजिस्टिक शाखा के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। अब वर्ष 2020 से 2025 तक की कुल 176 रिक्तियों को भरने के लिए पांच अक्तूबर को लिखित परीक्षा कराई जाएगी। भर्ती बोर्ड के मुताबिक, इस परीक्षा के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के पुराने परिसर (हनुमान सेतु के निकट) को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। यहां पांच अक्तूबर की सुबह 9:30 से 12:30 बजे के बीच परीक्षा होगी। अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय सुबह आठ बजे रहेगा। मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन भर्ती को विभागीय परीक्षा के आधार पर भरा जाएगा।

### देहरादून में बादल फटा, 4 लोगों की जान गई

**देहरादून।** उत्तराखंड के देहरादून में मंगलवार सुबह 5 बजे बादल फटा। इससे तमसा, कारलीगाड़, टोंस और सहस्त्रधारा नदी में जलस्तर बढ़ गया। सहस्त्रधारा समेत आसपास के कई इलाकों के घरों, दुकानों और मंदिरों में 5-6 फीट तक पानी भर गया। कई सड़कें भी बह गईं। विकास नगर में टोंस नदी में पानी का बहाव अचानक तेज होने से मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली नदी में बह गई। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग लापता हैं। वहीं, मालदेवता में सौंग नदी में 5 लोग बह गए, जिसमें से 4 के शव मिल गए हैं जबकि एक लापता है।

### गोरखपुर में पशु तस्करों ने छात्र की पीटकर हत्या की

**गोरखपुर।** पिपराइच क्षेत्र के जंगल धूषण महुआ चापी में बीती रात पशु तस्करों ने एक छात्र की पीटकर हत्या कर दी। हालांकि प्रदर्शन के दौरान स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पशु तस्करों ने गोली मारकर युवक की हत्या कर दी। एक युवक घायल भी बताया जा रहा है। हालांकि हंगामे के लगभग साढ़े तीन घंटे बाद एसएसपी राजकरण नैय्यर ने बताया कि पशु तस्करों ने गाड़ी से छात्र को नीचे ढ़केल दिया, जिससे उसके सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई। इसके पहले, मंगलवार की सुबह नाराज ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी। पुलिस पर पथराव करने लगे। इस दौरान कई पुलिसकर्मियों को चोट आई है। बताया जा रहा है कि गुस्साई भीड़ ने मैजिक गाड़ी में आग लगा दी। पूरा मामला गो तस्करों से जुड़ा बताया जा रहा है। नाराज लोगों ने हत्या के विरोध में पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया और सड़क जाम कर दी। सूचना पर प्रशासकि अधिकारी के साथ पुलिस और पीएसी की टीम मौके पर पहुंची है। लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है, लेकिन नाराज लोग उग्र होकर सड़क पर ही प्रदर्शन कर रहे हैं और लगातार पत्थरबाजी भी कर रहे हैं।

## भारत ने नहीं माना था मध्यस्थता प्रस्ताव

### पाकिस्तान ने सीजफायर पर ट्रंप के दावे की पोल खोली

एजेंसी



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने संघर्ष विराम पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे की पोल खोल दी है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा है कि भारत ने अमेरिकी मध्यस्थता का प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया था। इसकी जानकारी अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने खुद इशाक डार को दी थी। इससे पहले कम से कम 30 बार डोनाल्ड ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की मध्यस्थता करने का दावा कर चुके हैं। हालांकि, भारत ने हर बार ट्रंप के दावे को सिरे से खारिज किया है और कहा है कि यह सिर्फ द्विपक्षीय वार्ता के जरिए हुआ और इसमें किसी भी तीसरे देश की कोई भूमिका नहीं है।

कतरी न्यूज चैनल अल जजीरा के साथ इंटरव्यू में इशाक डार से सवाल किया गया कि क्या भारत के साथ कोई बातचीत चल रही है? क्या कोई तीसरा पक्ष इसमें शामिल है? क्या आप तीसरे पक्ष की भागीदारी के लिए तैयार हैं? इस पर इशाक डार ने कहा, ''हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन भारत स्पष्ट रूप से कह रहा है कि यह द्विपक्षीय है, इसलिए हमें द्विपक्षीय बातचीत से कोई आपत्ति नहीं है। अमेरिका को भारत ने कर दिया था मना

इशाक डार ने आगे कहा, जब 10 मई को सुबह करीब 8:00 - 8:17 बजे सेक्रेटरी रुबियो के जरिए संघर्ष विराम का प्रस्ताव मेरे पास आया, तो मुझे बताया गया कि बहुत जल्द ही भारत और न्यूयार्क के बीच एक स्वतंत्र स्थान पर बातचीत होगी। जब 25 जुलाई को वाशिंगटन में सेक्रेटरी रुबियो के साथ हमारी द्विपक्षीय बैठक हुई, तो मैंने उनसे पूछा कि बातचीत का क्या हुआ। उन्होंने कहा कि भारत का कहना है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। उन्होंने कहा, '' हम ऐसा नहीं चाहते। इसलिए, हम किसी चीज की भीख नहीं मांग रहे हैं। अगर कोई देश बातचीत चाहता है, तो हमें खुशी होगी। हमारा स्वागत है।हम एक शांतिप्रिय देश हैं। हमारा मानना है कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है, लेकिन जाहिर है, बातचीत के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। इसलिए जब तक भारत बातचीत नहीं ● शेष पेज 11 पर

### राहुल गांधी ध्यान से सुनिए, झूठ फैलाना बंद करो : बीजेपी

बीजेपी नेता अमित मालवीय ने इशाक डार का बयान शेयर करते हुए लिखा कि भारत-पाकिस्तान सीजफायर में कोई तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी। उन्होंने लिखा- राहुल गांधी, ध्यान से सुनिए पाकिस्तान के अपने विदेश मंत्री इशाक डार ने अल-जजीरा से कहा कि भारत ने किसी भी तीसरे पक्ष की युद्ध विराम मध्यस्थता को अस्वीकार कर दिया है। झूठ फैलाना बंद करो। पाकिस्तान का दुष्प्रचार दोहराना बंद करो।

### जैश ने माना-ऑपरेशन सिंदूर में मसूद का परिवार मारा गया

**इस्लामाबाद।** जैश के कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह कहता है कि 7 मई को बहावलपुर में भारत की कार्रवाई में अजहर के परिवार के लोगों के टुकड़े-टुकड़े हो गए, उनका कीमा बन गया था। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में हमला किया था। ऑपरेशन के दौरान बहावलपुर समेत पाकिस्तान के अंदर नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। बहावलपुर में हुए भारतीय हमले में मसूद के परिवार के 10 लोग मारे गए थे। इसके अलावा 4 सहयोगियों की भी मौत हुई थी। मरने वालों में मसूद की बड़ी बहन और उसका पति, मसूद का भतीजा और उसकी पत्नी, मसूद की एक भतीजी और उसके पांच बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा मसूद के 4 सहयोगी भी मारे गए थे। हमले के वक्त मसूद मौके पर नहीं था, इस वजह से उसकी जान बच गई थी। बीबीसी उर्दू की रिपोर्ट के मुताबिक आतंकी मसूद ने परिवार के लोगों के मरने के बाद एक बयान भी जारी किया था। इसमें उसने कहा था कि मैं भी मर जाता तो खुशनसीब होता।

## टीईटी की अनिवार्यता पर रिवीजन दाखिल करेगी योगी सरकार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो





लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग के सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता पर उच्चतम न्यायालय के आदेश का रिवीजन दाखिल करने का विभाग को निर्देश दिया है। शिक्षक संगठनों द्वारा पहले ही मांग की जा रही थी कि सरकार इस मामले में हस्तक्षेप कर कारगर कदम उठाए।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के शिक्षक अनुभवी हैं और समय-समय पर सरकार द्वारा उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता रहा है। ऐसे में उनकी योग्यता और सेवा के वर्षों को नजरअंदाज करना उचित नहीं है।

गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों की चिंता बढ़ा दी है। आदेश के अनुसार, कक्षा एक से आठ तक पढ़ाने वाले शिक्षकों को सेवा में बने रहने और पदोन्नति पाने के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करना अनिवार्य होगा। शिक्षा विभाग के सूत्रों की मानें तो शासन स्तर पर हुई एक अहम बैठक के बाद सरकार ने यह फ़ैसला लिया है । इसमें उच्चतम न्यायालय में रिव्यू याचिका दाखिल करने के साथ ही अन्य राज्यों के रुख को देखने सहित अन्य संभावित विकल्पों पर विचार होगा।

इस बीच, शिक्षक संगठनों ने पहले ही मांग की थी कि 29 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत छूट मिली थी। राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में उनका पक्ष रखे और जरूरत पड़ने पर नियमों या अधिनियम में संशोधन कराए, ताकि पहले से कार्यरत शिक्षकों को राहत मिल सके।

### धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों से जवाब तलब

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार समेत कई राज्यों को अपना पक्ष चार सप्ताह के अंदर रखने का मंगलवार को निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने उत्तर प्रदेश के अलावा उत्तराखंड, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और अन्य राज्यों से उनके द्वारा बनाए गए धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक लगाने की याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा। पीठ ने साथ ही, इन कानूनों की वैधता को चुनौती देने वाली उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं को भी अपने पास स्थानांतरित करने का फैसला किया। शीर्ष अदालत ● शेष पेज 11 पर

## मेडिकल स्टोर पर दवाइयों की नयी मूल्य सूची रखनी अनिवार्य : वित्त मंत्रालय

एजेंसी



नयी दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 22 सितंबर से होने वाले बदलावों के मद्देनजर पुराना स्टॉक समाप्त होने तक मेडिकल स्टोरों पर दवाइयों की नयी मूल्य सूची रखनी अनिवार्य होगी।

वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को आम तौर पर पूछे जाने वाले सवालों पर जारी एक स्पष्टीकरण में कहा है कि दवाओं की खेप वापस मंगाने और दोबारा लेबलिंग की जरूरत नहीं है लेकिन फार्मा कंपनियां/विपणन कंपनियां नयी मूल्य सूची जारी करेंगी जो डीलरों और मेडिकल स्टोर चलाने वाले खुदरा दुकानदारों के पास आम लोगों के देखने के लिए उपलब्ध होगी। इस मूल्य सूची की एक प्रति राज्य के ड्रग कंट्रोलर और स्थानीय सरकार को भी उपलब्ध करायी जायेगी। मंत्रालय ने कहा है कि अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) का लेबल दोबारा लगाने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा, यह भी स्पष्ट किया गया है कि जीवन बीमा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पर कोई कर नहीं लगेगा। यदि कोई व्यक्ति अपने साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी स्वास्थ्य बीमा लेता है तो वह भी कर मुक्त होगा। ● शेष पेज 11 पर

## संत कबीर के नाम पर उत्तर प्रदेश में स्थापित होंगे वस्त्र एवं परिधान पार्क: योगी

### निवेश सारथी पोर्टल पर मिले हैं 659 प्रस्ताव, 15,431 करोड़ निवेश और एक लाख से अधिक रोजगार अवसर का अनुमान

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- प्रत्येक पार्क न्यूनतम 50 एकड़ भूमि पर विकसित होगा, सहायक इकाइयों व सीईटीपी की होगी अनिवार्यता युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार सृजन बनेगा योजना का मुख्य लक्ष्य
- प्रदेश से 2023-24 में 3.5 अरब डॉलर का वस्त्र और परिधान निर्यात, देश के कुल निर्यात में 9.6% योगदान
- प्रदेश में वस्त्र क्षेत्र से 22 लाख लोगों को रोजगार, जीडीपी में 1.5 प्रतिशत हिस्सेदारी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र में निजी निवेशकों की बढ़ती रुचि को देखते हुए विभिन्न जिलों में वस्त्र एवं परिधान पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया है।

मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पारंपरिक हथकरघा और वस्त्र उत्पादों की समृद्ध धरोहर वाला राज्य है, जिसकी क्षमता का सही उपयोग होने पर प्रदेश को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी नई पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वस्त्र एवं परिधान का वैश्विक बाजार वर्ष 2030 तक 2.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है और भारत इसमें 8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ सबसे तेज़ी से बढ़ते देशों में है। ऐसे परिदृश्य में उत्तर प्रदेश की भागीदारी इस क्षेत्र में निर्णायक सिद्ध हो सकती है।

योगी ने कहा कि प्रस्तावित योजना को महान संत कबीर के नाम पर समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संत कबीर ने अपने जीवन दर्शन में श्रम, सादगी और आत्मनिर्भरता को सर्वोपरि माना और यही भाव इस योजना का आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस योजना के माध्यम से निवेश, उत्पादन और रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ परंपरा और आधुनिकता का संतुलन स्थापित होगा।

बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार, वर्तमान में उत्तर प्रदेश देश के शीर्ष वस्त्र एवं परिधान निर्यातक राज्यों में शामिल है। वित्त वर्ष 2023-24 में प्रदेश से लगभग 3.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ, जो देश के कुल वस्त्र एवं परिधान निर्यात का लगभग 9.6 प्रतिशत है। इस क्षेत्र का प्रदेश की जीडीपी में 1.5 प्रतिशत योगदान है, जबकि राज्य में प्रत्यक्ष रोजगार पाने वाले लगभग 22 लाख लोग इससे जुड़े हैं। वाराणसी, मऊ, भदोही, मिर्ज़ापुर, सीतापुर, बाराबंकी, गोरखपुर और मेरठ जैसे पारंपरिक क्लस्टरों ने उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय परिधान मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है। अधिकारियों ने बताया कि निवेश सारथी पोर्टल पर अब तक वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र से जुड़े 659 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों के लिए लगभग 1,642 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। कुल निवेश मूल्य 15,431 करोड़ रुपये आंका गया है और इसके फलस्वरूप लगभग 1,01,768 रोजगार अवसर सृजित होने का अनुमान है। प्रत्येक पार्क न्यूनतम 50 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा और इनमें प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना अनिवार्य होगी। साथ ही बटन, ज़िपर, लेबल, पैकेजिंग और वेयरहाउस जैसी सहायक इकाइयों के विकास की भी व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेश प्रस्तावों को शीघ्र गति से क्रियानवित करने हेतु भूमि की पहचान और विकास कार्य को तेज़ किया जाए। उन्होंने कहा कि योजना का क्रियान्वयन सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल अथवा नोडल एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा, ताकि निवेशकों को समयबद्ध और सुगम सुविधाएं ● शेष पेज 11 पर

### पावरलूम को सौर ऊर्ज़ा से जोड़ने का काम किया जाए : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पॉवरलूम बुनकरों की उत्पादन लागत कम करने, आय बढ़ाने और परंपरागत वस्त्र उद्योग को नई मजबूती देने के उद्देश्य से बुनकरों के साथ संवाद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पॉवरलूम को सौर ऊर्ज़ा से जोड़ने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अटल बिहारी वाजपेयी पावरलूम बुनकर फ्लैट रेट योजना के संबंध में आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बुनकर, परिश्रम और परंपरा के प्रतीक हैं। उनके हाथों से बना कपड़ा पूरे विश्व में पहचान रखता है। सरकार बुनकरों की मेहनत का सम्मान करते हुए उन्हें सस्ती बिजली उपलब्ध करा रही है। बुनकरों से संवाद बनाकर उनकी अपेक्षाओं को जानने और समझने की आवश्यकता है। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विभाग द्वारा प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।

# जनता दर्शन में डीएम प्रयागराज से की गयी बैंक आफ बड़ौदा कोरावं शाखा की शिकायत

## डीएम ने मामले की जांच सौपी लीड बैंक मैनेजर को

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरावं, प्रयागराज। कोरावं तहसील क्षेत्र के अल्हवा गाव के निर्वाचित ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ सहजादे जो ग्राम प्रधान के साथ साथ समाज सेवी भी है समाजसेवी ने आरोप लगाते मंगलवार को डीएम प्रयागराज से जनता दर्शन में मिलकर बैंक आफ बड़ौदा शाखा कोराव के विरुद्ध शिकायत की है जिसकी जाँच डीएम ने लीड बैंक मैनेजर को सौपी है समाजसेवी का यह भी आरोप है कि पूर्व में भी जन सुनवाई पोर्टल के जरिये शिकायत की थी कि अल्हवा गाव के मोहन लाल आदिवासी का खाता बैंक आफ बड़ौदा कोराव में खुला है खाता में बीमा भी था शिकायतकर्ता के अनुसार खाता धारक की मृत्यु हो चुकी है उक्त खाता में नामिनी जगदम्बा प्रसाद लड़का है जिसको भुगतान बैंक द्वारा न करके हिला हवाली किया जा रहा इस आशय की शिकायत करने पर यह आख्या लगाया गया कि कोई अभिलेख बैंक शाखा में जमा नही है न्याय न मिलने पर पुनः ग्राम प्रधान/ समाजसेवी ने डीएम प्रयागराज से शिकायत करते हुए भुगतान कराने व बैंक में जाने वाले वरिष्ठ नागरिक व पत्र प्रतिनिधि के साथ ब्यवहार बैंक के मैनेजर कैशियर का सही नही रहता जिस कारण क्षेत्र के खाता धारक अपना खाता बन्द कराने में जुटे है साथ ही बैंक में आयेदिन किसी न किसी काम को लेकर तू तू मैं मैं होता रहता है बैंक की कार्यशैली में क्षेत्र के खाता धारकों में काफी आक्रोश ब्यप्त है देवरी गाव के रहने वाले विमलेश मिश्र का कहना है कि मैनेजर कैशियर सही नही है इनको इस शाखा से हटाया जाए पथरताल गाव के रहने वाले राजा चतुर्वेदी का कहना है कि बैंक में दलालो की चादी है बैंक में काम बिना सुविधा शुल्क का नही हो रहा खाता धारकों की कोई सुनता नही , शहीद आर के तिवारी नगर के रहने वाले अधिवक्ता अभिषेख तिवारी का कहना है कि स्टाफ अच्छी मानशिकता ग्राहकों के प्रति नही है क्षेत्र के सम्मानित लोगो ने क्षेत्रीय प्रबंधक बैंक आफ बड़ौदा का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मैनेजर कैशियर को ट्रांसफर की माँग कर रहे है

## सपा विधायक आत्महत्या प्रकरण : विधायक की पत्नी सीमा बेग को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत

प्रयागराज। सपा विधायक जाहिद बेग के घर में नाबालिग नौकरानी की आत्महत्या के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान विधायक की पत्नी सीमा बेग को बड़ी राहत मिली। कोर्ट ने उनके खिलाफ चल रही मुकदमे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से दो हफ्ते के भीतर इस मामले में जवाब दाखिल करने को कहा है। साथ ही याचिकाकर्ता सीमा बेग को जवाब मिलने के बाद रिजाइंडर दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद तय की है।यह मामला उस आत्महत्या घटना से जुड़ा है जिसमें सपा विधायक जाहिद बेग के घर काम करने वाली एक नाबालिग नौकरानी ने जान दे दी थी। घटना के बाद परिवार पर मुकदमा दर्ज किया गया था जिसकी सुनवाई जारी है।

## राज्यस्तरीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में गोपाल विद्यालय की नौ छात्राओं का चयन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। सोमवार को प्रतापगढ़ स्टेडियम में आयोजित मंडलीय कबड्डी प्रतियोगिता में गोपाल विद्यालय की छात्राओं ने अभूतपूर्व दम दिखाया। बेहतर प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की छात्राओं ने प्रयागराज की ओर से खेलते हुए अंडर 14 और अंडर 17 में विजय श्री हासिल की। अंडर 14 में प्रयागराज की टीम ने प्रतापगढ़ को और अंडर 17 में प्रयागराज की टीम ने फतेहपुर को बड़े अंतर से हराया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण अंडर 14 में गोपाल विद्यालय की पांच छात्राओं अंशिका मिश्रा, आराध्या तिवारी, पुष्पा कुमारी, आकांक्षा पाल एवं रोशनी का चयन तथा अंडर 17 में चार छात्राओं ज्योति बिन्द, लक्ष्मी सिंह, जायरीन बानो एवं प्रियंका सिंह का राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष रूद्र नारायण बाजपेई, प्रधानाचार्य डॉ0 साबिर अली, एवं संपूर्ण गोपाल विद्यालय परिवार ने राज्य स्तर पर चयनित छात्राओं एवं विद्यालय के कोच ऋषिकेश कुमार, अखिलेश पांडेय, आशुतोष सिंह, आदर्श मिश्र एवं अमन पांडेय को बधाई दी है। राज्य स्तर पर चयनित विद्यालय की सभी छात्राएं माह अक्टूबर में अयोध्या में आयोजित राज्य स्तरीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।

### प्रयागराज मंडलायुक्त का तबादला, सौम्या अग्रवाल नई मंडलायुक्त नियुक्त

**प्रयागराज।** राज्य प्रशासन ने प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत का तबादला कर दिया है। उनके स्थान पर अब सौम्या अग्रवाल को प्रयागराज की नई मंडलायुक्त नियुक्त किया गया है।प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, सौम्या अग्रवाल का अनुभव और दक्षता जिले के विकास एवं प्रशासनिक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला माना जा रहा है। उनकी नियुक्ति के साथ ही जिले में प्रशासनिक गतिविधियों और योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन की उम्मीद जताई जा रही है।विजय विश्वास पंत का तबादला अन्य विभाग में किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सौम्या अग्रवाल जल्द ही अपने कर्तव्यों का कार्यभार ग्रहण करेंगी।

### विशेष लोक अदालत के माध्यम से लंबित मामलों का निस्तारण, ऋण वसूली मामलों पर होगा फोकस

**प्रयागराज।** सचिव एवं एडीजे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन दिनांक 27 सितंबर, 10 अक्टूबर और 14 नवंबर 2025 को किया जाएगा।विशेष लोक अदालत के माध्यम से ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डी.आर.टी.) के समक्ष लंबित मामलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य लंबित मामलों के निस्तारण में गति लाना और न्यायिक प्रक्रिया को समयबद्ध बनाना है।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सभी हितधारकों से अपील की है कि निर्धारित तिथियों पर आवश्यक दस्तावेज और जानकारी प्रस्तुत कर अदालत में उपस्थित रहें। यह कदम न्यायिक प्रणाली को सुचारू और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

### 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा ''स्वच्छता ही सेवा'' पखवाड़ा, जिलाधिकारी ने दिलाई शपथ

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में ''स्वच्छता ही सेवा-2025'' पखवाड़े के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ''स्वच्छता ही सेवा'' की शपथ दिलाई और कहा कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान जिलेभर में स्वच्छता से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे।उन्होंने सभी से अपील की कि वे श्रमदान कर अपने घर और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई करें तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्ययोजना के अनुसार सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।इस बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र, अपर नगर आयुक्त, उपजिलाधिकारीगण, एसीपीगण समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

### नगर निगम प्रयागराज में भ्रष्टाचार के आरोप, विकास कार्यों पर उठे सवाल

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज की कार्यप्रणाली पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग रहे हैं। शहर के कई वार्डों में सीवर लाइन, नालियों की मरम्मत, सड़क निर्माण और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएँ अव्यवस्थित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम द्वारा विकास कार्यों के लिए बजट तो पास हो जाता है, लेकिन धरातल पर काम अधूरा छोड़ दिया जाता है या शुरू ही नहीं होता।सूत्रों के अनुसार, नगर निगम के कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से योजनाओं में गड़बड़ी की जा रही है। भुगतान तो कर दिया जाता है लेकिन कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब रहती है। कई वार्डों में कूड़ा निस्तारण केंद्र व डंपिंग प्वाइंट होने के बावजूद नियमित सफाई नहीं होती, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है।नागरिकों का आरोप है कि नगर निगम की लापरवाही और भ्रष्टाचार की वजह से शहर में गंदगी फैल रही है, जलभराव की समस्या बनी हुई है और मूलभूत सुविधाओं के लिए लोग भटक रहे हैं। कई बार शिकायतें दर्ज कराने के बाद भी कार्रवाई नहीं होती। लोगों ने जिला प्रशासन और सरकार से नगर निगम प्रयागराज की कार्यप्रणाली की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### नेत्र चिकित्सालय में गरीब मरीजों के साथ लूट का आरोप

**प्रयागराज ।** जनपद के मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय पर गंभीर आरोप लगे हैं। जानकारी के अनुसार यहाँ फ्री ऑपरेशन कराने आने वाले गरीब मरीजों से डॉक्टर और स्टाफ खुलेआम वसूली कर रहे हैं। मरीजों से बाहर से लेंस, दवाएँ, ग्लव्स, स्पिरिट, कॉटन, ग्लूकोज का पानी, नीडिल, सिलाई का धागा और अन्य सामान मंगवाया जा रहा है। गरीब मरीजों पर यह बोझ किसी अत्याचार से कम नहीं है। सवाल उठ रहा है कि जब ऑपरेशन निशुल्क घोषित है तो इन सामानों की जिम्मेदारी मरीजों पर क्यों डाली जा रही है? लोगों का कहना है कि इस मामले में जिला प्रशासन को तत्काल संज्ञान लेकर निष्पक्ष जाँच और कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

सिविल लाइंस में युवती से छेड़खानी, आरोपी अधेड़ गिरफ्तारप्रयागराज । जनपद के सिविल लाइंस क्षेत्र में युवती से छेड़छाड़ करने वाले एक अधेड़ को स्थानीय लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी पिछले दो महीनों से सोशल मीडिया पर युवती को लगातार फॉलो कर रहा था और परेशान कर रहा था। सोमवार को जब उसने युवती को रास्ते में परेशान किया तो मोहल्ले के लोगों ने तत्काल उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

### प्रयागराज : डॉग बाइट मामलों पर प्रशासन का सख्त फैसला

**प्रयागराज ।** जिले में लगातार बढ़ रहे डॉग बाइट मामलों को देखते हुए प्रशासन ने नई कार्ययोजना बनाई है। अब यदि कोई कुत्ता पहली बार इंसान को काटता है तो उसे 10 दिन तक एबीसी सेंटर में निगरानी में रखा जाएगा। इस अवधि के बाद उस पर माइक्रोचिप लगाकर छोड़ा जाएगा ताकि उसकी पहचान हो सके। लेकिन यदि वही कुत्ता दोबारा किसी को काटता है तो उसे ङउम्रकैदङ्क मिलेगी, यानी जीवनभर एबीसी सेंटर के शेल्टर हाउस में ही रखना होगा। प्रशासन का मानना है कि इस फैसले से लगातार बढ़ रही घटनाओं पर अंकुश लगेगा और लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी।

औद्योगिक थाना क्षेत्र में मिला युवक का शव, कार्यशैली पर उठे सवालप्रयागराज। यमुनानगर के औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत सरस्वती हाइटेक सिटी पाल बस्ती मार्ग के पास एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए लोगों ने थाना प्रभारी विपिन पाल की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में अपराध की घटनाएं दिनों-दिन बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के उद्यमियों की समस्याओं का समाधान और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए।बैठक में आर0एम0 यूपीसीडा से संबंधित प्रकरणों के समय पर निस्तारण हेतु औद्योगिक क्षेत्र नैनी में उद्यमियों के साथ बैठक कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया। निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों को त्वरित गति से निस्तारित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए।साथ ही औद्योगिक आवासीय फूलपुर में औद्योगिक भूमि पर उद्योग विभाग का नाम यथाशीघ्र दर्ज करने हेतु उप जिलाधिकारी फूलपुर को निर्देशित किया गया। बैठक का संचालन सहायक आयुक्त उद्योग उमेश चन्द्र वर्मा ने किया।बैठक में आर0एम0 यूपीसीडा के संतोष कुमार, ए0एल0डी0एम0 के अलोक त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी फूलपुर सहित अन्य विभागीय अधिकारी और उद्यमी उपस्थित रहे। उपायुक्त उद्योग ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित मामलों को समय से निस्तारित किया जाएगा।

## दशहरा एवं दुर्गा पूजा की तैयारियों पर जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में दशहरा एवं दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर पुलिस प्रशासन, विभिन्न विभागों के अधिकारियों और दुर्गापूजा व रामलीला समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, सड़कों की मरम्मत, नालियों की सफाई, पेड़ों की छटाई और स्ट्रीट लाइटों की दुरुस्ती समय से सुनिश्चित कराई जाए। दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु बनाए गए तालाबों की सफाई कर उनमें स्वच्छ जल भरवाने के भी आदेश दिए।उन्होंने लोक निर्माण विभाग, नगर निगम और विद्युत विभाग को विशेष जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि खराब ट्रांसफार्मर बदले जाएं, लटके जर्जर तार व पेड़ों की टहनियां हटाई जाएं तथा सड़कों की मरम्मत तत्काल की जाए। साथ ही, उपजिलाधिकारियों व पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील स्थानों का संयुक्त रूप से भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस और डॉक्टरों की टीम उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, वहीं नगर निगम को छुट्टा पशुओं की रोकथाम के लिए सक्रिय रहने को कहा गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कोई भी गैर-परंपरागत आयोजन नहीं होगा और फोर्स, यातायात व पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी।बैठक में एडीएम प्रशासन पूजा मिश्रा, एडीएम नगर सत्यम मिश्र, अपर नगर आयुक्त, पुलिस अधिकारी और समितियों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खाद बिजली के लिए किसानों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। अन्नदाताओं की समस्याओं को लेकर उनके जख्मों पर मरहम लगाने के लिए किसान नेताओं ने तहसील मुख्यालय कोरांव पर एक दिवसीय प्रदर्शन कर खाद बीज और बिजली की तत्काल व्यवस्था कराए जाने की मांग प्रशासन से की। तहसील मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष लल्लन सिंह पटेल, भारतीय किसान यूनियन प्रयाग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में क्षेत्रीय किसानों के साथ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार चतुर्वेदी उर्फ पिंटू चौबे, राजू चौबे, पूर्व विधायक रामकृपाल कोल, भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष आनंद प्रकाश शुक्ल उर्फ बबलू शुक्ला, भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के ब्लॉक अध्यक्ष रामराज सिंह समेत समाजसेवी के कार्यकर्ता भी शामिल रहे। प्रदर्शन के दौरान किसान नेताओं व किसानों ने जिंदाबाद मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। प्रदर्शन के दौरान दोपहर 1 बजे के करीब उप जिलाधिकारी संदीप तिवारी प्रदर्शन कारियों से वार्ता करने पहुंचे तो प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे नेताओं ने जिला कृषि अधिकारी एवं बिजली विभाग के एसी की मांग पर अणें रहे। उन्होंने कहा कि जब तक जिला स्तरीय अधिकारी प्रदर्शन स्थल पर आकर वार्ता नहीं करेंगे तब तक हम लोग किसी से भी वार्ता नहीं करेंगे। जिससे एसडीएम की वार्ता विफल रही। सायं 3 बजे के करीब एसीपी मेजा एस पी उपाध्याय और एसडीएम संदीप तिवारी, थाना प्रभारी राकेश कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से वार्ता की। उप जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने जिला कृषि अधिकारी से फोन पर वार्ता की और किसानों को आश्वासन दिया कि कल से सभी साधन सहकारी समितियों और प्राइवेट दुकानों पर एक ट्रक खाद प्रतिदिन उतरेगी और किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद का वितरण कराया जाएगा। जिसके बाद किसान मान गए। उप जिलाधिकारी ने किसानों से कहा है कि जिला कृषि अधिकारी एवं बिजली विभाग के एसी को मैं तहसील में किसी दिन बुलवाऊंगा और किसान नेताओं के प्रतिनिधिमंडल के साथ मैं वार्ता कराऊंगा। जो भी समस्याएं होंगी उनका निराकरण कराया जाएगा। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने अपना प्रदर्शन खत्म कर दिया। प्रदर्शन के दौरान भारी संख्या में किसान संगठनों के पदाधिकारी और क्षेत्रीय किसान शामिल रहे। प्रमुख रूप से भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश महासचिव रणधीर सिंह कुशवाहा, प्रदेश सचिव शिवदानी पाल, जिला सचिव मंगलेश सिंह पटेल, युव जिला अध्यक्ष अपूर्व सिंह, युवा जिला सचिव पंकज कुशवाहा, वरिष्ठ तहसील अध्यक्ष चिरंजी लाल सिंह, समाजसेवी अतुल सिंह पटेल, भारतीय किसान यूनियन प्रयाग के प्रदेश अध्यक्ष केके मिश्रा, समाजसेवी विनय सोनकर, ज्ञान शर्मा, जियालाल बिंद, प्रेम नारायण सिंह, फूलचंद एडवोकेट, संत पाल एडवोकेट, गया पाल, रामकृष्ण पाण्डेय, बुद्धि प्रकाश सिंह, मंगला कोल, नचकू राम किसान नेता, केदारनाथ सिंह, हीरालाल सिंह, हरिशंकर सिंह उर्फ नचकऊ, शिवकुमार सिंह एडवोकेट, डॉ मानसिंह, निर्मल सिंह चौहान आदि भारी संख्या में किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

## घायल पुलिसकर्मी से मिले पुलिस आयुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। कमिश्नरेट वाराणसी के कचहरी परिसर में पुलिसकर्मी के साथ हुई मारपीट की घटित घटना में घायल सब इंस्पेक्टर को देखने एवं उसके बेहतर ईलाज के लिए पुलिस आयुक्त श्री मोहित अग्रवाल अस्पताल पहुंचे एवं वहां पर घायल सब इंस्पेक्टर को गम्भीर चोट होने के कारण डाक्टरों से बेहतर इलाज सुनिश्चित कराने की अपेक्षा की। प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर सीसीटीवी के माध्यम से अभियुक्तों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। घायल सब इंस्पेक्टर का इलाज सरकारी खर्च पर कराने व देखभाल हेतु 03 पुलिसकर्मी को नियुक्त करने के भी निर्देश दिए गए एवं सब इंस्पेक्टर के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## विकास प्राधिकरण प्रयागराज में भ्रष्टाचार, महायोजना से जुड़ी गड़बड़ियों से जनता परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। विकास प्राधिकरण प्रयागराज (पीडीए) में भ्रष्टाचार और भेदभावपूर्ण कार्यशैली के आरोप लगातार गहराते जा रहे हैं। महायोजना से संबंधित कार्यों में नियमों का पालन न होने से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पीडीए के जूनियर इंजीनियर और संबंधित अधिकारी मनमाने तरीके से कार्रवाई कर रहे हैं।

शहरवासियों का कहना है कि बिना नक्शा पास किए हजारों मकान खुलेआम बनाए जा रहे हैं। खासतौर पर नैनी स्थित गंगोत्री नगर कॉलोनी में बड़ी संख्या में मकान ऐसे हैं जिनके नक्शे पास नहीं हुए हैं, बावजूद इसके वहां किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं दूसरी ओर जिन लोगों का लेनदेन नहीं हो पाता या अधिकारी को संतुष्ट नहीं कर पाते, उन्हें नोटिस थमा दिया जाता है या उनके मकानों को सील कर दिया जाता है। इससे साफ जाहिर होता है कि कार्रवाई का आधार नियम-कानून नहीं बल्कि वसूली है।

आरोप है कि पीडीए अधिकारियों की मिलीभगत से नक्शा पास किए बिना निर्माण कार्य धड़ल्ले से हो रहे हैं, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। सिर्फ चुनिंदा लोगों को टारगेट करके परेशान किया जा रहा है। शहर के विभिन्न इलाकों में भी यही हाल है, जहाँ लोग मकान बनाने के लिए महीनों दफ्तरों के चक्कर काटते हैं लेकिन बिना रिश्वत दिए उन्हें अनुमति नहीं मिल पाती।स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और सरकार से मांग की है कि प्रयागराज विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके।

### उत्तर मध्य रेलवे में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' का आयोजन

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। इस बार इस पखवाड़े को ङस्वछोत्सवङ्क के रूप में मनाया जाएगा।अभियान की शुरुआत मुख्यालय सहित सभी मंडलों, कारखानों और स्टेशनों पर स्वच्छता शपथ ग्रहण से होगी। पखवाड़े के दौरान संपूर्ण स्वच्छता अभियान, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, वृक्षारोपण, नुक्कड़ नाटक, प्रतियोगिताएं, मैराथन, वेस्ट टू आर्ट, यूथ कैंपेन और जल स्रोतों की सफाई जैसी गतिविधियां आयोजित होंगी।

## अनाथ वृद्ध के सहारा बने समाजसेवी रोहित मिश्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। गोला क्षेत्र के देवलापार गांव में एक निर्धन ब्राह्मण परिवार प्रेम पाठक की पत्नी और बेटे के सिर से पहले पत्नी और अब बेटे का साया उठ गया, जिससे वे अनाथ हो गये। इस दुखद खबर के बाद समाजसेवी रोहित मिश्रा ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए बृद्ध के लिए जरूरी सामान और आर्थिक मदद की।रोहित मिश्रा ने सोमवार देवलापार गांव के अनाथ वृद्ध प्रेम पाठक के घर पहुंच कर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई।, गद्दा, दरी, चादर और कंबल, सीलिंग फैन का सेट प्रदान किया गया। परिवार की आर्थिक तंगी को देखते हुए समाजसेवी ने आर्थिक रुपये की नकद सहायता भी दी। इस मदद से बृद्ध को न केवल तात्कालिक राहत मिली, बल्कि उनके जीवन में कुछ स्थिरता भी आई। *बृद्ध को सहारा बनने का वादा* समाजसेवी रोहित मिश्रा ने अनाथ वृद्ध से वादा किया कि वे उन्हें अपनी परिवार की तरह देखभाल करेंगे और उनके हर सुख-दुख में साथ रहेंगे। उनकी इस संवेदनशील पहल और भरोसे ने बृद्ध को भावनात्मक सांत्वना प्रदान की। समाजसेवी ने कहा, ''ये बृद्ध अब मेरे परिवार के हिस्सा हैं। जब तक मैं जीवित हूं, इनका पूरा ध्यान रखूंगा।'' उनकी इस प्रतिबद्धता ने न केवल अनाथ को बल्कि पूरे गांव में सकारात्मक संदेश दिया। *समाज से मदद की अपील* समाजसेवी रोहित मिश्रा ने क्षेत्र के सभी राजनीतिक दलों के नेताओं और सक्षम लोगों से अपील की कि वे ऐसे बेसहारा और जरूरतमंद लोगो की मदद के लिए आगे आएं। इस मौके पर ,चंदन पाठक, नंगू पाठक , शैलेश पाठक, रांजेन्द्र पाठक, सोना पाठक, पंकज दुबे मौजूद रहे..

# योजनाओं को प्रभावी बनाने के लिए अन्य राज्यों के मॉडल ड्राफ्ट का अनुसरण करेगा यूपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग के लिए और अधिक प्रभावी योजनाएं बनाने को लेकर अन्य राज्यों में चल रही योजनाओं के मॉडल ड्राफ्ट का अनुसरण करने के निर्देश दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने कहा कि वहां पर इन वर्गों के लिए चलाई जा रही योजनाओं एवं सुविधाओं का स्थलीय अध्ययन कर सकारात्मक पहलों को विभागीय योजनाओं में शामिल किया जाएगा। मंगलवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा कि दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग के लिए वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायें। इन कार्यक्रमों के दौरान योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को जिला स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रमाण पत्र और उपकरण वितरित कराया जाये। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से संबद्ध विद्यालयों के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को नई तकनीकों से परिचित कराया जाये तथा उन्हें अन्य संस्थानों का भी भ्रमण कराया जाये ताकि वे आधुनिक पद्धतियों को आत्मसात कर दिव्यांग विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा दे सकें। बैठक के बाद नरेंद्र कश्यप ने बताया कि राज्य सरकार दिव्यांगजन भरण-पोषण अनुदान योजना एवं कुष्ठावस्था पेंशन योजना के माध्यम से दिव्यांगजनों को निरंतर आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने जिलों में मोटराइज्ड साइकिल वितरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस कार्यवाही को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाये।

मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर वितरण की गति को तेज करें। इसके साथ ही, दिव्यांग व्यक्ति प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत विवाह करने वाले दिव्यांग दंपतियों के लंबित आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र युवाओं तक पहुँचे, इसके लिए व्यापक रणनीति तैयार की जाए।

# प्राथमिक शिक्षा संघ में प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने आज राजधानी लखनऊ से बड़ा संदेश देते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। संघ ने साफ कहा कि 29 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए सेवा जारी रखने और पदोन्नति में टीईटी को अनिवार्य बनाना न सिर्फ नियमों के विपरीत है बल्कि यह उन लाखों शिक्षकों के साथ अन्याय भी है जिन्होंने वर्षों तक प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को संभाला है। संघ ने अपने ज्ञापन में विस्तार से बताया कि 27 अगस्त 2009 को लागू हुए निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 23 केवल उसी तिथि और उसके बाद नियुक्त होने वाले शिक्षकों की न्यूनतम अर्हता तय करती है। ऐसे में अधिनियम लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षक इस दायरे में नहीं आते। इसके अलावा भारत सरकार ने 25 अगस्त 2010 को अधिसूचना जारी कर न्यूनतम योग्यता केवल कक्षा 1 से 8 तक नई नियुक्तियों के लिए निर्धारित की थी। इसलिए पुराने शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता थोपना पूरी तरह अनुचित है।

संघ अध्यक्ष सुधांशु मोहन ने कहा कि सरकार को यह समझना चाहिए कि अनुभवी शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं और इन्हें किसी परीक्षा की कसौटी पर कसना न तो तार्किक है और न ही न्यायसंगत। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। कोषाध्यक्ष फहीम बेग ने कहा कि इस निर्णय से लाखों परिवारों का भविष्य खतरे में है, यह केवल परीक्षा का सवाल नहीं बल्कि रोज़गार और अस्तित्व का प्रश्न है। मंत्री वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि सेवा सुरक्षा और पदोन्नति हर शिक्षक का हक है और सरकार को इस अधिकार की रक्षा करनी होगी।

ज्ञापन में शिक्षक संघ ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त किया जाए और उनकी पदोन्नति में किसी प्रकार की बाधा न डाली जाए। लखनऊ से उठी यह आवाज़ अब राष्ट्रीय मुद्दा बन सकती है क्योंकि पूरे देश के लाखों शिक्षक इसी समस्या से जूझ रहे हैं और उनकी निगाहें केंद्र सरकार के फैसले पर टिकी हैं।

# दो नाबालिग छात्राएं रहस्यमय ढंग से लापता

निगोहां, लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता । क्षेत्र के मस्ती पुर स्थित राजकीय हाईस्कूल विद्यालय में पढ़ने वाली दो छात्राएं रहस्यमय हालात में लापता हो गईं। दोनों छात्राएं मंगलवार की सुबह घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकली थीं, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। लापता छात्राओं में विंध्यवासिनी निवासी छबीले खेड़ा दयालपुर और लक्ष्मी निवासी मदाखेड़ा शामिल हैं, जिनकी उम्र लगभग 15 वर्ष बताई जा रही है। परिवारजनों के मुताबिक अन्य बच्चियों ने बताया कि दोनों आखिरी बार मदाखेड़ा मंदिर के पास साथ देखी गईं। वहां उन्होंने तबीयत खराब होने का हवाला देकर घर वापस जाने की बात कही थी, लेकिन उसके बाद से दोनों का सुराग नहीं लग पाया। परिजन व ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की लेकिन छात्राओं का कोई पता नहीं चला। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि छात्राओं की तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। आसपास के गांवों और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही दोनों बच्चियों को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा। छात्राओं के अचानक लापता हो जाने से गांव में दहशत का माहौल है ।

## लखनऊ बार एसोशिएशन की कार्यकारिणी बैठक हुई सम्पन्न

लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता। बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक श्रीमान रमेश प्रसाद तिवारी एडवोकेट अध्यक्ष लखनऊ बार एसोसिएशन लखनऊ की अध्यक्षता एवं श्रीमान बृजभान सिंह भानु एडवोकेट महामंत्री लखनऊ बार एसोसिएशन लखनऊ के संचालन में संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 17.9.2025 को विश्वकर्मा जयंती होने के कारण अधिकांश अधिवक्तागण भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना एवं हवन इत्यादि में व्यस्त रहेंगे जिस कारण समय से न्यायालय पहुंचने में असमर्थ होंगे ऐसी स्थिति में दिनांक 17/9/2025 को किसी भी वाद में अधिवक्ता वादकारी की अनुपस्थिति में एक पक्षीय अथवा विपरीत आदेश न पारित किया जाए।

# ग्रामीण पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोसाईगंज लखनऊ। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश ने ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं और कल्याण के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ग्रामीण पत्रकार सुदूर क्षेत्रों में जनता की समस्याओं को शासन तक पहुंचाने और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कठिन परिस्थितियों में भी ये पत्रकार लोकतंत्र को मजबूत करने में योगदान देते हैं। एसोसिएशन ने शासन से मांग की कि उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर त्वरित निर्णय लिए जाएं। जिला अध्यक्ष आर.एल. पाण्डेय ने बताया कि ज्ञापन में लखनऊ में दारुलशफा या ओसीआर में कार्यालय भवन आवंटन की मांग की गई, ताकि सुदूर जनपदों से आने वाले पत्रकारों को ठहरने और बैठकों की सुविधा मिले। साथ ही, आयुष्मान भारत योजना में जिला सूचना कार्यालय की सूची में शामिल संवाददाताओं को मुफ्त कैशलेस इलाज की सुविधा देने की मांग है। एसोसिएशन ने ग्रामीण पत्रकारों के लिए बीमा योजना और 60 वर्ष से अधिक आयु के पत्रकारों को पेंशन देने की मांग उठाई। पत्रकारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने से पहले जिला पुलिस के राजपत्रित अधिकारी द्वारा जांच को अनिवार्य करने की भी मांग की गई। प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना में मृत पत्रकारों के परिजनों को किसान बीमा योजना की तर्ज पर 5 लाख और मुख्यमंत्री राहत कोष से 20 लाख रुपये की सहायता की मांग की गई। अवैध वसूली करने वाले फर्जी पत्रकारों की पहचान के लिए जिला स्तर पर स्थायी समिति गठित कर कठोर कार्रवाई का सुझाव दिया गया। इस अवसर पर अभिषेक श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत मिश्रा, फुरकान राईन सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



## भारतीय जनता पार्टी की पंचायत चुनाव तैयारी बैठक संपन्न

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संबंधी ब्लॉक स्तरीय बैठक ब्लॉक बख्शी का तालाब में सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री एवं क्षेत्रीय संयोजक पंचायत चुनाव विजय प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी पंचायत चुनाव में संगठन की मजबूती एवं बूथ स्तर तक सक्रियता ही विजय का मार्ग प्रशस्त करेगी।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आभा श्रीवास्तव,जिलामंत्री संदीप यादव,वरिष्ठ नेता सीताकांत वाजपेई,जिला मीडिया प्रभारी विवेक सिंह,ब्लॉक संयोजक राजू कश्यप,मंडल अध्यक्ष संदीप यादव,राजेंद्र लोधी,कुलदीप सिंह सहित अपेक्षित कार्यकर्ता मौजूद रहे।बैठक में चुनावी रणनीति,संगठन की भूमिका तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।वक्ताओं ने सभी कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाने का आह्वान किया।

## त्रिस्तरीय चुनावों के मद्देनजर ब्लॉक सभागार में भाजपा की बैठक संपन्न



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आज के खंड विकास कार्यालय परिसर के सभागार में भाजपा की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2026 के निमित बैठक आयोजित का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष पूर्व चेयरमैन बीकेटी अरुण सिंह (गप्पू) पूर्व मौजूद रहे।इस कार्यक्रम में आने वाले समय में होने वाले चुनावों के संबंध चर्चा की गई।उपस्थित लोगों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भाजपा लखनऊ गोकरण नाथ वर्मा, ब्लाक प्रमुख गोसाईगंज विनय वर्मा (डिम्पल), जिला मंत्री ज्ञानवती रावत , भाजपा मंडल महा मंत्री डी डी त्रिपाठी,पूर्व जिला कोषाध्यक्ष दीपचंद वर्मा , पूर्व जिला उपाध्यक्ष अभिषेक रावत ,विधान सभा संयोजक शंभूनाथ पांडे ,यशस्वी मण्डल अध्यक्ष अमेठी पंकज नयन, महामंत्री गोसाई गंज दिनेश साहू ,पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा शिव कुमार रावत , गया प्रधान,प्रणवीर सिंह ,वरिष्ठ नेता भाजपा आलोक महाजन ,जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा ब्लॉक सयोजक पंचायत चुनाव वीरेंद्र रावत ,महामंत्री पिछड़ा मोर्चा राजेश वर्मा ,अजय रावत ,मण्डल अध्यक्ष गोसाई गंज अनुसूचित जाति मोर्चा रामदीन रावत ,राम जी विश्वकर्मा, मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा संगम लाल बाबा व अन्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लोहे के पोल में करंट से एक भैंस की मौत, दूसरी घायल

**बीकेटी,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीकेटी के अकोहरी में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है।जहां बिजली के लोहे के पोल में करंट उतर आने से किसान की दो भैंस करंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलसी गईं।जिसमें से एक की मौक़े पर ही मौत हो गई।बीकेटी थाना अंतर्गत अकोहरी निवासी शिवलाल पाल पुत्र गजराज पाल ने बताया कि मंगलवार दोपहर बाद मामपुर अंडरपास के पास पांचू पाल पुत्र राम प्रसाद पाल के साथ अपने जानवर चरा रहा था तभी लगभग चार बजे 440 वोल्टेज के हाईटेंशन लाइन के लोहे के पोल में विद्युत प्रवाह के कारण मेरे दोनों लोगों की भैंस करंट की चपेट में गई जिसमें मेरी भैंस की मौक़े पर मौत हो गई तथा पांचू की भैंस करंट से झुलस गई जिसका ईलाज चल रहा है।उन्होंने इस घटना की बीकेटी थाना पर तहरीर देते हुए नियमानुसार कार्यवाही की मांग किया है।

## बैंक अधिकारी संघ ने आयोजित की श्रद्धांजलि सभा

# अत्यधिक दवाब एवं गलत जीवन शैली युवाओं में बीमारियाँ बढ़ने का मुख्या कारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। हज़रतगंज मुख्य चौराहा स्थित इंडियन बैंक परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजन किया गया। साथ सभी शाखाओं व दफ्तरों में दो मिनट का मौन रखकर हाल में ही दिवंगत हुए युवा साथियों को श्रधांजलि दी गयी।

इंडियन बैंक में 40 साल से कम 3 अधिकारियों की हृदयाघात से मृत्यु हो गयी इस विषय पर इंडियन बैंक अधिकारी संघ उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के महासचिव व अखिल भारतीय अध्यक्ष राम नाथ शुक्ला ने पत्रकारों को बताया कि इस प्रकार की घटनाएँ अब बैंकिंग जगत में बहुत बढ़ गयी हैं। बैंकिंग कार्य मानसिक दवाब बढ़ने वाला कार्य है एवं अत्यधिक दवाब एवं गलत जीवन शैली युवाओं में बीमारियाँ बढ़ने का मुख्या कारण है। उन्होंने युवाओं को खान पान में संयम बरतने एवं अनुकूल जीवन शैली की और जाने को कहा, श्री शुक्ला ने समय पर जांच करवाने व किसी विषम स्थिति में तुरंत डॉक्टर की सलाह लेने का भी आवाहन किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य धन सर्वोपरि है अतः इस धन का संचय करें व इस पर सबसे अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने बताया कि अभी भी कई साथी जंच करवाने में कोताही बरतते हैं एवं दफ्तर का दवाब घर लेकर जाते हैं जिसकी वजह से ये घटनाएँ लगातार हो रही हैं। उन्होंने साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि दफ्तर का कार्य घर लेकर मत जाएँ। जब घर में रहें तब पूर्ण रूप से घर के कार्य को वरीयता दें। दफ्तर का दवाब घर लेकर जायेंगे तो कोई भी कार्य अच्छे से संपन्न नहीं हो पायेगा एवं इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न होगी। इस अवसर पर यूपी एवं उत्तराखंड के लगभग 5000 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने दिवागत साथियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

# दो चोरों को माल समेत दबोचा, भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ । थाना क्षेत्र के अब्बास नगर में बीते रविवार की रात हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए नगराम पुलिस ने मंगलवार को दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है । पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जांच के दौरान छतौनी स्थित शिवनंदन इंटर कॉलेज के पास से दोनों को दबोचा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अहमदपुर आजम अली मजरा शाह मोहम्मद पुर अपैया (बबैया) नगराम निवासी संजय उर्फ बबलू और अहमदपुर मजरा शाह मोहम्मदपुर अपैया नगराम निवासी सतीश कुमार के रूप में हुई। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने चोरी की घटना में एक टीम गठित किया था जिसमें थाना में पदस्थ सब इंस्पेक्टर अनुज भाटी , दरोगा चन्द्र बहादुर यादव, हेड कांस्टेबल राकेश मिश्रा, कांस्टेबल नीलेश व संजय कुमार ने उनके पास से चोरी गया कीमती सामान बरामद किया, एक माला जिसमें तीन ठप्पे, एक सोने की अंगूठी, एक जोड़ी सोने के झुमके, एक चाँदी की करधनी, एक जोड़ी पायल और एक हजार रुपये खर्च करने की बात कबूली है। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम गठित की गई थी। मुखबिर की मदद से दो दिन में ही दोनों चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनके आपराधिक इतिहास की भी पड़ताल की जा रही है।

# विधायक ने 90 छात्र-छात्राओं को टैबलेट किया वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ। बख्शी का तालाब नगुवामऊ कलां स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक में मंगलवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के विधायक योगेश शुक्ला ने टैबलेट का वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस मौक़े पर विधायक ने कहा कि छात्रों के लिए जो विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना सरकार चला रही है वह उनके शिक्षा में काफ़ी सहायक प्रदान हो रही है,क्योंकि पहले पुस्तकों की मदद लेनी पड़ती थी लेकिन अगर किसी पृष्ठ का उत्तर नही मिलता था तो जिज्ञासा रहती थी कैसे यह हाल होगा लेकिन यह टैबलेट अब आपकी तकनीकी ज्ञान को पूरा करेगी और अब आपके सारे सवालों का उत्तर भी आसानी से मिल जायेगा।इस मौक़े पर विधायक ने केंद्र और प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं का ज़िक्र करते हुए कहा कि सरकार हर तबके का ध्यान रखते हुए योजनाएं चला रही है वो चाहें आप आयुष्मान योजना की बात कर ले या प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य दर्जनों ऐसी योजनाएं है जिनका लाभ सभी पात्र लोगों को मिल रहा है,पिछली सरकारों में बिजली कनेक्शन मध्यम से लेकर निचले स्तर के लोगों को नही मिल पाता था,अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काटते काटते लोग थक जाते थे,लेकिन अब की मोदी सरकार और योगी जी की सरकार उन गरीबों को निशुल्क में बिजली कनेक्शन देने का काम कर रही है।विधायक ने इस मौके पर लगभग 90 छात्र- छात्राओं को निशुल्क टैबलेट वितरित कर छात्रों के हित में चल रही सरकार की योजनाओं तथा बदलते भारत में उनके योगदान के बारे में वृहद रूप से चर्चा की एवं सभी को संबोधित कर विद्यार्थियों को खूब मन लगाकर पढ़ने की सीख के साथ सभी के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया।इस मौके पर प्रधानाचार्य डाक्टर समीर सौरव ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना पॉलिटेक्निक के इन सभी छात्रों की शिक्षा में काफी सहायक प्रदान होगी,इसके माध्यम से छात्र-छात्राएं तकनीकी रूप से सक्षम हो सकेंगे एवं अपने तकनीकी ज्ञान का प्रयोग कर नए-नए आयामों को प्राप्त कर सकेंगे।इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर समीर सौरव,एडमिशन सेल प्रभारी रमेश चंद्र सहाय, मनीष चौबे,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिनेश वर्मा,पूर्व मंडल अध्यक्ष बीकेटी गौरव सिंह चौहान,अधिवक्ता अनुज सिंह चौहान,सांसद प्रतिनिधि गुड्डू वर्मा,प्रधान अस्ती विष्णु,रोज़गार सेवक शिव मूर्ति वर्मा, अभिषेक पांडे,ओम प्रकाश सहित सभी शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गौकशी मुकदमे में दुबग्गा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# दो आरोपी गिरफ्तार, एक पहले ही मुठभेड़ में पकड़ा जा चुका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। दुबग्गा पुलिस ने गौकशी के चर्चित मुकदमे में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के पश्चिमी जोन के तहत की गई इस कार्रवाई में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीमों ने देर रात दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा।

थाना दुबग्गा क्षेत्र में 12 सितम्बर को दर्ज मामले में वादी नन्हके ने तहरीर दी थी कि अज्ञात लोगों ने एक सांड को काटकर मार दिया। इस आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 0385/2025 धारा 3/8 गोवध निवारण अधिनियम पंजीकृत किया गया। विवेचना में हरदोई और लखनऊ निवासी कई आरोपियों के नाम सामने आए। बीती रात उ.नि. अभिषेक कुमार पांडेय व उनकी टीम ने हरदोई रोड टोल टैक्स के पास से इस्तियाक पुत्र अब्बास (25) को गिरफ्तार किया। वहीं दूसरी टीम ने उ.नि. बृजपाल सिंह के नेतृत्व में बाजनगर, हरदोई रोड से रियासत पुत्र मचलू (32) को दबोच लिया। दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। गौरतलब है कि इसी मुकदमे में शामिल आरोपी वसीम पुत्र रहीश को 15 सितम्बर की रात पुलिस मुठभेड़ के दौरान ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी रियासत का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ थाना मलिहाबाद और रहिमाबाद में गौकशी व गिरोहबन्द समाज निवारण अधिनियम समेत कई मुकदमे दर्ज हैं।

# ग्राम पंचायत काकोरी में भ्रष्टाचार की परतें खुलीं!

**मनरेगा से लेकर नल-रिबोर तक गड़बड़ी, सचिव और कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत काकोरी में भ्रष्टाचार का पिटारा लगातार खुल रहा है। एक ओर जहां मनरेगा के कार्यों में फर्जीवाड़े और धन उगाही की शिकायतें सामने आई हैं, वहीं दूसरी ओर नल मरम्मत, रिबोर और प्रशासनिक व्यय में गड़बड़ी के गंभीर आरोप भी दस्तावेज़ों में दर्ज हैं।

### मनरेगा मेंअनियमितता का खुलासा

शिकायतकर्ता रवि प्रकाश सिंह द्वारा दर्ज कराए गए शिकायती पत्र के आधार पर खण्ड विकास अधिकारी ने पत्रांक-2014/शिलि./जांच आख्या/2025-26 (दिनांक 20 अगस्त 2025) के जरिए तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की थी। मस्टर रोल में महिला श्रमिकों के नाम पर पुरुष मजदूर और पंचायत मित्र/सहायक की फोटो अपलोड की गईं। पंचायत मित्र (संजय कुमार वर्मा) और पंचायत सहायक (संजय कुमार) खुद कार्यस्थल पर दिखाई दिए, जबकि इन्हें सचिवालय में उपस्थित रहना चाहिए था। मजदूरों और हितग्राहियों से धन की उगाही के आरोप। ग्राम प्रधान, पंचायत मित्र और पंचायत सहायक की मिलीभगत से योजनाबद्ध भ्रष्टाचार। इन सभी बिंदुओं पर जवाब देने के लिए तीन दिन का समय दिया गया, मगर अब तक कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण उपलब्ध नहीं कराया गया।

### जांच में रोड़े

बीडीओ द्वारा बार-बार निर्देश देने के बावजूद पंचायत सचिव और तात्कालिक सचिव ने आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए। इससे जांच अधर में लटक गई है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर बीडीओ के आदेश की खुलेआम अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई होगी या नहीं।

### नल और रिबोर कार्य में भी गड़बड़ी

इसी बीच, खण्ड विकास अधिकारी द्वारा जारी एक और पत्र (पत्रांक-2281/शिकायत/अभिलेख/2025-26 दिनांक 09 सितंबर 2025) ने पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार की नई परत खोल दी है। वर्ष 2021-22 से अब तक नल की मरम्मत और रिबोर कार्य में अनियमितता। प्रशासनिक व्यय में गड़बड़ी और कार्य के सापेक्ष अधिक धनराशि की एम.बी. (मेज़रमेंट बुक) तैयार। बिना सचिवालय संचालित किए धनराशि के गबन का आरोप। इस मामले में भी बीडीओ ने तीन दिन के भीतर अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि जांच आगे बढ़ सके।

### मनरेगा में मस्टर रोल से लेकर फोटो तक फर्जीवाड़ा

पंचायत सहायक और मित्र पर धन उगाही के आरोप। नल-रिबोर और प्रशासनिक व्यय में गड़बड़ी, एम.बी. में धांधली। सचिव और कर्मचारियों ने जांच टीम को अभिलेख नहीं दिए। डीएम को दोबारा सौंपा गया शपथ पत्र, कार्यवाही की मांग तेज।

### डीएम तक पहुंची गुहार

शिकायतकर्ता ने पूर्व में जिलाधिकारी को भी शपथ पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। अब 15 सितंबर को तीन सेटों में पुनः शपथ पत्र सौंपते हुए जांच कराए जाने की गुहार लगाई है।

## जिले के सभी ब्लाकों में भाजपा की कार्यशाला आयोजित

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में जिले के सभी 19 ब्लॉकों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कार्यशालाएं आयोजित की गई भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा महोली पिसावा व खैराबाद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर ब्लॉक की कार्यशालाओ की अध्यक्षता की गई। महोली में आयोजित कार्यशाला में पार्टी पदाधिकारियो क़ो संबोधित करते हुए आगामी चुनाव में पार्टी की जीत की रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने पदाधिकारियो से मतदाता सूची के पुनिरीक्षण व लोगों को पार्टी के विजन से जोड़ने के कार्य को निर्देशानुसार करने का आवाहन किया। साथ ही आवश्यक विषयों की तैयारी बैठक भी जिला अध्यक्ष व पदाधिकारियों के साथ की गई।।सभी 19 ब्लॉकों में भाजपा द्वारा कार्यशाला आयोजित की गईइस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष / विधानसभा प्रवासी महोली नैमिष रत्न तिवारी , पूर्व जिला उपाध्यक्ष / पिसावां संयोजक राहुल जायसवाल ब्लॉक प्रमुख पिसावां मिथिलेश मंडल अध्यक्ष पिसावां शिव प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अभिषेक मिश्रा, युवा मोर्चा महामंत्री तरुण मिश्रा सम्मानित मंडल अध्यक्ष बड़ागांव रजनीश श्रीवास्तव ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा सहित पंचायत चुनाव के सम्मानित संयोजक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## आखिर क्यों एस. एस. कॉन्टैक्टर और सचिव का दिखाई पड़ता है काफी तालमेल




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कसमंडा,कमलापुर। विकासखंड कसमंडा के अंतर्गत पंचायत सचिव अभय प्रताप दीपक की प्रभारी ग्राम पंचायतों में अपनी चहेती फर्म एस एस कॉन्टैक्टर पर लाखों का भुगतान लगाकर सरकारी धन का बंदर बांट किया जा रहा है। ऑनलाइन पोर्टल पर बिना कार्य स्पष्टीकरण के लाखों के भुगतान देखे जा सकते हैं। ग्राम पंचायत भंडिया में एस एस कॉन्टैक्टर पर 26 जुलाई 2025 को 95930 एवं 7 अगस्त 2025 को 139241 का भुगतान किया गया है। ऐसे अनेक भुगतानों में भारी अनियमितता साबित हो रही है।सूत्रों के अनुसार टेंडर प्रक्रिया में भी भारी अनियमितता बरती जा रही है। सूत्रों का दावा है। सचिव साहब आए दिन अपने कार्य क्षेत्र से गायब रहते हैं। जब कोई भी फरियादी विकासखंड पहुंचता है। तो कार्यालय पर ताला लगा होता है। या फिर सचिव का अधीनस्थ कार्य करता है। उक्त साहब की प्रभारी पंचायतों में हुए भुगतान का यदि उच्चाधिकारियों द्वारा जिम्मेदारी से निरीक्षण किया जाए तो सचिव और ठेकेदार के बीच सरकारी धन का बड़ा बंदरबांट साबित होगा।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आज शहर में लगेगा विशेषज्ञ चिकित्सकों का मेला

**सभी प्रकार की जांचें, परामर्श हुआ उपचार की मिलेगी सुविधा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सम्पूर्ण जनपद में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जायेगा, जिसके अर्न्तगत 17 सितम्बर दिन बुधवार को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय नवीन परिसर लखीमपुर में वृहद् स्वास्थ्य मेले का आयोजन होगा। स्वास्थ्य मेले में विशेषज्ञ टीम द्वारा जांच, परार्मश व इलाज उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त जानकारी सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा दी गई। साथ ही उन्होनें बताया कि शहर में स्थित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के नवीन परिसर में आयोजित इस स्वास्थ्य मेले में प्रधानमंत्री जी द्वारा दिये गये मूल मंत्र स्वस्थ जीवन शैली अपनाये परिवार को स्वस्थ बनायें के आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देगें। स्वास्थ्य मेले में फिजीशियन, सर्जन, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डेन्टल सर्जन, मानसिक रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ (आर्थोपेडिक), नेत्र रोग विशेषज्ञ व आयुष चिकित्सक आदि मौजूद रहेगें। स्वास्थ्य मेले में आने वाले लोगो को रोगों से बचाव, पोषण, मासिक धर्म स्वच्छता, स्वस्थ जीवन शैली के सम्बन्ध में काउंसलिंग उपलब्ध करायी जायेगी। इसके साथ ही मधुमेह, रक्तचाप व कैंसर की जांच एवं उपचार की सुविधा भी मिलेगी। टीबी मरीजों की पहचान हेतु निश्चय शिविर भी लगाया जाएगा, जिसमें निश्चय मित्र बनाए जाएंगे। स्वास्थ्य मेले में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति से अनुरोध है कि अपना आधार कार्ड पंजीकरण हेतु अवश्य साथ में लाये, यदि आयुष्मान कार्ड या आभा आई डी उपलब्ध है तो इसे भी साथ में अवश्य लेकर आये ताकि शिविर में मिल रही स्वास्थ्य सेवाएं त्वरित गति से मिल सके। निजी क्षेत्रो की भागीदारी हेतु जिलाधिकारी महोदया के स्तर से आईएमए, पम्पा व रेड क्रास आदि संगठनो से सहयोग की अपील के साथ ही विभिन्न विभागो को भी सहयोग हेतु निर्देशित किया गया है।

**निरोगी काया काउंटर पर मिलेगी यह सेवायें**

स्वास्थ्य मेले में निरोगी काया काउंटर भी लगाया जायेगा, जिसमें स्वस्थ जीवन शैली, योगा, खान-पान, मासिक धर्म, दैनिक दिनचर्या, नियमित व्यायाम आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जायेगी।

**आप भी कर सकते है रक्तदान**

रक्तदान महादान के संकल्प को सार्थक करते हुए आप भी स्वास्थ्य मेले में पहुंच कर स्वैच्छिक रक्तदान कर सकते है। सीएमओ डा संतोष गुप्ता लोगो से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें। जिससे भविष्य में कई जिन्दगियों को बचाया जा सकेगा। विशेषज्ञ चिकित्सक सीएचसी पर भी लगाएगें कैम्प-अभियान के अर्न्तगत 17 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा चिकित्सकीय सेवाओ के साथ एक दिवसीय वृहद् कैम्प भी लगाया जायेगा साथ ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व आयुष्मान आरोग्य मंदिरो में भी समस्त चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध करायी जायेंगी।

**कब और कहा लगेंगे कैम्प**

18 सितम्बर को सीएचसी बाकेगंज, 19 सितम्बर को सीएचसी बेहजम, 20 सितम्बर को सीएचसी बिजुआ, 22 सितम्बर को सीएचसी धौरहरा, 23 सितम्बर को सीएचसी गोला, 24 सितम्बर को सीएचसी खमरिया व फूलबेहड़, 25 सितम्बर को सीएचसी पसगंवा व रमियाबेहड़, 26 सितम्बर को सीएचसी मोहम्मदी व फरधान, 27 सितम्बर को सीएचसी नकहा व मितौली, 29 सितम्बर को सीएचसी निघासन व 30 को सीएचसी पलिया में कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

# जिले के सभी ब्लाकों में भाजपा की कार्यशाला आयोजित

**पदाधिकारियों से मतदाता सूची के पुनिरीक्षण व लोगों को पार्टी के विजन से जोड़ने के कार्य को निर्देशानुसार करने का आवाहन किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में जिले के सभी 19 ब्लॉकों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कार्यशालाएं आयोजित की गई भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा महोली पिसावा व खैराबाद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर ब्लॉक की कार्यशालाओ की अध्यक्षता की गई।

महोली में आयोजित कार्यशाला में पार्टी पदाधिकारियो क़ो संबोधित करते हुए आगामी चुनाव में पार्टी की जीत की रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने पदाधिकारियों से मतदाता सूची के पुनिरीक्षण व लोगों को पार्टी के विजन से जोड़ने के कार्य को निर्देशानुसार करने का आवाहन किया। साथ ही आवश्यक विषयों की तैयारी बैठक भी जिला अध्यक्ष व पदाधिकारियों के साथ की गई।।सभी 19 ब्लॉकों में भाजपा द्वारा कार्यशाला आयोजित की गईइस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष / विधानसभा प्रवासी महोली नैमिष रत्न तिवारी , पूर्व जिला उपाध्यक्ष / पिसावां संयोजक राहुल जायसवाल ब्लॉक प्रमुख पिसावां मिथिलेश मंडल अध्यक्ष पिसावां शिव प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अभिषेक मिश्रा, युवा मोर्चा महामंत्री तरुण मिश्रा सम्मानित मंडल अध्यक्ष बड़ागांव रजनीश श्रीवास्तव ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा सहित पंचायत चुनाव के सम्मानित संयोजक ,सह संयोजक एवं वार्डो के संयोजक सह संयोजक उपस्थित रहे।

# सभासदों के विरोध पर लखीमपुर में दशहरा मेले की टेंडरिंग व्यवस्था रद्द

**नगर पालिका ने मेले के लिए टेंडर जारी किए थे, लेकिन सभासदों ने आरोप लगाया कि इस व्यवस्था से मेला महंगा और आम जनता की पहुंच से दूर हो जाएगा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । नगर पालिका द्वारा दशहरा मेले की टेंडरिंग व्यवस्था लागू करने का निर्णय अंततः निरस्त कर दिया गया। सभासदों के कड़े विरोध और आपत्तियों के बाद नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. हीरा श्रीवास्तव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी आधिकारिक घोषणा की।

नगर पालिका ने मेले के लिए टेंडर जारी किए थे, लेकिन सभासदों ने आरोप लगाया कि इस व्यवस्था से मेला महंगा और आम जनता की पहुंच से दूर हो जाएगा। उनका कहना था कि दशहरा मेला वर्षों से पारंपरिक तरीके से आयोजित होता आया है और वही स्वरूप बरकरार रहना चाहिए।कई सभासदों ने इस मुद्दे पर बैठक की और संयुक्त रूप से प्रेस के सामने विरोध दर्ज कराया। बढ़ते दबाव और जनभावनाओं को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि अब मेला पहले की भांति पारंपरिक तरीके से ही आयोजित होगा।अध्यक्ष ने यह भी कहा कि टेंडर व्यवस्था पारदर्शिता और नगर पालिका को वित्तीय लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लाई गई थी, लेकिन जनप्रतिनिधियों की आपत्तियों और जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इसे वापस लेना पड़ा।अब दशहरा मेला पूरी तरह नगर पालिका के अधिकार क्षेत्र में आयोजित होगा और मेले की सभी व्यवस्थाएं सीधे नगर पालिका ही देखेगी।

# समाज कल्याण मंत्री ने जनजातीय छात्राओं को वितरित की 78 साईकिल

**मंत्री ने छात्रावास के अतिरिक्त भवन का किया उद्घाटन, थारू हस्तशिल्प उत्पादन एवं विक्रय केंद्र का भ्रमण किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। प्रदेश सरकार सामाजिक, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को विभिन्न जनोपयोगी योजनाओं से जोड़ने का काम कर रही है. ये बातें समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने मंगलवार को मेधावी जनजातीय छात्राओं के साईकिल वितरण कार्यक्रम में कहीं. इस मौके पर मंत्री श्री असीम अरुण ने 78 जनजातीय छात्राओं को साईकिल प्रदान किया. साईकिल पाकर छात्राओं और उनके परिजनों के चेहरे खिल उठे. समाज कल्याण मंत्री ने आश्रम पद्दति विद्यालय में नवनिर्मित छात्रावास के अतिरिक्त भवन का मंगलवार को उद्घाटन किया. इस मौके पर उन्होंने वाशरूम और गलियारे में लगाई गयी टाईल्स की गुणवत्ता पर नाराज़गी जताया. उन्होंने मौके पर मौजूद सिडको के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द इन टाईल्स को बदला जाये. मंत्री श्री असीम अरुण ने मंगलवार को थारू हस्तशिल्प उत्पादन एवं विक्रय केंद्र का भ्रमण किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए होम स्टे की योजना लेकर आई है. इसका सीधा लाभ जनजातीय समुदाय को भी मिलेगा. इससे न सिर्फ रोजगार के अवसर मिलेंगे बल्कि जनजातीय उत्पादों को भी वैश्विक मंच पर बढ़ावा मिलेगा. इस मौके पर जनजातीय समुदाय की महिलाओं ने मंत्री श्री असीम अरुण को हांथ से बनी दरी, चटाई और मूंज से बने उत्पादों को दिखाया।

## खैराबाद की बिटिया ने किया नाम रोशन, देव भूमि उत्तराखंड में हुई सम्मानित



सीतापुर। खैराबाद वापस आने पर खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया सम्मानित ।खैराबाद सीतापुर माखूपुर निवासी नरेश चंद्र जायसवाल की पुत्री कोमल जायसवाल को देव भूमि उत्तराखंड में योग रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। जिससे खैराबाद वासियो में खुशी नजर आयी।उस मौके पर खैराबाद नगरपालिका कार्यालय में अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए कहां की आज हमारे देश में बेटियां समाज में बराबरी का सहयोग दे रही है ।हमारे कस्बे की इस बिटिया ने हम सभी का नाम रोशन किया है हम सब अपनी इस बिटिया के लिए कामना करते है कि हमारी ये बेटी आगे देश में भी हमारे कस्बे का नाम रोशन करेगी।इस अवसर पर खैराबाद के सम्मानिति नगरवासी व सभासद गण मौजूद रहे।

## खीरी के लाल ने किया सूरत मे जिले का नाम रोशन

लखीमपुर खीरी। भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष रहे दीपक पुरी के पुत्र अभय पुरी की फ़ोटो का चयन नेशनल फोटोशूट गैलरी ''सूरत-गुजरात'' मे चयन हुआ,जिसमे देश के 10 हजार से अधिक फ़ोटोग्राफरो ने हिस्सा लिया था, देश के मात्र 50 फोटोग्राफरों की फोटो का चयन नेशनल गैलरी एग्जीबिशन 2025 के लिए किया गया,जिसका शुभारंभ 18-21 सितंबर2025 को सूरत गुजरात मे होगा जिसमें देश विदेश के नामी फोटोग्राफर सोनी कैमरे के लिए ब्रांड एम्बेसडर का चयन करेंगे और गैलरी की फोटो को अंतराष्ट्रीय फ़ोटो गैलरी में प्रदर्शित करेंगे,अभय को इस सफलता के लिए लोग फोन पर व निवास पर जा शुभकामनाएं दे रहे हैं पिता दीपक पूरी ने कहा क्योकि इस जगह पहुँचने के लिए लोग अपने जीवन के कई वर्ष लगा देते है पर अभय के इस सफलता के लिए वो बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे है।

## पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के केंद्रीय कार्यालय पर बैठक



गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के केंद्रीय कार्यालय पर आज एक आवश्यक बैठक हुई महामंत्री विनोद राय पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के उपस्थिति में आज कर्मचारी और पदाधिकारी ने बताया की कॉलोनी की दशा खराब हो गई है तमाम जगह पानी भर जा रहा है कमरों में यहां तक रेलवे स्टेशन से सी एम ई ऑफिस तक के नाले जाम हो गए हैं सभी दफ्तरों में पानी घुस जा रहा है नालों की सफाई नहीं हो रही है सभी नाले जाम हो गए हैं कई बार पत्राचार भी किया गया लेकिन अभी इस पर कोई अमल नहीं किया गया कॉलोनी में सबके घरों में पानी भर जा रहा है लोग परेशान हो गए हैं उनके परिवार के लोग रोजाना बारिश के समय में 4 से 5 घंटे सफाई करना पड़ रहा है फिर दूसरे दिन पानी भरा जा रहा है एक तो ऊपर से पानी कमरों में आता है और नीचे से नालों के पानी भर जाते हैं और रोड की स्थिति खराब हो गई है बिजली कटौती तीन-तीन चार-चार घंटे हो रही है कर्मचारियों की परेशानी को देखने वाला और समझने वाला इस समय कोई नहीं है केवल रेलवे का आउट टर्न और कार्य होना चाहिए चाहे कर्मचारी और उनके परिवार के लोग कितना भी परेशान रहे इस पर प्रशासन को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है कर्मचारी अगर अपनी आवाज को उठाना चाहता है बताना चाहता है तो प्रशासन के लोग उनको परेशान कर रहे हैं और कुछ लोग द्वेष भावना से प्रताड़ित करवाने का काम कर रहे हैं और कुछ लोगों को सुविधा इस तरह से मुहैया कराया जा रहा है कि प्रशासन उनको आंख मूंद करके बिना नियम के सुविधा दे रहा है पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री और सहायक महामंत्री एनएफआईआर नई दिल्ली ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि कर्मचारियों की समस्याओं को देखें और कर्मचारियों को दंडित करने का काम बंद करें महामंत्री ने बताया कि सारी बातों को महाप्रबंधक के समक्ष प्रूफ के साथ अवगत कराया जाएगा बार-बार प्रशासन के समक्ष अवगत कराने पर कर्मचारी समस्या दूर नहीं हो रही है इस पर रेलवे बोर्ड और फ़ेडरेशन के महामंत्री को भी बताया जाएगा बैठक में दीपक चौधरी फिरोजूल भाई संजीव धर अवध बिहारी पांडे अनिल दुबे मुकेश लक्ष्मी श्रीवास्तव कुलदीप मनी ईश्वर चंद्र विद्यासागर सतीश श्रीवास्तव शमशाद भाई देवेश सिंह अनिल गौतम अखिलेश तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का जबरदस्त प्रदर्शन, पीएम को भेजा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले मंगलवार को पूरे प्रदेश में लाखों शिक्षकों ने एकजुट होकर सरकार के फैसले के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पहले से कार्यरत शिक्षकों पर अचानक टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) अनिवार्य करने के आदेश ने शिक्षकों में गहरी नाराज़गी पैदा कर दी है।लखीमपुर में जिलाध्यक्ष संजीव त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षक कलेक्ट्रेट पहुंचे और जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।शिक्षकों का कहना है कि वर्षों की सेवा के बाद इस तरह की शर्त थोपना न केवल अन्यायपूर्ण और तुगलकी फरमान है बल्कि हजारों शिक्षकों के भविष्य को संकट में डालने वाला है। उनका तर्क है कि जब नियुक्ति नियमों के तहत पहले ही चयन और प्रशिक्षण की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, तो बाद में नई परीक्षा थोपना सेवा शर्तों का उल्लंघन है।विरोध प्रदर्शन में शामिल शिक्षकों ने साफ चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द अपनी नीति में संशोधन नहीं किया तो यह आंदोलन प्रदेशव्यापी जनआंदोलन का रूप ले लेगा। उन्होंने कहा कि वे शिक्षा की गुणवत्ता के पक्षधर हैं, लेकिन उनके ऊपर दोबारा पात्रता परीक्षा थोपना शिक्षक समाज का अपमान है।इस मौके पर जिलाध्यक्ष संजीव त्रिपाठी ने कहा ऽ ल्लसरकार यदि अपने फैसले पर अड़ी रही तो शिक्षक वर्ग सड़क से सदन तक आंदोलन करने को मजबूर होगा।ङ्ककलेक्ट्रेट पर हुए इस प्रदर्शन में महिला शिक्षिकाओं की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। चारों ओर गूंज रहे नारों ने प्रशासन और सरकार दोनों को शिक्षकों की एकजुटता का संदेश दिया।

# दुर्घटना क्लेम के नाम पर युवक हुआ ठगी का शिकार

**पीड़ित से युवक ने नकद व 1,0,7000 रुपये ठगे**

**पैसे मांगने पर दे रहा जान से मारने की धमकी व गंदी-गंदी गालिया पैस**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संसारपुर खीरी। मैलानी थाना क्षेत्र के युवक को दुर्घटना क्लेम के नाम पर लाखों की ठगी का शिकार बनाया गया और शंका उत्पन्न होने पर पीड़ित द्वारा पैसे वापस मांगने पर भद्दी-भद्दी गालियों से नवाजा गया और जान से मारने की धमकी भी दी गयी। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मैलानी क्षेत्र के दूलीपुर निवासी रामसनेही पुत्र रामभरोसे को क्लेम दिलवाने के नाम पर ग्राम मनहरिया ब्लॉक बिजुआ थाना भीरा निवासी राजू उर्फ़ मुनीश कुमार पुत्र मूलचंद ने बारी-बारी से नकद व अलग-अलग खातों मे ऑनलाइन ट्रांसेक्शन के द्वारा पैसा मंगवाया जोकि कुल मिलाकर एक लाख सात हजार हुआ, जब पीड़ित युवक पर धोखाधड़ी और शंका उत्पन्न हुई तो पीड़ित ने पैसा देने से मना कर दिया और अपने दिये हुए पैसे वापस मांगे।पीड़ित द्वारा पैसे वापस मांगने पर बौखलाये युवक ने पीड़ित को भद्दी-भद्दी गालियां दी और फोन के माध्यम से जान से भी मारने की धमकी दी जिसके ऑडियो साक्ष्य व दिये हुए पैसों के रसीदे पूर्णतया सुरक्षित है।पीड़ित ने बताया की 01/07/2025 को गोला मोहम्दी बाईपास पर मुझको कार ने टक्कर मार दी थी जिससे मेरा पैर टूट गया था,कार की टक्कर लगने से मुझको कार का रजिस्ट्रेशन नंबर सही से दिख नही पाया और कार सवार वाहन लेकर फरार हों गया,जिसके बाद पीड़ित ने अपना इलाज कराने के उपरांत घर वापस आ गया।

**क्लेम के नाम पर की गयी ठगी**

पीड़ित ने बताया कि घर वापस आने के कुछ दिन बाद दूलीपुर गांव के उधन पुत्र हीरालाल का रिस्तेदार राजू उर्फ़ मुनीस कुमार पुत्र मूलचंद जोकि मनहरिया थाना भीरा की निवासी है मेरे पास आया और बोला कि आपको मै वाहन दुर्घटना मे प्रयुक्त गाड़ी का नंबर ढूंढ कर ला दूंगा और आपका क्लेम करवा कर पैसे निकलवा दूंगा जिसके लिए आपको कुछ पैसा खर्च करना होगा,पीड़ित युवक की बात सुनकर राजी हों गया और युवक द्वारा मांगने पर पीड़ित ने मौके पर नकद 1500 रुपये दे दिये और जिसके बाद युवक लगातार पीड़ित से फोन कर के बहाने से पैसे मंगवाता रहा जोकि कुल 1,0,7000 रुपये हो गया था।

**खेत गिरवी रख कर व ब्याज से लाकर दिये पैसे**

पीड़ित ने बताया कि वह राजू को खेत गिरवी डाल कर व ब्याज पर पैसे लाकर देता रहा किन्तु राजू द्वारा न ही गाड़ी का नंबर दिया गया और न ही क्लेम का कोई पैसा दिया गया।

**जान से मारने की मिल रही धमकियां**

जिससे पीड़ित को शंका उत्पन्न हूई और युवक से उसको दिये हुए 1,0,7000 रुपये वापस मांगे,पैसे वापस मांगने पर युवक ने गंदी-गंदी गालियां दी और जान से भी मारने की धमकी दी और कहा तुम्हे जो करना है कर लो मै पैसे वापस नही दूंगा, सांसद,विधायक,और अधिकारी मेरी जेब मे रहते है, तुम मेरा कुछ नही कर पाओगे। युवक ने धमकियों से परेशान होकर भीरा थाने मे जाकर तहरीर दी किन्तु पीड़ित की तहरीर पर कोई कार्यवाही नही की गयी, जिसके बाद पीड़ित ने जिलाधिकारी खीरी,पुलिस अधीक्षक खीरी व आई जी आर एस के माध्यम से शिकायत की।

**प्रशासन से मांग**

पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि उसकी दी गयी तहरीर पर कार्यवाही की जाये और युवक को दिया हुआ पैसा वापस दिलवाया जाये जिससे पीड़ित अपना इलाज समय से करवा सके।

# तहसील प्रशासन से परेशान होकर टावर पर चढ़ा पूर्व सभासद

**पीड़ित पूर्व सभासद खरीदी हुई जमीन का दाखिल खारिज निरस्त किए जाने व निजी जमीन पर बाउंड्रीवाल का निर्माण रोके जाने से वह नाराज थे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। तहसील प्रशासन से परेशान बिसौली नगर पालिका के पूर्व सभासद विजय बाबू टावर पर चढ़ गए। उनकी खरीदी हुई जमीन का दाखिल खारिज निरस्त किए जाने व निजी जमीन पर बाउंड्रीवाल का निर्माण रोके जाने से वह नाराज थे। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद उसको अधिकारियों ने न्याय का भरोसा देकर उतारा जा सका।

बिसौली कस्बा के पूर्व सभासद विजय बाबू कोरी ने वजीरगंज कस्बे में हतरा रोड पर करीब चार साल पहले छह बीघा जमीन खरीदी थी। बैनामा के बाद उसका दाखिल खारिज भी तहसील से कराया गया। लेकिन जब वह अपनी जमीन पर नींव भरने गया तो सहखातेदारों ने उसका निर्माण कार्य रुकवा दिया। इसके बाद से मामला विवादित हो गया। चार साल में कई आदेश हुए और खारिज हुए लेकिन उसको न्याय नहीं मिल सका। हद तो उस समय हो गई जब उसका दाखिल खारिज ही तहसील प्रशासन ने निरस्त कर दिया गया। तारीख पर तारीख मिलने लगी। विपक्षी ने सत्ताधारी लोगों का साथ लिया तो विजय की कोई अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हुआ। सोमवार को उसकी तारीख थी। फिर भी सुनवाई नहीं हुई और तहसीलदार कोर्ट अगली तारीख 23 सितंबर लगा दी है। इससे परेशान होकर वह बैंक ऑफ बड़ौदा के पास लगे टॉवर पर चढ़ गए। उन्होंने टॉवर पर चढ़कर आत्महत्या की धमकी दी। कुछ देर बार तहसील प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। युवक से नीचे उतरने को कहा गया। उसने कहा कि उसे न्याय नहीं मिला, इसलिए वह आत्महत्या कर लेगा। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद जब एसडीएम राशि कृष्णा व सीओ सुनील कुमार सिंह ने उसको न्याय दिलाने का भरोसा दिया तो वह करीब पांच बजे टावर से उतर आए। एसडीएम व सीओ उनको अपने साथ लेकर तहसील पहुंचे, जहां उनकी बात को सुनी गई। डीएम से लेकर मुख्यमंत्री तक की शिकायत, नहीं हुई सुनवाई वहीं विजय बाबू ने बताया कि उसने डीएम से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। अगर न्याय नहीं मिलता है तो वह अपनी जीवन लीला समाप्त करने को मजबूर होगा। उसका आरोप है कि वजीरगंज कस्बे में उनकी खरीदी गई जमीन पर एक पूर्व ब्लॉक प्रमुख निर्माण रुकवा रहे हैं। उन्होंने कुछ प्रभावशाली लोगों की सह पर वजीरंगज पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि निजी जमीन पर निर्माण रोकना पुलिस के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है फिर भी वह ऐसा करते हैं। बताया कि तहसील और न्यायालय से उनके पक्ष में आदेश भी हैं, फिर भी उन्हें चार साल से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने 11 अगस्त को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से भी शिकायत की थी। विजय बाबू ने कहा कि न्याय मिलने तक वे आंदोलन करते रहेंगे। थाने ले जाने की कोशिश पर भीड़ से हुई झड़प टावर से उतरने के बाद युवक को पुलिस कोतवाली ले जाने लगी। उसके बद मौके पर जमा भीड़ और पुलिस में झड़प हो गई। पुलिस बैकफुट पर आ गई और युवक को एसडीएम अपने साथ तहसील ले गईं।टीम गठित, जांच के बाद दिलाया जाएगा न्याय एसडीएम राशि कृष्णा ने पूरे मामले की जांच करने को टीम गठित की है। उन्होंने बताया जांच के बाद जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित को न्याय दिलाया जाएगा।

सीओ सहसवान करनवीर सिंह के मुताबिक पीड़ित को हर हाल में मिलेगा न्यायट्रेनिंग के कारण मै लखनऊ में हूं। टॉवर पर चढ़ने का मामला उनके संज्ञान में है। उसको क्या दिक्कत रही पहुंचने के बाद ही पता किया जाएगा। तहसील प्रशासन से अगर कोई दिक्कत है तो मामले की जांच कराके तत्काल न्याय दिलाया जाएगा। - विजय कुमार शुक्ला, तहसीलदार, सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचा था। टावर से युवक को उतरवाकर एसडीएम के साथ भेज दिया गया। तहसील स्तर से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## शराब की कंपोजिट दुकान के ताले तोड़कर दो लाख और 15 बोतल शराब चोरी

बदायूं। बदायूं-मथुरा हाइवे पर स्थित शराब की कंपोजिट दुकान का शटर के ताले तोड़कर चोर करीब दो लाख की नकदी समेत शराब की बोतलें चोरी करके ले गए। बरेली निवासी राजेश कुमार शर्मा की गुनौरा वाजिदपुर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के सामने शराब की दुकान है। दुकान पर उझानी के गांव बुर्राफरीदपुर निवासी चरन सिंह और गौतम सेल्समैन हैं। रविवार रात वह दुकान बंद करके चले गए। रात में किसी समय चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने अंदर लगी ग्रिल का ताला तोड़ने की भी कोशिश की लेकिन उसमें सफल नहीं हुए। इसके बाद उन्होंने कुंडा ही उखाड़ लिया और अंदर घुसकर दुकान में रखा करीब दो लाख नगद चुरा लिया। इसके अलावा शराब की 15 बोतलें भी चोरी कर लीं। सोमवार सुबह लोगों ने शटर का ताला टूटा देखा तो राजेश शर्मा को सूचना दी। वह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों सेल्समैन से पूछताछ की और उनको हिरासत में ले लिया। एसएसपी बदायूं डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। सेल्समैनों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## मुंबई के मंच पर अर्पिता ने ग्रैंड फिनाले में बिखेरा डांस का जलवा

**बदायूं।** विजय नगर कालोनी की रहने वाली अर्पिता कश्यप ने अपने हुनर से बदायूं जिले का नाम देशभर में चमका दिया है। मुंबई में आयोजित चर्चित टीवी शो इंडिया डांस पावर सीजन-2 में उन्होंने शानदार प्रस्तुति देकर ग्रैंड फिनाले तक का सफर तय किया। यह शो हर रविवार को 9ब्द्ध चैनल पर प्रसारित हुआ और 14 सितंबर को इसके भव्य समापन समारोह का आयोजन हुआ। ग्रैंड फिनाले में बॉलिवुड के प्रसिद्ध डांसर और कोरियोग्राफर मास्टर मर्जी बतौर जज शामिल हुए। अर्पिता ने अपनी दमदार प्रस्तुति और लाजवाब डांस मूव्स से जजों व दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्रैंड फिनाले में बड़ा शो 14 सितंबर को पूरे देश में दिखाया गया। शो से लौटने के बाद जब अर्पिता कश्यप बदायूं पहुंचीं तो उनका भव्य स्वागत किया गया। नृत्य आर्ट स्टूडियो में ढोल-नगाड़ों के बीच लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। स्काउट संस्था के पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि अर्पिता ने साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। हर चुनौती को स्वीकारा और आगे बढ़ी। अब वह जिले की प्रतिभाशाली बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सभासद मनोज कश्यप ने अर्पिता का तिलक व माला पहनाकर स्वागत किया और कहा कि अर्पिता जैसी प्रतिभाएं ही बदायूं को नई पहचान दिला रही हैं। हमें उन पर गर्व है। श्री मां दुर्गा पूजा महोत्सव युवा समिति के संयोजक मुकेश वैश्य ने कहा कि अर्पिता की इस उपलब्धि के पीछे उनका कड़ा परिश्रम और परिवार का आशीर्वाद है। समिति की ओर से उन्हें शुभकामनाएं और भरपूर सहयोग मिलता रहेगा।

## दो दिन बाद फिर आएगी गंगा में बाढ़

**अनूपशहर।** पहाड़ी क्षेत्रों में बरसात होने से बिजनौर बैराज से 1.70 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। गुरुवार को जाह्नवी प्लेटफार्म पर पानी आने की संभावना बनी। मंगलवार को जाह्नवी प्लेटफार्म पर प्रसाद आदि सामान बेचने वाले दुकानदारों द्वारा पानी की ट्रॉली लगाकर बरसात के दौरान गंगा बाढ़ में बहकर आया सिल्ट साफ किया है। किंतु सिंचाई विभाग के एसडीओ अंकित कुमार सिंह ने बताया है, कि पहाड़ी क्षेत्रों में दोबारा बरसात के कारण मंगलवार को बिजनौर बैराज से 1.70 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जो गुरुवार तक अनूपशहर पहुंच जाएगा। जिससे जाह्नवी प्लेटफार्म पर दोबारा पानी ऊपर आ जाएगा। दुकानदारों द्वारा की गई मेहनत पर पानी फिर जाएगा। एसडीएम प्रियंका गोयल ने बताया है कि संभावित बाढ़ दोबारा आने को ध्यान में रखते हुए गंगा किनारे बसे गांव में लेखपाल के माध्यम से लोगों को सतर्क किया गया है।

## खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण10 सितम्बर से

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत माह सितम्बर, 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण 10 सितम्बर 2025 से 25 सितम्बर 2025 के मध्य एवं अन्त्योदय कार्ड (लाल कार्ड) पर त्रैमास माह जुलाई, अगस्त व सितम्बर 2025 के सापेक्ष चीनी का वितरण भी इन्हीं तिथियों में करने की जांच 15 सितंबर 2025 को जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह द्वारा नगर पंचायत, कुन्दरकी के 03 उचित दर विक्रेताओं क्रमशः श्री सलीम खान, मो. कायस्थान, श्री इकबाल अहमद, मो. नूरूल्ला व मो. नासिर उर्फ राहिल, मो. नूरुल्ला के खाद्यान्न वितरण एवं चीनी वितरण की जांच की गयी, जांच के समय मौके पर उपस्थित अन्त्योदय कार्ड (लाल कार्ड) पर चीनी वितरित होने के सम्बद्ध में जानकारी करने पर अन्त्योदय कार्डधारकों (लाल कार्ड) से 03 किलो चीनी प्रति कार्ड प्राप्त होने के बारे में जानकारी दी। नगर पंचायत, बिलारी के 01 (एक) उचित दर विक्रेता मो. सलीम, उचित दर विक्रेता की उचित दर दुकान पर साइन बोर्ड, रेट बोर्ड आदि सूचना प्रदर्शित होना नहीं पाया गया, दुकान पर पर्यवेक्षक अधिकारी / जिला शिकायत निवारण अधिकारी का नाम व मोबाइल नम्बर भी नहीं अंकित था। जिसके लिए विक्रेता के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए उसकी समस्त जमा प्रतिभूति 10 हजार रुपए शासन के पक्ष में जब्त की गई।

## किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**अनूपशहर।** भारतीय किसान यूनियन (कर्मठ) कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजकर समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने की मांग की। भाकियू कार्यकर्ताओं ने मासिक पंचायत निरीक्षण भवन पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कांति प्रसाद शर्मा की मौजूदगी में आयोजित की। पंचायत के बाद भाकियू कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अखिलेश यादव को देते हुए बताया कि गन्ने का मूल्य 600 रुपए प्रति क्विंटल करने, गन्ना ले जाने वाले मार्ग को दुरुस्त करने, किसानों को समय पर यूरिया खाद उपलब्ध कराने, स्मार्ट विद्युत मीटर शहर में न लगाने, खुशहालगढ़ चौराहे पर परशुराम चौक बनवाकर भगवान परशुराम की प्रतिमा लगाने की मांग की। नायब तहसीलदार अखिलेश यादव ने समस्याओं का निराकरण कराने के लिए ज्ञापन को मुख्यमंत्री कार्यालय भेजने का आश्वासन दिया। इस मौके विजय कुमार शर्मा, अजयकांत शर्मा, सुनील सिंह, चौ. राम सिंह, सतीश चंद्र शर्मा, चौ. राजकुमार सिंह, देवेंद्र, राजवीर सिंह, जलदेवी आदि किसान मौजूद रहे।

## डीपीबीएस कालेज में हिंदी दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**अनूपशहर।** डीपीबीएस कालेज में हिंदी दिवस पर ''मीट ए क्रिएटिव राइटर एंड नो अबाउट क्रिएटिविटी'' विषय पर गोष्ठी आयोजित की।मंगलवार को डीपीबीएस कालेज के हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ. आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि ''मीट ए क्रिएटिव राइटर एंड नो अबाउट क्रिएटिविटी'' विषय पर गोष्ठी आयोजित की। जिसमें मेरठ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के सुप्रसिद्ध उपन्यासकार एवं प्रो. विकास शर्मा मुख्य अतिथि रहे। प्रो. विकास शर्मा ने सरकार द्वारा मातृभाषा के प्रति प्रेम पैदा करने की सराहना करते हुए अपने पहले उपन्यास राह के पत्थर के बारे में विस्तार से बताया। अब तक वह तेरह उपन्यास लिख चुके हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं क्रिएटिव राइटर बनने के हुनर दिये। विद्यार्थियों ने शर्मा से विभिन्न प्रश्नों के बारे में जबाव सवाल किए। प्राचार्य प्रो. जी के सिंह ने बाबा नागार्जुन की ''अकाल और उसके बाद शीर्षक कालजयी कविता का उदाहरण देते हुए क्रिएटिविटी को परिभाषित किया। इस मौके पर प्रो. पी के त्यागी, प्रोफ़ेसर चंद्रावती, प्रो. ऋषि कुमार अग्रवाल, यजुवेंद्र कुमार, प्रो. सीमांत कुमार दुबे, डा. तरुण श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## एमआईटी रामगंगा विहार में वृहद रोजगार मेले का आयोजन 25 सितम्बर को

**मुरादाबाद।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जिला समन्वयक, कौशल विकास मिशन, राजकीय महिला पॉलीटेक्निक एवं एमआईटी द्वारा एमआईटी रामगंगा विहार के परिसर में दिनांक 25 सितम्बर 2025 को प्रातः 10:00 बजे से एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों पर भर्ती के लिए स्थानीय/बाहरी निजी क्षेत्र की लगभग 45 कम्पनियों को आमंत्रित किया गया है। किसी भी ट्रेड में आईटीआई/डिप्लोमा प्रमाण/हाईस्कूल/इण्टर/स्नातक/परास्नातक/एएनएम/जीएनएमएवं बीएससी नर्सिंग आदि योग्यताधारक अभ्यर्थी अपना सम्पूर्ण बायोडाटा दो प्रतियों में (हस्तलिखित अथवा टंकित), शैक्षिक प्रमाण पत्र छायाप्रति दो सेट में एवं दो रंगीन फोटो सहित रोजगार मेले में बने पंजीयन काउण्टरों पर उपस्थिति दर्ज कराते हुए रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। मेले में सम्मिलित होने के लिए सेवायोजन विभाग की वेबसाइट न्धद्धद्दथथन्पथद्बद्दथद्व.फ्.द्दधफ.द्बद्व पर बेरोजगार अभ्यर्थी अपना पंजीकरण ऑनलाइन कर सकते है। अभ्यर्थी पंजीयन के उपरान्त अपने पंजीकृत मोबाइल नम्बर एवं पासवर्ड का प्रयोग कर मुरादाबाद जनपद में आयोजित रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा अपलोड रिक्तियों का विवरण देखकर ऑनलाइन आवेदन कर सम्मिलित हो सकते है।

# युवक जहर खाकर पहुंचा डीएम कार्यालय बोला साहब झूठे मुकदमे में फंसाया है मुझे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। उधैती थाना क्षेत्र के गांव छिबऊकला निवासी जितेश ने मंगलवार को डीएम कार्यालय परिसर में विषाक्त पदार्थ खा लिया। युवक का कहना की उसके खिलाफ रेप और पॉस्को में फर्जी मुकदमा लिखा गया है। भाजपा के एक मंत्री के दबाव में पुलिस गिरफ्तारी का दबाव बना रही है। जिससे परेशान होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया।उसके स्वजन का कहना है कि उसके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें भाजपा के मंत्री ने लड़की पक्ष की ओर से सिफारिश की थी। दुष्कर्म के आरोपित ने डीएम कार्यालय में जहरीला पदार्थ खा लिया। अंकित ने बताया कि चार दिन पहले एक लड़की ने उसके भाई जीतेश के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जबकि जीतेश के स्वजनों का कहना है। उस लड़की का जो वीडियो सामने आया है। उसमें लड़की ने जीतेश का नाम ही नहीं लिया था। उसने अपनी बहन से झगड़ा होना बताया था। इसी वजह से उसने विषाक्त पदार्थ भी खा लिया था, लेकिन लड़की की मां ने जबरन युवक के खिलाफ दुष्कर्म की प्राथमिकी भी दर्ज करा दी। मंगलवार को वह शिकायत लेकर डीएम कार्यालय पहुंचा। आरोप है कि परिसर में ही उसने विषाक्त खा लिया और सीधे डीएम के पास जाकर बोला 'साहब, गांव के लोगों ने मुझे झूठे मुकदमे में फंसा दिया है। मैं न्याय चाहता हूं। इतना कहकर वह वहीं गिर पड़ा। कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने तत्काल उसे संभाला और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी अस्पताल पहुच गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं एसएसपी ने बताया की जितेश के खिलाफ रेप और पास्को एक्ट के तहत उधैती थाने में मुकदमा दर्ज है। जिसकी तलाश लगातार की जा रही थी। पुलिस टीम संभावित स्थानों पर दबिश दे रही थी। आज सूचना मिली कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। हालांकि उसकी स्थिति में सुधार है बाकी जांच चल रही है। वहीं जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉक्टर एसएम कमल का कहना है कि जितेश इमरजेंसी में भर्ती है उसकी पल्स रेट चेक की गई फिलहाल पेशेंट की हालत में सुधार है।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिव्यांगजन विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की हुई समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में दिव्यांगजन विभाग कार्यों एवं योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पाण्डेय के द्वारा विगत बैठक के बिंदुओं के विषय में क्या कार्रवाई की गई है उसके विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम नगर पालिका, नगर पंचायत तथा ग्राम पंचायत से आने वाली दिव्यांगजन सर्वे रिपोर्ट के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि शीघ्र ही शत प्रतिशत सर्वे किया जाए। पोर्टल पर लंबित मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल निस्तारण, सीएसआर एवं दिव्याशा केंद्र पर चर्चा की गई एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आगामी सम्भल कल्कि महोत्सव में दिव्यांग बच्चों के कार्यक्रम पर प्लानिंग करने के निर्देश दिए। दिव्यांगों को ऋण तथा सीएम युवा उद्यमी योजना से दिव्यांगों को जोड़ने के संबंध में भी चर्चा की गई एवं एलडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि दिव्यांग जनों को बैंकों से ऋण दिलाये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सुगम्य परिवहन पर चर्चा करते हुए बसों में सीट आरक्षित कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को सुगम्य बनाने को लेकर भी संबंधित को निर्देशित किया। दिव्यांग पेंशन, आधार सीडिंग, फैमिली आईडी, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना, दिव्यांगजन आजीविका पंजीकरण, दिव्यांग रोजगार मेला, दिव्यांग खेल आदि पर चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट डिप्टी कलक्टर निधि पटेल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# आधी रात में पुलिस ने दी दबिश डरकर खेत में भागे ग्रामीण की मौत

**परिजनों ने लगाया पीटने का आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। थाना बिनावर क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार रात वांछित आरोपियों की तलाश में गांव सेमरमई में दबिश दी। इससे डरकर भागे एक ग्रामीण की मौत हो गई। मंगलवार सुबह उसका शव खेत में पड़ा मिला। बदायूं के थाना बिनावर क्षेत्र के गांव सेमरमई में सोमवार की रात पुलिस की दबिश के दौरान एक ग्रामीण की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, रात करीब 12 बजे बिनावर थाना पुलिस की टीम ने पशु तस्करी के मामले में वांछित आरोपियों की तलाश में गांव सेमरमई दबिश दी। इस दौरान गांव निवासी शाकिर अली अपने घर के बाहर झोपड़ी के पास चारपाई पर लेटे हुए थे। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने गाली-गलौज कर उन्हें उठाया, जिससे घबराए शाकिर अली चारपाई से उठकर झोपड़ी के पीछे धान के खेत की ओर भाग गए। परिजनों का कहना है कि रात में उन्हें लगा पुलिस शाकिर अली को थाने ले गई है। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे जब तलाश की गई तो उनका शव धान के खेत में पड़ा मिला। परिजनों ने पुलिस पर पीटने का आरोप लगाया है। शाकिर की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। घरों में तोड़फोड़ करने का आरोप ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने गांव में कई घरों में तोड़फोड़ की। कई लोगों के साथ मारपीट भी की। पुलिस ने मौके से दो युवकों को हिरासत में लिया और थाने ले गई। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है। एसएसपी डॉ बृजेश सिंह का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है।

# हिंदी दिवस पर किया गया काव्य गोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते हुए डॉ शुभ्रा माहेश्वरी ने कहा मां शारदे कलम को मेरी तलवार कर दे, नवचेतना की मां इसमें धार भर दे।।चले सत्यता के लिए सदा , कलम में मेरी ऐसा संचार कर दें**

बदायूं। आचमन एवं उत्तर प्रदेश साहित्य सभा बदायूं इकाई द्वारा हिन्दी दिवस पर डॉ सर्वेश अस्थाना की विशिष्ट उपस्थिति में रचनाकार सम्मिलन एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन डॉ0 सोनरुपा विशाल के आवास ''नमन'' पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लखनऊ से पधारे हास्य व्यंग्य के सुप्रसिद्ध कवि डॉ.सर्वेश अस्थाना द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित किया गया एवं समस्त अतिथियों द्वारा पुष्पार्पण किया गया।

सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते हुए डॉ शुभ्रा माहेश्वरी ने कहा मां शारदे कलम को मेरी तलवार कर दे, नवचेतना की मां इसमें धार भर दे।।चले सत्यता के लिए सदा , कलम में मेरी ऐसा संचार कर दे। कवि कुमार आशीष इक उम्र अपनी गुजार कर यह समझ में आया सवाल क्या है। मुहब्बतों की गजल में आखिर जमीन क्या है ख्याल क्या है। हास्य व्यंग्य के कवि प्रवीण अग्रवाल 'नादान' ने कहा -क्या हमने कभी सोचा है ये मन में। किया ही क्या है अपने जीवन में। गज़लकार भारत शर्मा राज ने कहा- सौ सौ रंग पहन लो तन पे। सारे फैशन खत्म कफन पे। उपदेश शंखधार ने अपने अंदाज में कहा - धन्य है इसकी सरसता धन्य है इसकी सरलता, जानते ही हैं सभी है हिन्द का श्रृंगार हिन्दी। अखिलेश ठाकुर ने वीर रस की कविता पढ़ते हुए कहा - शत्रु तोप के समक्ष वक्ष को अढ़ाने वाले वीर जवानी ढूंढते नहीं। विपाशा ढूढते हैं झांसी वाली रानी ढूढते हैं नहीं। डॉ अक्षत अशेष ने जोश के साथ कहा - गीत दो आज वातावरण के लिए एक आवाज दोजो जागरण के लिए भूमिका और अध्याय है सब वही कुछ तो बदलो नये संस्करण के लिए। ममता ठाकुर ने कहा धर्मवीर भारती ने सूरज का सांतवा घोड़ा दौड़ाया। भगवतीचरण वर्मा ने हिन्दी को चित्रलिखित सा बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सर्व श्री नरेन्द्र गरल ने कहा - आशा थी परिणाम न आये। पथ में कहीं विराम न आये हिन्दी ने उपकार किया है हम हिन्दी के काम न आये। हास्य व्यंग्य के सशक्त हस्ताक्षर सर्वेश अस्थाना ने कहा -रिश्तों में तकरार बहुत है लेकिन इनमें प्यार बहुत है सारी दुनिया खुश रखने कोबस अपना परिवार बहुत है। कार्यक्रम का संचालन श्रीदत्त शर्मा ने किया। अंत में डॉ सोनरुपा विशाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंजुल शंखधार, डॉ अक्षत अशेष,डॉ निशि अवस्थी,अंजलि शर्मा, डॉ ममता नौगरैया,शारदा बबेजा, ममता ठाकुर, सुषमा भट्टाचार्य,मधु शर्मा ,नितिन , भारतेन्दु, डॉ कमला माहेश्वरी, रवीन्द्र मोहन सक्सेना आदि की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सक्रियता दी।

# जिलाधिकारी ने गठित की तीन दिवसीय अधिकारियों की जांच समिति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पहचान छिपाकर अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध शिकायत करने वाले गिरोहों पर कार्यवाही को लेकर डीएम हुए सख्त**

**कूटरचित तरीके से शिकायतें भेजने और अनुचित लाभ का दबाव बनाने वाले गिरोहों पर लगेगा एनएसए, गैंगस्टर और गुंडा एक्ट**

**ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के सभी डाकघरों को सीसीटीवी से लैस करने के निर्देश**

**मुरादाबाद।** जनपद में तैनात अधिकारियों के विरुद्ध शिकायतकर्ता अपनी पहचान सार्वजनिक किए बिना ही निजी, निराधार और व्यक्तिगत शिकायतें देकर अब दबाव नहीं बना सकेंगे।जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने बिना साक्ष्य, बिना नाम/पता के निजी, व्यक्तिगत तथा निराधार शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता/ गिरोहों की जांच करने के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चंद्र के नेतृत्व में 03 अधिकारियों की जांच समिति गठित की है।इस जांच समिति में अपर जिलाधिकारी प्रशासन के साथ ही पुलिस अधीक्षक (अपराध शाखा) और उपाधीक्षक मुख्य डाकघर को भी शामिल किया गया है।जिलाधिकारी द्वारा गठित इस जांच समिति के अधिकारियों की अपर जिलाधिकारी प्रशासन कार्यालय में बैठक आयोजित हुई।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में तैनात अधिकारियों के विरुद्ध निराधार और व्यक्तिगत शिकायतें करके उनपर अनुचित दबाव बनाने का प्रयास किया जाता है जिसके परिणाम स्वरूप अधिकारियों के समक्ष शासकीय कार्य करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। ऐसे कार्य किसी संगठित गिरोह द्वारा किए जाने की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता, इसलिए जांच समिति द्वारा ऐसे शिकायतकर्ताओं/गिरोहों को चिन्हित करके उनके कृत्यों की जांच होगी और दोषी पाए जाने पर गिरोह के लोगों के विरुद्ध एनएसए, गैंगस्टर और गुंडाएक्ट के अंतर्गत कार्रवाई होगी।जनपद के शहर, कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित डाकघरों के माध्यम से विगत तीन महीने में जो भी साधारण डाक से बिना नाम और पता के बल्क में केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार के अधिकारियों को संबोधित करते हुए डाक भेजी गई हैं उन्हें भेजने वालों का नाम, पता एवं अन्य विवरण संबंधित डाकघर से प्राप्त किया जाएगा। इसके साथ ही ऐसी डाक जो दूसरे व्यक्ति का नाम और पता लिखकर भेज दी जाती हैं उन व्यक्तियों की पहचान डाकघरों में स्थापित सीसीटीवी कैमरे से कराई जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में जिन डाकघरों में सीसीटीवी नहीं लगे हैं वहां डाक विभाग द्वारा तत्काल सीसीटीवी लगवाए जाएं।डाकघरों के माध्यम से केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार के अधिकारियों एवं अन्य संस्थानों में बल्क में डाक रजिस्ट्री भेजने वाले व्यक्तियों का पहचान पत्र अथवा आधार कार्ड लेकर रिकॉर्ड व्यवस्थित होगा तथा रिकॉर्ड व्यवस्थित करने के दौरान सहयोग न करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में डाकघर प्रबंधन द्वारा समिति को विशेष रूप से जानकारी देनी होगी।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों से भी उन लोगों की जानकारी जुटाई जाएगी जो लोग अधिकारी अथवा कर्मचारियों के विरुद्ध बिना नाम,पता लिखे फर्जी शिकायत करके दबाव बनाकर अनुचित मांग करते हैं।

# उपाम द्वारा पुनरीक्षण की प्रक्रियाओं के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम) लखनऊ में जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्वाचक नामावली से संबंधित विधिक प्राविधानों, ईआरओ नेट, बीएलओ ऐप, एनजीएसपी पोर्टल एवं विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रक्रियाओं के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण सत्र में कुल 08 जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं 137 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज हो यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाये जाने के साथ ही समावेशी पंजीकरण सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950] निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम-1960] मैनुअल ऑन इलेक्टोरल रोल-2023 में उल्लिखित विधिक दायित्वों] बीएलओ और सुपरवाइजरों के साथ समन्वय] निर्वाचक नामावली में दावे-आपत्तियों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण] ईआरओ नेट और बीएलओ ऐप के तकनीकी पक्षों तथा फील्ड अनुश्रवण की प्रक्रिया और एनजीएसपी पर शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के संबंध में जानकारी दी गयी तथा आगामी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में मीडिया एवं सोशल मीडिया की भूमिका से अवगत कराया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण प्राप्त ईआरओ अपने-अपने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में अधीनस्थ बीएलओ और सुपरवाइजरों को भी छोटे-छोटे समूहों में प्रशिक्षित करें] ताकि प्रत्येक स्तर पर प्रक्रिया की गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने उन मतदेय स्थलों की पहचान कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए] जहाँ लिंगानुपात असंतुलित है। ऐसे मतदेय स्थलों हेतु कार्ययोजना बनाकर बीएलओ के माध्यम से समूहवार जागरूकता और नामांकन कराया जाए। 18-19 आयु वर्ग के युवाओं को भी विशेष अभियान चलाकर निर्वाचक नामावली में शामिल करने पर बल दिया गया। मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदेय स्थलों में नए अनुभागों के गठन के संबंध में परीक्षण कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिए गए। आगामी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में अवगत कराते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दृष्टिगत वर्ष 2003 की निर्वाचक नामावली को वर्ष 2025 की निर्वाचक नामावली के साथ मैपिंग किए जाने से संबंधित प्रक्रिया से अवगत कराया गया। बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना-प्रपत्र (ब्द्वफ्द्वद्गन्थ्थ्द्वधद्ब क्ष्न्द्व) वितरित करने] भरने में सहयोग करने/एकत्रित करने/मतदाता का सत्यापन तथा उसे बीएलओ ऐप पर अपलोड करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

# पिकअप गाड़ी में बैठक़र डीएम से मिलने पहुंचे स्कूल के बच्चे

## सुनसान रास्ते से परेशान,छात्रा बोली– रास्ते में कोई पीछा करे तो बचाने वाला नहीं मिलेगा



गोंडा। जिले में बेसिक शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है।जहाँ केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के संसदीय क्षेत्र में बेसिक शिक्षा विभाग के अफसरों की बड़ी लापरवाही सामने आई है? जहां मनकापुर ब्लॉक के प्राथमिक वि द्यालय रमईपुर का भवन ध्वस्त करने के बाद यहां पढ़ने वाले बच्चों को दो से तीन किलोमीट र दूर उच्च प्राथमिक विद्यालय मधईपुर में अटै च कर दिया गया।जहाँ स्कूल तक जाने के लिए न तो रास्ते की जांच की गयी और न ही बच्चों के सुविधा का ख्याल रखा गया है।अफ़सरो कीलापरवाही का शिकार हुए बच्चे मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गए।वहाँ बच्चों ने एडीएम आलोक कुमार को अपनी पीड़ा बता यी और स्कूल भवन बनवाने की मांग की है। स्कूल के समय पर बच्चों को जिलाधिकारी केकार्यालय में देखकर हर कोई अवाक रह गया।बच्चों के मुताबिक,करीब दो महीने पहले उन का स्कूल भवन जर्जर होने के कारण गिर गया था।अब उन्हें पढ़ाई के लिए दो से तीन किलोमी टर दूर प्राथमिक विद्यालय मधईपुर जाना पड़ ता है।बच्चों ने बताया कि मधईपुर का रास्ता बहुत खराब है,जो कीचड़ और गन्ने से भरा रह ता है।इस सुनसान रास्ते से जाने में उन्हें डर ल गता,कक्षा पांच की छात्रा उन्नति मिश्रा ने कहा ''अगर रास्ते में कोई पीछा करे तो बचाने वाला कोई नहीं मिलेगा।बच्चे चाहते हैं कि उनके अप ने स्कूल का फिर से निर्माण कराया जाए ताकि उन्हें इतनी दूर न जाना पड़े।ये सभी बच्चे शुभम संघर्ष नामक व्यक्ति के साथ एक पिकअप गा ड़ी में आए थे,जिसमें उनके अभिभावक मौजूद नहीं थे।एडीएम आलोक कुमार ने बच्चों को आ श्वासन दिया है कि उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा।उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) को इस पूरे मामले की जांच करने और कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।इसके सा थ ही,एडीएम ने सड़क की खराब हालत को दे खते हुए विकास विभाग को भी इस पर ध्यान देने के लिए कहा है।इस घटना ने एक बार फिर शिक्षा विभाग की लापरवाही को उजागर किया है,जहां बच्चों को पढ़ाई के लिए सुरक्षित और उपयुक्त वातावरण नहीं मिल रहा है।प्रशासन ने अब इस मामले को गंभीरता से लिया है और उम्मीद है कि बच्चों की समस्या का जल्द ही समाधान होगा।

# जिला प्रशासन के सहयोग से दुर्गा पूजा महोत्सव होगा सम्पन्न: सुदामा मिश्रा

## दुर्गा प्रतिमा स्थापना,रास्ते,सड़क व विधुत की हो समस्या महासमिति को कराएं अवगत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को धूमधाम से मनाने, प्रतिमा स्थापना एवं भव्य पूजन, अर्चन के लिए श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा के काजीकटरा स्थित आवास पर सम्पन्न हुई।

बैठक में विभिन्न मुद्दों पर ध्यान आकर्षण किया गया।महासमिति के महामंत्री कन्हैया सोनी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 22 सितम्बर से दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जायेगा।उन्होंने दुर्गा पूजा उप समितियो से अपील की कि दुर्गा पूजा प्रतिमा स्थापना को लेकर किसी तरह की समस्या आ रही है 19 सितम्बर तक महासमिति के पदाधिकारियों को अवगत करवा दे।महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने कहा कि पूरे जनपद में दुर्गा पूजा का पर्व बड़े ही श्रद्धा, उल्लास व भक्तिमय माहौल में मनाया जाएगा।उन्होंने दुर्गा पूजा उपसमितियों से आग्रह किया कि दुर्गा प्रतिमा स्थापना, स्थान, रास्ता, सड़क या विधुत से सम्बंधित कोई समस्या आ रही है तो तत्काल महासमिति के पदाधिकारियों को अवगत करवाये जिससे समस्या समाधान किया जा सके।उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से दुर्गा पूजा महोत्सव उल्लासपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न करवाया जाएगा।महासमिति के पदाधिकारी दुर्गा पूजा महोत्सव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तैयारी में लगे हुए है।बैठक में विनोद कुमार रस्तोगी एडवोकेट, सुधाकर प्रसाद मिश्रा एडवोकेट,शिवशरण सिंह,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, रामजी शुक्ला,लव कुमार द्विवेदी,बैजनाथ रस्तोगी,राजकुमार सोनी,हरि शंकर गुप्ता, पवन जायसवाल,आत्माराम यादव,सत्येंद्र शुक्ला, विमल मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दौलत के लिए बेटे ने बाप को उतारा मौत के घाट

## बुजुर्ग पिता की निर्मम हत्या कर जंगल में फेंकी लाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के खरगूपुर थाना क्षेत्र के शिवगढ़ग्राम पंचायत में हृदयगंज चौराहा निवासी गंगा सागर विश्वकर्मा की हत्या का गोण्डा पुलिस नेखुलासा किया है।पिता के आर्थिक मदद से इन कार करने पर कलयुगी पुत्र ने क्षुब्ध होकर अप ने पिता की बांके से गला रेतकर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार करने के सा थ ही उसकी निशानदेही पर बांका भी बरामद किया है।अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत ने बताया कि तेरह सितंबर को सूचना मि ली की ग्रामपंचायत शिवगढ़ निवासी गंगासागर व उनके बेटे अनोखीलाल लकड़ी काटने के लि ए कुआनो जंगल गए थे,जहां पर अज्ञात हमला वरों ने उन पर धारदार हथियार से हमला किया, जिसमें गंगासागर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। और अनोखीलाल घायल हो गया है,जिसे उप चार के लिए गोण्डा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।मृतक के पुत्र अलखराम की तहरीर पर अज्ञात आरोपितों के विरूद्ध मुकद मा किया गया।पुलिस अधीक्षक विनीत जायस वाल ने एसओजी,सर्विलांस समेत पांच पुलिस की टीमों का गठन कर आरोपितों के गिरफ्तारी का निर्देश दिया गया।16 सितंबर को तकनीकी एवं मैनुअल साक्ष्य संकलन के आधार पर पुलि स टीम ने हत्यारोपित अनोखीलाल को कुआनो जंगल शिवगढ़ से गिरफ्तार किया।पूछताछ में आरोपित अनोखीलाल ने पिता की हत्या किए जाने की बात स्वीकार की है।आरोपित ने बता या कि वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा है।उसके पिता गंगा सागर वर्तमान में सबसे छोटे पुत्र आ रोपित के सबसे छोटे भाई के साथ रहते थे,औरअपनी पूरी सपत्ति उसी को देना चाहते थे।जिस को लेकर उसका और उसके पिता में विवाद र हता था।उसने बेटी का विवाह किया है,जिसके कारण वह आर्थिक तंगी में था।पिता से आर्थि क सहयोग चाहता था,लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया।इससे क्षुब्ध होकर सुनियोजित तरीकेसे लकड़ी काटने का बहाना बनाकर पिता को कुआनो जंगल में ले गया,जहां रुपये को लेकर दोनों में बहस हुई।उसने बांका से पिता का गला रेतकर हत्या कर दी।घटना को छिपाने और स्व यं को बचाने के लिए एक झूठी कहानी गढ़ी औ र हत्या का दोष दो अज्ञात व्यक्तियों पर लगाया और चोर संबंधी कहानी रची,जगल में बांका को थोड़ी दूर पर फेंक दिया।एएसपी ने कहा कि आरोपित को गिरफ्तार किया गया है।गिर फ्तार अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायालय रवाना किया गया है।

## डीएम ने पुत्र के इलाज के लिये फरियादी को दिये 15 हजार का चेक

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर आज कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनसुनवाई कर रही थी, जनसुनवाई में समशेर सिंह निवासी- पूरे चंदे सिंह का पुरवा, टेकारी, विख डीह,जनपद रायबरेली ने प्रार्थना पत्र देकर अनुरोध किया कि उनके पुत्र अविनाश सिंह उम्र 10 वर्ष का एम्स में इलाज चल रहा है। उनके पुत्र के सिर में गांठ है, जिसकी वजह से नसों में स्वेलिंग है। डॉक्टर ने एमआरआई जांच करवाने के लिए कहा है, एमआरआई जांच एम्स में नहीं हो सकती है, बाहर से करवाना है, पुत्र के इलाज हेतु जांच करवाना अति आवश्यक है। प्रार्थी अत्यन्त निर्धन व्यक्ति है, जो जांच करवाने में असमर्थ है। जिलाधिकारी ने तत्काल समशेर सिहं को उनके पुत्र के इलाज हेतु एमआरआई जांच कराने व उपचार के लिये इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी से 15 हजार रुपये की धनराशि का चेक प्रदान कर आर्थिक मदद की व बच्चे के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# सात सूत्रीय मांगो को लेकर ग्रामीण पत्रकार जिला इकाई ने डीएम को सौपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र नाथ सिंह के निर्देश पर मंगलवार मुख्यमंत्री को सम्बोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया, जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय लखनऊ में शासन की तरफ से अन्य संगठनों की भांति कार्यालय हेतु भवन का आवंटन दारुलशफा या ओसी आर में किए जाने की मांग की गयी है, जिससे सुदुर जनपदों से आने वाले पत्रकारों को रुकने तथा प्रदेश स्तरीय बैठक करने की समस्या का निदान हो सके।ज्ञापन के माध्यम से मांग की गयी है कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तरह ही ग्रामीण पत्रकारों को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जाए, ताकि वह और उनका परिवार मुफ्त कैशलेस इलाज करा सके।इस योजना में केवल अखबारों में कार्यरत संवाददाताओं को शामिल किया जाए, जिनकी सूची जिला सूचना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।ग्रामीण पत्रकारों को शासन स्तर से बीमा योजना में शामिल किया जाए, साथ ही लंबे समय से आंचलिक पत्रकारिता कर रहे 60 वर्षीय बुजुर्ग ग्रामीण पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाए।इनकी सूची भी जिला सूचना कार्यालय के माध्यम से तैयार कराई जाए।ग्रामीण पत्रकारों के विरुद्ध कोई भी प्राथमिकी दर्ज करने से पूर्व जिला पुलिस के किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से जांच कराई जाए, ताकि पत्रकारों का अनाव श्यक उत्पीड़न रोका जा सके।राज्य एवं जिला स्तर पर स्थायी समिति की भांति तहसील स्तर पर भी प्रशासनिक अफसरों के साथ ग्रामीण पत्रकारों की नियमित बैठकें कराई जाएं। शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सभी संबंधित तहसील अध्यक्षों को इसमें अनिवार्य रूप से शामिल किया जाय। प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना में जान गंवाने वाले ग्रामीण पत्रकार के परिजनों को किसान बीमा योजना की तरह तत्काल 5 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री राहत कोष से 20 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाए, जिससे शोकग्रस्त परिवार को संकट की घड़ी में सहारा मिल सके।इसकी सूची भी जिला सूचना कार्यालय से तैयार कराई जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध वसूली करने वाले फर्जी पत्रकारों की शिनाख्त कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। इसके लिए जिला स्तर पर स्थायी समिति की बैठक बुलाकर असली और फर्जी पत्रकारों की पहचान की जाए तथा चिन्हित व्यक्तियों को नोटिस देकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनिल दूबे, जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, जिला प्रभारी ए. आर. उस्मानी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूजन अर्चन कर लिया जन जन को जोड़ने का सामूहिक संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। माँ गायत्री चेतना केंद्र परिसर (गायत्री पुरम) में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ज्योति कलश यात्रा आगमन पर भव्य पूजन अर्चन कर अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों से जन जन को जोड़ने का सामुहिक संकल्प लिया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में ज्योति कलश यात्रा के गायत्री चेतना परिसर में पहुचने पर गायत्री परिजन एवं मैदानी बाबा आश्रम (गायत्री चेतना केंद्र)से जुड़े प्रबंधन पदाधिकारीयों एवं गायत्री परिजनों ने वैदिक विधि विधान से पूजन अर्चन कर गायत्री परिवार प्रवर्तक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के सामाजिक व धार्मिक विषयो से जुड़े विचारो को जोड़ने का संकल्प लिया।मंदिर परिसर में ही आयोजित गोष्ठी में ही युग निर्माण संकल्प विषयक पर चर्चा करते हुए प्रबंधक प्राचार्य आर0पी0एन0 श्रीवास्तव ने कहा कि स्वस्थ समाज से ही राष्ट्र का नवनिर्माण संभव है।उन्होंने आवाहन करते हुए कहा कि गायत्री परिवार द्वारा चलाये जा रहे सामाजिक व धार्मिक विषयो से जन जन को जोड़कर प्रभावी कार्यक्रम सतत रूप से चलाया जाए तभी हमारा देश विश्व गुरु बन सकेगा। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी प्रेम चंद्र श्रीवास्तव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन इंजीनियर राधेश्याम ने किया । आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप गौ पालक शिव पूजन वर्मा, श्रीमती मिथिलेश श्रीवास्तव, पर्यवराजक श्रीमती कांति मिश्रा, योगाचार्य सुशील बाजपई, सत्यम, मीना श्रीवास्तव,प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव, उमा, सुजाता सक्सेना, सचिन पांडेय ,संरक्षक एडवोकेट संजीव श्रीवास्तव समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर युग दृष्टा वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्री राम शर्मा आचार्य जी के विचारों से जन जन को जोड़ने का सामूहिक संकल्प भी लिया तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए सामूहिक हवन (यज्ञ) भी सम्पन्न कराया गया।

# 15 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन आज से

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा कलेक्ट्रेट के निकट स्थित धरना स्थल पर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व व कृतित्व, न्यू इन्डिया-2047 तथा प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में क्रियानवित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/परियोजनाओं व उपलब्धियों पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को योजनाओं और परियोजनाओं के बारे मं चित्र प्रदर्शनी में जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस प्रदर्शनी को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

# योगी सरकार में चरमराती स्वास्थ्य व्यवस्था..!

## सीएमओ डॉ.रश्मि वर्मा के खिलाफ जनता में बढ़ रहा जन आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। सरकार का दृष्टिकोण ही मंदिर-मस्जिद और हिंदू धार्मिक उत्सवों पर बजट खर्च करना है और राजनीति में इसी के आधार पर सत्ता में आने का मौका तलाशना रहा है।इनके एजेंडे में आम आदमी व बुनियादी सुविधा व चिकित्सा व्यवस्था का कोई महत्व नहीं है।बड़े-बड़े वादों के साथ दूसरी बार वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दूसरी बार सत्ता में आई।लेकिन योगी सरकार के दूस रे कार्यकाल में गोण्डा जिले की स्वास्थ्य व्यव स्था में कोई खास सुधार देखने को नहीं मिला। अभी भी स्थिति बद से बदतर है।प्राथमिक स्वा स्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पतालों तक में सु विधा का अभाव है जिसके चलते मरीजों को भटकना पड़ता है और निजी अस्पतालों की शरण में जाना पड़ता है।जिनके पास पैसा है वो तो अपना इलाज अपनी पसंद के डॉक्टरों से करवाते हैं लेकिन उन गरीबों का क्या जिनके पास खाने तक के पैसे नहीं होते।आए दिन सर कारी अस्पतालों में सुविधा की कमी,उपकरणों की कमी,डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की अनु पस्थिति की खबरें पढ़ने सुनने को मिलती हैं।

हाल में ही करनैलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक खबर आई की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शौचालय में प्रसव होने पर अवैध वसूली हों रही है,बताते है की ग्राम बसेहिया निवासी निशा का आरोप है कि सात सितंबर को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया।ज हाँ पर प्रसव कक्ष में पहुंचने पर स्टाफ नर्स ने न सिर्फ अभद्रता की,बल्कि डराकर सही तरीके से प्रसव कराने के नाम पर उनकी सास से पांच सौ रुपये भी ले लिए।बाद में स्टाफ नर्स ने एक अन्य महिला के माध्यम से दो सौ रुपये और मंगवाए।पीड़िता का आरोप है कि स्टाफ नर्स ने उन्हें शौचालय भेज दिया,जहां बच्चे का जन्म हो गया।बाद में इन्फ़ेक्शन से बचाने के नाम पर पुनःपांच सौ रुपये वसूले गए और सीएचसी के सामने स्थित एक मेडिकल स्टोर से दवा मंगवा ई गई,जबकि अस्पताल में दवाएं उपलब्ध थीं। निशा के पति ने सीएचसी अधीक्षक से लेकर उच्चाधि कारियों से शिकायत की मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई।थक-हारकर निशा ने सीएम और डिप्टी सीएम से शिकायत की।साथ ही चे तावनी दी कि यदि दोषी नर्स के विरुद्ध कार्रवा ई नहीं हुई तो वह लखनऊ स्थित उप मुख्यमंत्री आवास के सामने नवजात शिशु के साथ आत्म दाह कर लेंगी।सीएचसी अधीक्षक डॉ.सौम्या श्रीवास्तव ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच कराई जा रही है आज एक सप्ताह बीतजाने के बाद भी स्टाफ नर्स पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।जिले में मरीजों को सरकारी अस्प तालों में एक्स-रे की सुविधा नहीं मिलती है अ धिकांश सरकारी अस्पतालों की यही स्थिति है।इन अस्पतालों में कहीं मशीन है तो कहीं रेडि योलॉजिस्ट और टेक्निशियन नहीं है।अधिकतर पीएचसी व सीएचसी में तो डॉक्टर की तैनातीके बावजूद डॉक्टर अक्सर नहीं होते हैं जिससे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।ऐसे मामले जिले के ज्यादातर पीएचसी और सीएचसी में देखने को मिलेगा जहां डॉक्टर की अनुपस्थिति आम बात है।यहां तक कि जिला अस्पताल हैं वहां आईसीयू की व्यवस्था तक नहीं है और गंभीर बीमारियों के लिए इलाज की व्यवस्था नहीं है।इलाज के लिए मरीजों कोप्राइवेट हॉस्पिटल का सहारा लेना पड़ रहा है।वही तमाम ऐसे गांव या ब्लॉक स्तर के प्राथमि क चिकित्सा केंद्र हैं जहां कई जगह तो कोई व्यवस्था ही नहीं है और कहीं कहीं कोई डॉक्टर नर्स तथा कर्मचारी की नियुक्ति हुई है तो वहां भी कोई सुविधा ही नहीं है।

रुपईडीह सीएचसीपर तैनात एक कंप्यूटर ऑपरेटर का जन्म प्रमा ण पत्र बनाने के नाम पर पैसा लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। उस समय मामले को गंभीरता से लेते सीएमओडॉ.रश्मि वर्मा ने जांच के आदेश दिए थे।उस सीएमओ ने कहा था कि मामले की जांच कराई जाएगी और यदि आरोप सही पाए गए तो दोषी के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाए गी इस घटना से स्वास्थ्य विभाग खूब किरकिरी हुई थी लेकिन अभी तक स्वास्थ्य विभाग के क र्मचारियों पर कार्रवाई नहीं हुई यही नहीं जिलेअवैध पैथोलॉजी,डायग्नोस्टिकसेंटर नर्सिंग होमकी भरमार है जहाँ पर आए दिन हादसे हों रहे है वही जब एक अवैध रूप से संचालित हो रहेहॉस्पिटल में बच्चों की मौत के एक मामले में उनसे पूछा गया तो उन्होंने गैर-जिम्मेदाराना बायन दिया जो अमानवीय था जिससे आम लोगों की भावनाएं आहत हुई थी।वही सामा जिक संगठनों व प्रदर्शनकारियों ने योगी सर कार में इस घटना को बेहद शर्मनाक बताया और कहा कि ऐसे संवेदनहीन (बेशर्म ) महिला अधिकारी का अपने पद पर बने रहना जनता के साथ अन्याय है,उन्होंने योगी सरकार से मांग की कि सरकार को तुरंत जिले की सीएमओ डॉ रश्मि वर्मा को उनके पद से हटा देना चाहिए।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे पूरे जिले में एक बड़ा और उग्र आंदोलन शुरू करेंगे।विरोध प्रदर्शन के कारण अस्पताल चौरा हे पर काफी देर तक अफरा-तफरी और जाम की स्थिति बनी रही।मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को शांत करने का प्रयास किया,लेकिन उन्होंने अप नी लड़ाई जारी रखने का संकल्प दोहराया है। कार्यकर्ताओं ने साफ कर दिया कि जब तकगोण्डा सीएमओ डॉ.रश्मि वर्मा को उनके पद से हटाया नहीं जाता,तब तक उनका विरोध प्रदर्श न जारी रहेगा।वही जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंह ने सीएमओ डॉक्टर रश्मि वर्मा के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्ति की है कहा की एक माँ ही बेटे को दर्द को समझ सकती है,सीएमओ रश्मि वर्मा ने जो जो बयान दिया है उस पर मेरी योगी सरकार से गुजारिश है कि उन्हें सस्पेंड नहीं ब र्खास्त कर देना चाहिए,एक संवैधानिक पद पर बैठकर जो इस तरह के बयान बाजा क़र रही हैं।हालांकि मीडिया में खबरें प्रकाशित होने के बाद सीएमओ डॉ.वर्मा ने अपनी सफाई पेश की है।लेकिन फिर भी लोगों में उनके प्रति जन आक्रोश अभी भी कम नहीं हुआ है।

# मुख्यमंत्री के आदेश पर भारी पड़े गुरु नानक चौकी प्रभारी और ट्रैफिक पुलिस

## आरटीओ परिवर्तन दल सख्त,चौकी प्रभारी व ट्रैफिक पुलिस की लचर व्यवस्था से सड़क पर अवैध टैक्सी स्टैंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले में डग्गामार वाहनों का राज सिर्फ सड़कों पर ही नहीं है,चौराहों और गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने चौकी प्रभारी और ट्रैफिक के प्रभारी के सामने चल रहा है,और ड़गा मार बसों और टैक्सियों का सड़क पर कब्जा है।भले ही सूबे के मुख्यमंत्री योगी आ दित्यनाथ अवैध टैक्सी स्टैंड को हटवाने के लिए सख्त हों लेकिन जिले में इसका असर नहीं दिखता।अवैध टैक्सी स्टैंड से अव्यवस्था एं फैल रही हैं और आए दिन विवाद होते हैं, लेकिन जिम्मे दार बेखबर बने हुए हैं।नगर कोतवाली से दो सौ मीटर की दूरी पर रोडवेज बस स्टैंड के निकट बनी गुरुनानक पुलिस चौ की के सामने डग्गामार वाहन बीच सड़क पर खड़ी करके बेधड़क सवारियां भरते हैं।ट्रैफिक और नगर पुलिस इनको नहीं रोकती यही हाल झंझरी ब्लॉक के सामने का है।यहां पर भी बड़ी संख्या में मैजिक और टाटा खड़ी की जाती हैं जो रगड़गंज, उमरी,तरबगंज के लिए सवारियां ले जाती हैं।जीआईसी गेट, गुरु नानक चौराहे से थोड़ा आगे,रोडवेज बस अड्डा के पास आदि लगभग शहर के कई चौराहों और अन्य हिस्सों में अवैध टैक्सी स्टैंड बने हैं।धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ती जा रही है,लेकिन जिम्मेदार इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं,जो एक बड़ी लापर वाही है।परिवहन विभाग के अफ सर तो अंजान हैं पुलिस और नगर पालिका के अफसर भी आंख बंद किए बैठै हैं।वही कई ऐसी कई लग्जरी गाड़ियां हैं जिस पर पुलिस लि खा हुआ है वह पुलिस की दबंगई के दिखाकर बीच सड़क पर गाड़ी को खड़ी कर देते हैं और सवारियों को बैठे रहते हैं जिससे कि सुबह स्कूल जाने वाले बस से बच्चों को जा म के झाम से जूझना पड़ता है।सुबह होते ही रोडवेज बस स्टॉप के निकट गुरु नानक चौराहे से लेकर एलबीएस चौरा हे तक प्राइवेट टैक्सी वालों का जमवाड़ा लग जाता है जो की पैदल चलने वालों के लिए भी मुसीबत खड़ी हो जाती है।वही डीआईजी के आदेश पर एक दिन सिर्फ खानापूर्ति के लिए अवैध टैक्सी स्टैंड और ठेले वालों के खिलाफ सि र्फ खानापूर्ति के लिए कार्रवाई की गई थी उसके दूसरे दिन फिर टैक्सी स्टैंड इसी तरह आबाद हो गए है।सूत्र बता रहे हैं कि डीआईजी साहब के आदेश पर गुरु नानक चौकी प्र भारी और ट्रैफिक प्रभारी भारी पड़ रहे हैं।

### परिवर्तन दल सड़क पर खड़े वाहनों का कर रहा चालान, चौकी इंचार्ज और ट्रैफिक प्रभारी सड़क पर खड़े हो रहें वाहन को देखकर बन रहे अनजान

सूत्र बता रहे हैं कि यातायात प्रभारी का चार्ज संभाल रहे हैं और वह अपनी सेटिंग गेटिंग के अनुसार काम क़र रहे है मरता क्या नहीं करता मोटर मालिकों के अंदर डर समा गया मोटर मालिक ने साहब से सेटिंग गेटिंग करके अब अपनी गाड़ियों को गुरुनानक पुलिस चौकी के सामने रोड वेज बस स्टैंड के निकट मुख्य चौ राहे पर खड़ी करके सवारी बैठाते हैं चाहे रोड क्यों ना जाम हो जाए क्योंकि यहाँ तो साहब सिर्फ महीने में सुविधा शुल्क चाहिए।क्योंकि सूबे के सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देवीपाटन मण्डल और आईआईजी साहब ने आदेश दिया था कि डग्गामार वाहन को सड़क से हटाया जाए जिससे कि लोगो को जाम से लोगों को मुक्ति मिल जाए लेकिन चौकी प्रभारी और ट्रैफिक पुलिस ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर भारी पड़ रहे हैं और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश को हवा में उड़ा रहे हैं।

# आज आयोजित होगा किसान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । शासन के निर्देशानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 17 सितम्बर 2025 को अपरान्ह 12:30 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है।

# गन्ना सर्वे सट्टा मेला शुरू

**पूरनपुर में 16 से 22 सितंबर तक चलेगा, किसान करा सकेंगे गन्ना क्षेत्रफल व अन्य जानकारी में सुधार**

**जिला गन्ना अधिकारी का किसानों ने गुलदस्ता देकर किया स्वागत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। ब्लॉक रोड पर स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति में सर्वे सट्टा मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 16 से 22 सितंबर 2025 तक चलेगा मेले का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष और खुशीराम भर्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत ने किया जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों से मेले का लाभ उठाने की अपील की उन्होंने कहा कि किसान अपने गन्ना क्षेत्रफल, कुल जोत भूमि, गन्ना प्रजाति, मोबाइल नंबर, बैंक खाता और बेसिक कोटा में जरूरी सुधार करा सकते हैं समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित ने बताया कि क्षेत्र के सभी गांवों में अभियान चलाकर नए सदस्य बनाए जाएंगे किसानों से मोबाइल नंबर और बैंक खाता सही कराने की अपील की, जिससे गन्ना पर्चों और भुगतान में दिक्कत न हो फील्ड स्टाफ और गन्ना पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे किसानों की शिकायतों का निस्तारण उसी दिन करें मेले में सैकड़ों किसानों ने अपने प्री कैलेंडर का अवलोकन कर सुधार कराया जिस भी किसान को सट्टा संबंधित जो भी समस्याएं हैं तत्काल रूप से उनका निस्तारण किया जाएगा मेले का उद्घाटन आयोजित किया गया, जिसमें बोर्ड के सभी सम्मानित सदस्य, डीसीओ पीलीभीत तथा एससीडीआई पूरनपुर उपस्थित रहे। इसके लिए सर्किल के हिसाब से सभी गन्ना प्रवेश केंद्रों पर काउंटर स्थापित किए गए हैं मेले में आने वाले किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लें जिससे फसलो से जुड़ी दिक्कत दूर हो सके यह जानकारी समिति पूरनपुर के अध्यक्ष नितिन दीक्षित दी।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चन्द्र शर्मा के आह्वान पर मंगलवार को प्रदेशव्यापी धरना और ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

तिकोनिया पार्क से शुरू होकर कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय तक शिक्षक संघर्ष शिक्षक एकता जिंदाबाद आवाज दो हम साथ है काला कानून वापस लो, हमारी मांगे पूरी, नारे बाजी करते हुए जुलुस के रूप में पहुंचा। अपर एसडीएम ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन लिया उन्होंने ज्ञापन पहुंचाने के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे, जिनके माथे पर गहरी चिंता की लकीरें साफ नजर आ रही थीं। जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि कार्यक्रम का नेतृत्व संघ अध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री अयोध्या के दिलीप कुमार पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक संघ का इतिहास संघर्षों से भरा रहा है और अब भी शिक्षक वर्ग को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। शिक्षक संगठन की अपील है कि केंद्र व राज्य सरकार संवेदनशीलता दिखाएं और उचित समाधान का मार्ग प्रशस्त करें। वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र नारायण मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया कि शिक्षक समुदाय की पीड़ा को समझते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं, ताकि राहत मिल सके। विनोद यादव, जिला उपाध्यक्ष ने सरकार से प्रश्न किया कि क्या वे लाखों उदास और निराश शिक्षकों के आंसू को बहने से रोकेंगे। वर्तमान समय में शिक्षक समाज अपने आपको ठगा महसूस कर रहा है 2010 से पहले के नियुक्त शिक्षक पर जबरन की अनिवार्यता पर सीधे सीधे केंद्र सरकार जिम्मेदार है जो बड़ी ही चतुराई से एनसीईटी कानून मे संशोधन कर शिक्षकों के साथ छल किया गया। इसी को आधार बनाते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ऐसा आदेश किया गया आज शिक्षक अवसाद ग्रस्त होकर आत्महत्या करने को मजबूर है। जिला मंत्री डॉ. हृषिकेश भानु सिंह ने सरकार से आग्रह किया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को दिए गए आदेश के विरुद्ध पुनर्विचार याचिका दाखिल की जाए, ताकि टीईटी लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को न्याय मिल सके। वहीं, जिला संयुक्त मंत्री प्रशांत पाण्डेय ने कहा कि यदि ज्ञापन के माध्यम से सार्थक परिणाम नहीं मिलते तो चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति के तहत संघर्ष जारी रहेगा।

## पिपरिया मझरा में संत बाबा सुखदेव सिंह की स्मृति में 42वां कबड्डी टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव पिपरिया मझरा में मंगलवार सुबह 10 बजे से सचखंडवासी संत बाबा सुखदेव सिंह की स्मृति में 42वां वार्षिक कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, ग्रामवासी और खेल प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों ने किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस पारंपरिक कबड्डी प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों की टीमों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने शानदार कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में उत्साह का माहौल बना। आयोजन समिति ने बताया कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य युवा पीढ़ी को खेलों की ओर प्रोत्साहित करना और संत बाबा सुखदेव सिंह के आदर्शों को याद करना है।

## महिला प्रधान के साथ छेड़छाड़ मामले में एसपी से की शिकायत

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला प्रधान ने 13 सितंबर को पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया वह अपने पति के साथ पूरनपुर किसी कार्य से आ रही थी। आरोप है कि तभी गांव के ही चार लोग रास्ते में पहले से ही घात लगाकर बैठे थे। बाइक को रोककर प्रधान के पति के साथ गाली गलौज करने लगे, जब महिला प्रधान ने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने महिला प्रधान के साथ छेड़छाड़ करते हुए ब्लाउज फाड़ दिया और दंपति की पिटाई कर दी। उक्त लोगों ने धमकी दी अगर मामले में पुलिस से शिकायत की तो उसके साथ बल्तकार कर मुह दिखाने के काबिल नहीं छोड़े गए। शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी। मंगलवार दोपहर 12 बजे प्रधानपति ने बताया कि मामले में पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## महिला पर धारदार हथियार से हमला

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रम्पुरा कौन निवासी सोना देवी ने मंगलवार सुबह 10 बजे आरोप लगाया कि मामूली विवाद के चलते गांव की युवती लीलू ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई। इस घटना के बाद महिला ने 14 सितंबर को पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने घायल महिला का मेडिकल परीक्षण भी कराया, लेकिन अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। जिसको लेकर पीड़िता परेशान हैं।

## शिक्षिका से छेड़छाड़ और अश्लील कमेंट मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सेहरामऊ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया बड़ी बेटी प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती है। जिसको एक युवक आए दिन रास्ते में रोककर छेड़छाड़ कर अभद्र बातें करता है। आरोप है कि युवक मानसिक रूप से छात्रा को प्रताड़ित करता है। विरोध पर जान से मारने की धमकी देता है। शहोदे की हरकतों से परेशान शिक्षिका ने पूरी बात अपनी मां को बताई तो उनके होश उड़ गए। मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने तत्काल मामले में कार्रवाई करते हुए सुशील गंगवार नाम के व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जाँच कर रही हैं। मंगलवार दोपहर एक बजे थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि शिक्षका से छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच की जा रही हैं।

## आशा का बैग काटकर 60 हजार रुपए और दस्तावेज चोरी

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव मटैया लालपुर निवासी मंगली देवनाथ पत्नी तारक देवनाथ, जो आशा बहू के रूप में कार्यरत हैं, सोमवार को बड़ी वारदात का शिकार हो गईं। मंगली ने कई महीनों से अपनी सैलरी बैंक में जमा कर रखी थी ताकि कर्ज चुकाने, बेटियों की शादी और अन्य जरूरी खर्च पूरे किए जा सकें। सोमवार को वह मरीज को लेकर पूरनपुर सीएचसी आईं और इसके बाद बैंक से 60 हजार रुपए निकालकर बैग में रख लिए। इसी दौरान पहले से पीछा कर रहे उचक्कों ने ब्लेड से उनका बैग काटकर नकदी और जरूरी दस्तावेज उड़ा दिए। घटना का पता तब चला जब वह मरीज को निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर ले जाने के बाद सीएचसी लौटीं। बैग हल्का लगने पर जांच की तो बैग ब्लेड से कटा हुआ मिला और रुपए व दस्तावेज गायब थे। इससे उनके होश उड़ गए। घटना की शिकायत तुरंत कोतवाली पुलिस से की गई। पुलिस ने मौके पर जांच शुरू की, लेकिन दूसरे दिन तक कोई कार्रवाई या सुराग न मिलने से पीड़िता बेहद परेशान हैं। उनका कहना है कि कई महीनों की सैलरी से कर्ज चुकाने और परिवार की जरूरतें पूरी करने की उम्मीद थी, लेकिन चोरी ने उनके सारे सपने चकनाचूर कर दिए।

## अमेठी की आरती अग्रहरि बनी महिला सशक्तिकरण की मिसाल

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी संजय चौहान के मार्गदर्शन तथा मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के नेतृत्व में जनपद अमेठी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप ग्राम पंचायत टीकरमाफी, विकास खण्ड भादर की रहने वाली आरती अग्रहरि ने अपने संकल्प, मेहनत और लगन के बल पर समाज में एक नई पहचान बनाई है। टीकरमाफी ग्राम पंचायत की कुल जनसंख्या लगभग चार हजार है। लम्बे समय तक इस ग्राम पंचायत में महिलाओं की कोई सक्रिय भूमिका स्वयं सहायता समूहों में नही रही थी। सामाजिक व पारिवारिक संकोच, आर्थिक कठिनाइयाँ तथा समाज में व्याप्त परंपरागत सोच के कारण महिलाएँ समूह से जुड़ने का साहस नहीं कर पाती थीं। आरती अग्रहरि भी इन्हीं परिस्थितियों से गुजर रही थीं। परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था, बच्चों की पढ़ाई सही विद्यालयों में नहीं हो पा रही थी और पारिवारिक जिम्मेदारियों का बोझ उन पर था। जब उन्होंने समूह से जुड़ने का निर्णय लिया तो परिवार और समाज दोनों ने उन्हें हतोत्साहित किया। कई बार ताने और आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा। आरती अग्रहरि ने हिम्मत नहीं हारी और खुशी स्वयं सहायता समूह से जुड़ गईं, जो उमंग संकुल संघ से संबद्ध है। समूह में शामिल होने के बाद उनके जीवन में उल्लेखनीय बदलाव आने लगे। परिवार और समाज का दृष्टिकोण बदला। अब परिवारजन उनका सहयोग करने लगे हैं और उनके निर्णयों का सम्मान करने लगे हैं। उनके बच्चे आज अच्छे विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे हैं। समूह की अन्य महिलाओं ने भी उनसे प्रेरणा लेकर स्वयं सहायता समूहों में सक्रिय भागीदारी करनी शुरू की। ग्राम पंचायत टीकरमाफी जहां कभी कोई महिला समूह से नही जुड़ी थी आज महिला सशक्तिकरण का उदाहरण बन रही है। आरती अग्रहरि आज अपने गांव की महिलाओं के लिये मिसाल हैं।समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त की है बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। उनकी इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि यदि महिला को अवसर और सही दिशा मिले तो वह न केवल स्वयं का बल्कि पूरे परिवार और समाज का जीवन बदल सकती है।

# पीडीए जन पंचायत चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। समाजवादी पार्टी की पीडीएफ जन पंचायत का कार्यक्रम के संयोजक एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता 128 विधानसभा अध्यक्ष सपा अधिवक्ता सभा धनपति वर्मा एडवोकेट ने की हैं।

जिसके मुख्य अतिथि सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर जी व विशिष्ट अतिथि सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज जी रहे।इस दौरान मुख्य रूप से सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर, सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज,नरेश कुमार सागर,भगवानदास सागर, चंद्रप्रकाश यादव,महेश कुमार वर्मा,राजीव कुमार वर्मा,वीरेंद्र प्रताप वर्मा,ऋषिपाल वर्मा, वेदप्रकाश दीक्षित, कांता प्रसाद वर्मा,सुरेश चंद्र,संजीव कुमार वर्मा,लीलाधर,सत्यपाल भारती, राजकुमार, अरविंद कुमार,पप्पू गुप्ता,महेंद्र पाल पूर्व प्रधान, प्रेमशंकर, धर्मदास वर्मा, बाबूराम, मोतीराम, तिलकराम, हरिप्रसाद, राजकुमार, प्रेमपाल, धर्मपाल, हसनैन, कमलेश कुमार, दाताराम, रामचन्द्र लाल, श्रीकृष्ण वर्मा, छेदालाल आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे है।

# सिंघनी ग्रामसभा में करोड़ों का घोटाला के जांच में आए जांच अधिकारी, भ्रष्टाचारियों की सांसें फूलीं

**खबर का असर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। ग्रामसभा सिंघनी में विकास कार्यों में हुए भारी भ्रष्टाचार की शिकायत पर खबर पर आखिरकार जिला प्रशासन को हरकत में आना पड़ा। मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचे और ग्रामसभा निवासी प्रवीण सिंह की ओर से लगाए गए सात बिंदुओं की जांच शुरू की। यह मामला उस समय गंभीर हो गया जब जांच के दौरान ग्रामसभा के सेक्रेटरी प्रदीप सिंह जांच प्रक्रिया को प्रभावित करने और अधिकारी को भ्रमित करने का प्रयास करते देखे गए। हालांकि शिकायतकर्ता प्रवीण सिंह और अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी ने जांच को निष्पक्ष बनाए रखा। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्रामसभा में हुए विकास कार्य केवल कागजों पर पूरे दिखाए गए हैं। करोड़ों की सरकारी राशि का बंदरबांट कर लिया गया, जबकि जमीनी हकीकत में अधिकांश कार्य अधूरे और निम्नस्तरीय हैं। शिकायत के अनुसार, सरकारी धन की लूट से न केवल ग्रामसभा बल्कि सरकार की जनकल्याण योजनाओं की साख को भी गहरी चोट पहुंचाई गई है। जांच अधिकारी द्वारा यदि सभी बिंदुओं की निष्पक्ष जांच की जाती है तो करोड़ों के घोटाले की परतें खुलना तय है। ग्रामीणों का कहना है कि अब यह देखना होगा कि जांच अधिकारी निष्पक्ष रहकर सच्चाई उजागर करते हैं या फिर "सेटिंग-गेटिंग" और प्रभाव में आकर लीपापोती कर देते हैं। भ्रष्टाचार के इस काले खेल ने सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। जनता की निगाहें अब प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस मामले में कितना पारदर्शी रुख अपनाता है। यदि ईमानदारी से कार्रवाई हुई तो कई जिम्मेदारों पर गाज गिरना तय है और ग्रामसभा सिंघनी में वर्षों से चल रही भ्रष्टाचार की जड़ें उखड़ सकती हैं।

# मण्डल अध्यक्ष ने सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। मुख्य सचिव के आदेश के बाद भी महीने की हर 15 तारीख को होने वाली बैठक न कराए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने सहायक शिक्षा निदेशक को पत्र दिया। सौंपे गए पत्र में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन के मण्डल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह पिंटू ने सहायक शिक्षा निदेशक अयोध्या कौस्तुभ कुमार सिंह से मिलकर अवगत कराया है कि मुख्य सचिव के आदेश के बाद भी जनपद स्तर पर विभागाध्यक्ष द्वारा कर्मचारी संगठनो के साथ कोई बैठक नहीं की जा रही है। जिससे कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। जबकि मुख्य सचिव ने अपने पत्र 12 दिसंबर 24 के माध्यम से अवगत कराए है कि समस्त विभागाध्यक्ष कर्मचारी संगठनों के साथ महीने की 15 तारीख को बैठक कर जो जनपद स्तर पर मामले लंबित है उनका निस्तारण कराए। जिसका निस्तारण जनपद स्तर पर न होने लायक हो, उसको शासन को भेजे। जिससे उसका निस्तारण शासन स्तर पर कराया जा सके। उसके बाद भी जनपद स्तर पर विभागाध्यक्षों द्वारा कोई बैठक नहीं की जा रही है। मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने सहायक शिक्षा निदेशक अयोध्या कौस्तुभ कुमार सिंह से मिलकर बैठक कराए जाने का अनुरोध किया है। जिस पर सहायक शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल अयोध्या ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुल्तानपुर,अमेठी, अम्बेडकर नगर, अयोध्या, व बाराबंकी को पत्र भेज कर कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक कराए जाने का निर्देश दिए।

# थाना मार्ग पर भ्रष्टाचार का जानलेवा गड्ढा

**लोगों ने जिलाधिकारी और जनप्रतिनिधियों से बनवाने की किया मांग, फरियादी जान जोखिम में डाल जलगढ्डा युक्त सड़क से जाने को मजबूर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। धनपतगंज थाना तक जाने वाली सड़क करोड़ों की लागत से बनी, लेकिन प्रशासनिक भ्रष्टाचार और जिम्मेदारों की लापरवाही ने इसे मौत का जाल बना दिया है।

वर्षों से सड़क पर पड़े बड़े-बड़े गड्ढे और उनमें भरा जलभराव राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। यह सड़क थाना पहुंचने का एकमात्र मार्ग है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से घटिया निर्माण कराकर जनता की जान से खिलवाड़ किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण के समय ही सड़क की गुणवत्ता संदिग्ध रही। घटिया सामग्री के इस्तेमाल और देखरेख की अनदेखी ने भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है। हालत यह है कि फरियादी और ग्रामीण, जिन्हें थाना तक जाना पड़ता है, जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। बरसात में गड्ढ़ों में पानी भरने से सड़क तालाब जैसी बन गई है और दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ गई है। भाजपा नेता अवध कुमार सिंह, प्रधान रबिंद्र प्रताप सिंह, प्रधान बलवंत सिंह, प्रधान दिव्यराज सिंह लकी, प्रधान प्रतिनिधि अरशद व प्रधान अनूप सिंह, समेत कई ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और जनप्रतिनिधियों से सड़क को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की है। उनका आरोप है कि भ्रष्टाचार की वजह से लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद सड़क बाद भी बदतर हो गई है। जनहित में सड़क निर्माण कार्य अति आवश्यक हैं। अन्यथा कभी भी किसी क्षण बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# अमेठी महोत्सव में स्थानीय उत्पादों व सांस्कृतिक धरोहर को मिलेगा मंच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आगामी अमेठी महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में महोत्सव को सफल बनाने के लिये विस्तृत रणनीति तैयार की गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व सौंपते हुए समयबद्ध तैयारियाँ पूरी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि अमेठी महोत्सव का आयोजन नवम्बर में प्रस्तावित है। इस अवसर पर जिला मुख्यालय के साथ साथ सभी तहसीलों में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे जिससे महोत्सव पूरे जनपद का उत्सव बन सके।अमेठी महोत्सव में विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाये जायेंगे जहां आमजन को योजनाओं की जानकारी सहज रूप से उपलब्ध कराई जायेगी। साथ ही फूड कोर्ट में स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लेने का अवसर मिलेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनपद की कला और संस्कृति को प्रदर्शित किया जायेगा। खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिनमें ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी जिससे इन्हें पहचान और विपणन के नये अवसर मिल सकें। बैठक में तय किया गया कि सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी के अनुसार कार्यक्रम की तैयारी करें और समय से सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि महोत्सव में स्वच्छता, सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि महोत्सव को जनपद की पहचान बनाने में सभी अपनी सक्रिय भूमिका निभाये।

# तिलोई के मेडिकल कालेज को पचास सीटों पर प्रवेश की मिली मान्यता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने तिलोई के नवनिर्मित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) को पचास सीटों की मान्यता दी है। अब मेडिकल कॉलेज में चालू प्रवेश सत्र 2025-26 में पचास सीटों पर एमबीबीएस के छात्र प्रवेश ले सकेंगे। मेडिकल कॉलेज में अब सुविधाओं में विस्तार होने के साथ ही पांच सौ बेड की सुविधा मिलेगी। मेडिकल कॉलेज शुरू होने से जनपद के अलावा सीमावर्ती जनपदों के लोग भी इसका फायदा उठा सकेंगे। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही नागरिकों ने सूबे के मुख्यमंत्री के साथ ही स्वास्थ्य राज्यमंत्री के प्रति आभार जताया है। तिलोई में करीब तीन सौ करोड़ से अधिक रुपये की लागत से वर्ष 2021 में मेडिकल कालेज के निर्माण का शिलान्यास किया गया था। शासन के कड़े निर्देश पर कार्यदायी संस्था ने इसका शिक्षण कार्य के लिये आवश्यक निर्माण कार्य इसी माह पूरा किया है। बीते दो माह से मेडिकल कालेज प्रशासन ने एनएमसी के मानक अनुरूप तैयारियां शुरू कर दी थी। अस्पताल के कक्षों में आवश्यक संसाधन स्थापित किये गये हैं। मेडिकल कालेज प्रांगण में कक्षों समेत अन्य सुविधाएं कराई जा रही हैं। आचार्य, सह आचार्य, सहायक आचार्य व सीनियर और जूनियर रेजीडेंट की नियुक्ति की गई थी। इसके बाद मान्यता को आवेदन किया था। प्रधानाचार्य डॉ रीना शर्मा ने बताया कि जुलाई माह में एनएमसी ने वर्चुअल मीटिंग कर विचार विमर्श किया था।और उसके बाद अगस्त माह में निर्माण की समीक्षा के बाद एनएम सी ने मंगलवार को पचास सीटों पर प्रवेश हेतु अनुमति दे दी। प्राचार्य ने बताया कि प्रथम वर्ष के अध्ययन अध्यापन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।आने वाले दिनों में मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं का विस्तार हो जायेगा। प्रथम वर्ष के एमबीबीएस के पचास सीटों पर छात्र प्रवेश ले सकेंगे। मेडिकल कालेज के संचालित होने से चिकित्सकों की कमी पूरी होगी और गम्भीर रोगियों को भी उपचार की सुविधा का लाभ मिलेगा।

राजकीय मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की पचास सीटों की मान्यता मिलने पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, धर्मेश मिश्रा, रमेश सिंह,भास्कर सिंह, वीरेन्द्र तिवारी,प्रदीप सिंह, शिरीष गुप्ता, अर्जुन सिंह भदौरिया, आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय, ध्रुवराज पासी, गुडडू सिंह, बबलू सिंह, संतोष तिवारी,अमिता गौतम सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के प्रति आभार जताया है।

## सम्पादकीय

# मणिपुर पर मरहम

लंबे समय तक अशांत रहे मणिपुर के मुद्दे पर अकसर विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जाते। अब वह प्रतीक्षित यात्रा हकीकत बनी है। कहा जा सकता है कि संघर्षरत राज्य की जनता के बीच विश्वास की कमी को दूर करने का यह सार्थक प्रयास जरूरी था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर को शांति और समृद्धि का प्रतीक बनाने का संकल्प जताया है। लेकिन मौजूदा चुनौतीपूर्ण स्थिति सरकार के संकल्प की परीक्षा लेगी। हालांकि,लगभग ढाई साल पहले भड़की जातीय हिंसा हाल के महीनों में, खासकर फरवरी में राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद कम हो गई है। लेकिन भविष्य में हिंसा की आशंका को निर्मूल नहीं कहा जा सकता है। ऐसी दशा में इस संवेदनशील राज्य में केंद्र सरकार को सामान्य स्थिति की बहाली और दीर्घकालिक शांति स्थापना के लिये हर संभव प्रयास करने चाहिए। दरअसल,राज्य में स्थायी शांति के मार्ग में जो एक सबसे बड़ी बाधा है, वह है पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय और घाटी में रहने वाले बहुसंख्यक मैतेई समुदाय के लोगों के बीच लगातार कम होता विश्वास। ऐसे में सरकार का दायित्व बनता है कि दोनों समुदायों की आकांक्षाओं में संतुलन बनाए। ताकि दोनों समुदायों की चिंता और शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जा सके। विगत में मैतेई समुदाय के लोग अनुसूचित जनजाति का दर्ज़ा दिये जाने की मांग करते रहे हैं। यह एक ऐसा विवादास्पद मुद्दा था, जिसने कुकी-जो समुदाय के लोगों में असुरक्षा व अशांति पैदा कर दी। जिसे दूर किए जाने की सख्त जरूरत है। दरअसल, हाल के हिंसक संघर्ष ने राज्य में मतभेदों को मनभेद में बदल दिया है। कुकी-जो विधायकों के एक समूह, जिसमें भाजपा के भी सात विधायक शामिल हैं, ने कहा है कि 'दोनों पक्ष केवल अच्छे पड़ोसियों के रूप में शांति से रह सकते हैं,लेकिन फिर कभी एक छत के नीचे नहीं।' उनकी मांग रही है कि गैर-मैतेई समुदायों के लिये अलग विधायिका सहित अलग केंद्रशासित प्रदेश बनाया जाए। यह सोच दोनों समुदायों के बीच गहरे मतभेद को उजागर करती है, जिसने मणिपुर को गहरी क्षति पहुंचायी है। इस पूर्वोत्तर राज्य में विधानसभा चुनाव होने में अभी डेढ़ साल बाकी है। राज्य में हिंसा की पुनरावृत्ति रोकने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर है ताकि विधानसभा चुनाव में देरी न हो। केंद्र सरकार को विधानसभा को लंबे समय तक निलंबित रखने के फायदे और नुकसान का भी आकलन करना होगा। लेकिन फिलहाल, प्राथमिकता के आधार पर ध्यान विस्थापित परिवारों के पुनर्वास पर देने की जरूरत है। उससे भी महत्वपूर्ण, राज्य में सक्रिय चरमपंथी समूहों के लोगों को हथियार डालने के लिये प्रोत्साहित करने की जरूरत है। विकास परियोजनाओं पर काम जल्दी शुरू करने तथा उनके क्रियान्वयन में तेजी लाने से भी मणिपुर के लोगों का विश्वास हासिल करने में मदद मिलेगी। ऐसे तमाम प्रयास मणिपुर के आहत लोगों की विश्वास बहाली में मददगार साबित हो सकते हैं। निस्संदेह, इस बार केंद्र सरकार की तरफ से कोई चूक नहीं होनी चाहिए।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर को शांति और समृद्धि का प्रतीक बनाने का संकल्प जताया है। लेकिन मौजूदा चुनौतीपूर्ण स्थिति सरकार के संकल्प की परीक्षा लेगी। हालांकि,लगभग ढाई साल पहले भड़की जातीय हिंसा हाल के महीनों में, खासकर फरवरी में राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद कम हो गई है। लेकिन भविष्य में हिंसा की आशंका को निर्मूल नहीं कहा जा सकता है।

# निर्माण और शिल्पकला के देवता भगवान विश्वकर्मा

**17 सितंबर जयंती पर विशेष**

**पौराणिक मान्यताओं के अनुसार चार युगों में विश्वकर्मा जी ने कई नगर और भवनों का निर्माण किया। विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योहार मनाते हैं। कहा जाता है कि भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निर्माता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है दुनिया का निर्माण करने वाला। विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं, जिन्होने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होनें ही देवताओं के विमानों की रचना की। भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है, जिसमें उन्हें ब्रह्मांड के निर्माता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिवलिंग की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं। विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तुतंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है।**

भगवान विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में इन्हें सृष्टि के दिव्य शिल्पकार, देवताओं के वास्तु विशेषज्ञ और पहले इंजीनियर के रूप में पूजा जाता है। विश्वकर्मा रचनात्मकता, तकनीकी कौशल और नवाचार के प्रतीक हैं। उनके सम्मान में भाद्रपद मास की सूर्यकन्या संक्रांति पर विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। यह वह दिन है जब सूर्य सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करता है। इस दिन मजदूर, कारीगर, इंजीनियर, आर्किटेक्ट और उद्योगपति अपने औजारों और मशीनों की पूजा करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार चार युगों में विश्वकर्मा जी ने कई नगर और भवनों का निर्माण किया। विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योहार मनाते हैं। कहा जाता है कि भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निर्माता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है दुनिया का निर्माण करने वाला। विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं, जिन्होने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होनें ही देवताओं के विमानों की रचना की। भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है, जिसमें उन्हें ब्रह्मांड के निर्माता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिवलिंग की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं। विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तुतंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तुविद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाए भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वाकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है। पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं। विश्वकर्मा जयंती का औद्योगिक जगत और भारतीय कलाकारों, मजदूरो, इंजीनियर्स आदि के लिए खास महत्व है। विश्वकर्मा जयंती जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरयाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में मनायी जाती है। नेपाल में भी विश्वकर्मा पूजा को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। विश्वकर्मा के पूजन और उनके बताये वास्तुशास्त्र के नियमों का अनुपालन कर बनवाये गये मकान और दुकान शुभ फल देने वाले माने जाते हैं। इनमें कोई वास्तुदोष नहीं माना जाता। औद्योगिक श्रमिकों द्वारा इस दिन बेहतर भविष्य, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की जाती है। देश के कई हिस्सों में काम बंद रखा जाता है। विभिन्न प्रदेशों की सरकार विश्वकर्मा जयन्ती पर अपने कर्मचारियों को सावेतनिक अवकाश प्रदान करती है। यह त्योहार मुख्य रूप से दुकानों, कारखानों और उद्योगों द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर, कारखानों और औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिक अपने औजारों की पूजा करते हैं। विश्वकर्मा वैदिक देवता के रूप में सर्वमान्य हैं। इनको गृहस्थ आश्रम के लिए आवश्यक सुविधाओं का निर्माता और प्रवर्तक भी कहा गया है। अपने विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान के कारण देवशिल्पी विश्वकर्मा मानव समुदाय ही नहीं वरन देवगणों द्वारा भी पूजित हैं। देवता, नर, असुर, यक्ष और गंधर्व सभी में उनके प्रति सम्मान का भाव है। भगवान विश्वकर्मा के पूजन- अर्चना किये बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यो में प्रयुक्त होनेवाले औजारों, कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है। विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तु देव थे। जिन्हें शिल्पशास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तु देव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पद चिह्नों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तुशिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ मानाजाता है। पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्ग लोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुर राज रावण की स्वर्णनगरी लंका, भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है। पौराणिक कथाओं में इन उत्कृष्ट नगरियों के निर्माण के रोचक विवरण मिलते हैं। ओडिशा का विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर तो विश्वकर्मा के शिल्प कौशल का अप्रतिम उदाहरण माना जाता है। विष्णु पुराण में उल्लेख है कि जगन्नाथ मंदिर की अनुपम शिल्प रचना से खुश होकर भगवान विष्णु ने उन्हे शिल्पावतार के रूप में सम्मानित किया था। महाभारत में पांडव जहां रहते थे उस स्थान को इंद्रप्रस्थ के नाम से जाना जाता था। इसका निर्माण भी विश्ववकर्मा ने किया था। कौरव वंश के हस्तिनापुर और भगवान कृष्ण के द्वारका का निर्माण भी विश्वणकर्मा ने ही किया था। सतयुग का स्वर्ग लोक, त्रेतायुग की लंका, द्वापर की द्वारिका और कलयुग के हस्तिनापुर आदि के रचयिता विश्वकर्मा जी की पूजा अत्यन्त शुभकारी है। सृष्टि के प्रथम सूत्रधार, शिल्पकार और विश्व के पहले तकनीकी ग्रन्थ के रचयिता भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं की रक्षा के लिये अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया था। विष्णु को चक्र, शिव के त्रिशूल, इंद्र को वज्र,



हनुमान को गदा और कुबेर को पुष्पक विमान विश्वकर्मा ने ही प्रदान किये थे। सीता स्वयंवर में जिस धनुष को श्रीराम ने तोड़ा था वह भी विश्वकर्मा के हाथों बना था। जिस रथ पर निर्भर रहकर श्रेष्ठ धनुर्धर अर्जुन संसार को भस्म करने की शक्ति रखते थे उसके निर्माता विश्वकर्मा ही थे। पार्वती के विवाह के लिए जो मण्डप और वेदी बनाई गई थी वह भी विश्वकर्मा ने ही तैयार की थी। माना जाता है कि विश्वकर्मा ने ही लंका का निर्माण किया था। इसके पीछे कहानी है कि शिव ने माता पार्वती के लिए एक महल का निर्माण करने के लिए भगवान विश्वकर्मा से कहा तो विश्वकर्मा ने सोने का महल बना दिया। इस महल के पूजन के दौरान भगवान शिव ने राजा रावण को आंमत्रित किया। रावण महल को देखकर मंत्रमुग्ध हो गया और जब भगवान शिव ने उससे दक्षिणा में कुछ देने को कहा तो उसने महल ही मांग लिया। भगवान शिव उसे महल देकर वापस पर्वतों पर चले गए। विश्वकर्मा ने देवताओं के लिए उड़ने वाले रथों का निर्माण किया था। विश्वकर्मा ने देवताओं के राजा इंद्र का हथियार वज्र का निर्माण किया था। वज्र को ऋषि दधीचि और अज्ञेयस्त्र की हड्डियों से बनाया गया है। भगवान विष्णा का सुदर्शन चक्र उनकी शक्तिशाली रचनाओं में से एक था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितंबर, 2023 को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रारम्भ की थी। इसमें अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों को संपूर्ण सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना में 18 व्यवसायों में लगे कारीगर और शिल्पकार शामिल हैं, जैसे बढ़ई, नाव निर्माता, कवचकार, लोहार, हथौड़ा और औजार बनाने वाला, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, पत्थर तोड़ने वाला, चर्मकार, जूते बनाने वाले, राजमिस्त्री, टोकरी,चटाई, झाड़ू बनाने वाला, बुनकर, गुड़िया और खिलौने बनाने वाला (पारंपरिक), नाई, माला बनाने वाला (मालाकार), धोबी, दर्जी और मछली पकड़ने के जाल बनाने वाले लोग शामिल हैं। पीएम विश्वकर्मा योजना में पीएम विश्वकर्मा प्रमाणपत्र और पहचान पत्र के माध्यम से मान्यता, कौशल सत्यापन के माध्यम से कौशल उन्नयन, बुनियादी कौशल, उन्नत कौशल प्रशिक्षण, उद्यमशीलता ज्ञान, 15,000 रुपये तक के टूलकिट प्रोत्साहन, तीन लाख रुपये तक की ऋण सहायता दी जाती है। **-रमेश सर्राफ धमोरा**

# मणिपुर में एक नई भोर

**मृत्युंजय दीक्षित**

**प्रधानमंत्री मोदी की मणिपुर यात्रा के दौरान हिंसा पीड़ितों से भेंटत करते हुए उन्हें सुरक्षा शांति तथा विकास का भरोसा दिया।**

मई 2023 में मणिपुर हाईकोर्ट के एक फैसले के बाद मैतेयी और कुकी समुदायों के मध्य भड़की हिंसा के बाद में अब तक 26 लोग मारे गए जा चुके हैं तथा 6 हजार से अधिक लोगों के विस्थापित हो चुके हैं। इस संघर्ष के आरम्भ के समय से ही भारत के सभी विपक्षी दल निरंतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सरकार पर हमलावर थे और उनका एक ही प्रश्न था कि मोदी जी मणिपुर कब जाएंगे ? मणिपुर को लेकर संसद ठप रखी गई। मणिपुर में महिलाओं पर हिंसा के बाद सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप किया। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की खंडपीठ ने मणिपुर की स्थिति का जायजा लेने के लिए वहां का दौरा किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी व अन्य नेतागण अपनी अपनी राजनीति को चमकाने के लिए मणिपुर के हालातों को हथियार बनाते रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी कई अवसरों पर मणिपुर पर अपनी चिंता व्यक्त की। विरोधी दलों के भारी दबाव के कारण भाजपा को अपनी ही सरकार हटाकर राष्ट्रपति शासन लागू करना पड़ा। अब प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मणिपुर दौरे सभी को उचित उत्तर दे दिया है किंतु अब विरोधी दलों को इसमें रुचि नहीं रही क्योंकि उनका मणिपुर नैरेटिव फिलहाल समाप्त होता दिख रहा है। जिस समय भारत में मणिपुर हिंसा पर राजनीति चरम पर थी उस समय यूरोपीय संघ की संसद में मणिपुर को लेकर एक प्रस्ताव पारित हुआ था जिसे केंद्र सरकार ने भारत के आंतरिक मामले में हस्तक्षेप बताते हुए खारिज कर दिया था अतः मणिपुर को लेकर कांग्रेस ने जो देश विरोधी वैश्विक नैरेटिव चलाया था वह भी अब ध्वस्त हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर को भारत की मणि बताते कुकी बहुल हिंसा से सर्वाधिक प्रभावित चुराचांदपुर के लिए 7, 300 करोड़ रुपए से अधिक और मैतेई बहुल इंफाल के लिए 1,200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की घोषणा कर प्रधानमंत्री ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि सरकार ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत उनके साथ है। प्रधानमंत्री मोदी की मणिपुर यात्रा के दौरान हिंसा पीड़ितों से भेंटत करते हुए उन्हें सुरक्षा शांति तथा विकास का भरोसा दिया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि मणिपुर में उम्मीद और विश्वास की नई सुबह दस्तक दे रही है। किसी भी स्थान पर विकास के लिए शांति बहुत अनिवार्य है।आपसी संवाद और भरोसे से ही विवाद को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार मणिपुर के विभिन्न समुदायो के बीच आपसी संवाद, सम्मान और समझौते को महत्व देते हुए शांति की स्थापना के लिए निरंतर प्रयास ररही है। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से पूर्व गृह मंत्रालय के लगातार प्रयासों के बाद दोनो समुदायों के बीच तनाव कम करने के काफी प्रयास किये है जिनका प्रभाव दिखाई पड़ने लगा है। लगातार चल रहे संवाद के कारण ही कुकी बहुल क्षेत्र से होर चलने वाली एनएच दो हाईवे अब पूरी तरह से खुल गया है और जनता व वस्तुओं की आवाजाही शुरू हो चुकी है। मणिपुर में अभी शांति के लिए कई अहम पड़ाव आने हैं । मैतेयी ओर कुकी समुदाय के बीच कुछ मतभेद अभी भी बरकरार हैं जिनको सुलझाने के प्रयास जारी है। इसमें कुकी समुदाय के लोग मणिपुर की छत के नीचे ही अपने लिए एक अलग व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। समस्या का अब उचित समाधान निकलने की आस जग गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने विकास कार्यों के लोकार्पण के बाद जब विशाल रैली को संबोधित किया जिसमें लाखों लोगों की भीड़ उमड़ी जो मोदी -मोदी के नारे लगा रही थी । प्रतीत हो रहा था कि जनसमुदाय मान चुका है कि प्रधानमंत्री मोदी के आने से मणिपुर में विकास और शांति का एक नया युग प्रारंभ होगा।

## सेहत मंत्र

# मेटाबॉलिक, इम्यून और नर्वस सिस्टम के लिए जरूरी है विटामिनयुक्त आहार

विटामिन्स हमारे शरीर के लिए जरूरी हैं। विटामिन्स हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और बीमारियों से लड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा ये विटामिन्स हमारे मेटाबॉलिज्म, इम्यून सिस्टम और नर्वस सिस्टम के लिए बहुत जरूरी होते हैं। इनके बिना शरीर के अंगों को काम करने के लिए उचित पोषण नहीं मिल पाता है। इसलिए हमें अपने आहार में विटामिन को जरूर शामिल करना चाहिए। आइए आपको बताते हैं कितने जरूरी हैं विटामिनयुक्त आहार हमारे लिए। विटामिन बी ऊर्ज़ा के स्तर को बढ़ाता है, मूड को नियंत्रित करता है, और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देता है। इसके अलावा विटामिन हमारे वजन को भी नियंत्रित रखता है, इम्यून और नर्वस सिस्टम सुचारु रखता है, हड्डियां को मजबूत और मांसपेशियां स्वस्थ होती हैं। विटमिन बी की कमी कुपोषण और डायबिटीज के लिए भी जिम्मेदार होती है। इसकी कमी से भावनात्मक असंतुलन, डायरिया, डिप्रेशन, डिमेंशिया, हाइपरटेंशन, एनीमिया और पीरियड्स की गड़बड़ी जैसे कई रोग हो सकते हैं। विटामिन बी फिश, सी-फूड, दुग्ध उत्पाद, हरी पत्तेदार सब्जियां, मटर, बींस, अंडे और चिकन आदि से मिल सकता है। विटामिन बी 6 शरीर की प्रतिरक्षा-तंत्र को मजबूत कर विभिन्न संक्रमणों और बीमारियों से हमारी रक्षा करता है। इसके अलावा ये हमारे नर्वस सिस्टम के लिए भी बहुत जरूरी विटामिन है। इसके अलावा यह लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण के लिए भी जरूरी है। विशेषज्ञ कहते हैं कि जितना ज्यादा प्रोटिन का सेवन किया जाता है, विटामिन बी6 की जरूरत भी उतनी ही पड़ती है। इसकी कमी से मुंह और जीभ संबंधी समस्याएं, अवसाद व शरीर का कोई भी भाग सुन्न होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यह विटामिन मांस, मछली, अंडे, आलू व शकरकंद तथा सभी प्रकार के साबुत अनाजों में भी मिलता है।

## धर्म मंत्र

# इन शनि मंदिरों में दर्शन कर आप पा सकते हैं मनवांछित फल

मध्य प्रदेश के मुरैना के शनि पर्वत पर स्थित त्रेतायुगीन शनि मंदिर पर देश के कोने-कोने से दर्शन करने आते हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की शनिदेव के प्रति असीम आस्था है। श्रद्धालु शनिदेव से यहां सुख समृद्धि और शांति के लिए आराधना करने आते हैं। 15 मई को शनि जयंती पर यहां एक महोत्सव जैसा माहौल था। शनि जयंती के दिन शनि देव की पूजन करना एक संयोग भी माना जाता है। शनि देव सौर मंडल का सबसे महत्वपूर्ण गृह हैं। जो व्यक्ति के कर्म अनुसार अच्छे बुरे कर्म फल के निर्णायक हैं। शनि को मृत्युलोक का न्यायाधीश माना गया है। इसलिए भी शनिदेव की आराधना बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। पुराणों के अनुसार सूर्यदेव की दूसरी पत्नी छाया के गर्भ से जन्मे शनि के श्याम रंग को देखकर सूर्य ने अपनी पत्नी छाया पर आरोप लगाते हुए शनि को अपना पुत्र मानने से इंकार कर दिया। इस कारण शनिदेव अपने पिता सूर्य से शत्रुभाव रखने लगे। उन्होंने भगवान शिव की कठोर तपस्या कर अनेक शक्तियां प्राप्त कीं। सभी ग्रहों में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया, यमराज शनिदेव के भाई और यमुना बहन हैं। देश में विख्यात मुरैना का त्रेता युगीन शनि मंदिर से ही शनि शिंगणापुर महाराष्ट्र में 1817 के आसपास शिला से शनिदेव की स्थापना की गयी। इंदौरः माता अहिल्या की नगरी इंदौर में शनि देव का प्राचीन मंदिर है। शहर के बीचोंबीच जूनि इंदौर में यह स्थित यह मंदिर करीब 300 साल पुराना है। इस मंदिर के बारे में एक सच्ची कहानी है कि यहां के अंधे पुजारी को शनि देव ने प्रसन्न होकर आंखें दी थीं।

## पर्यटन



# बोधगया में भगवान बुद्ध को हुई थी ज्ञान की प्राप्ति

देश के बिहार राज्य में स्थित बौद्ध गया शहर में बना महाबोधि मंदिर बौद्ध धर्म का सबसे महत्वपूर्ण केन्द्र और पवित्र स्थानों में माना जाता है। यहीं पर बोधि वृक्ष के नीचे गौतम बुद्ध को केवल्य ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यह मंदिर वास्तुकला व बौद्ध धर्म की परम्पराओं का सुन्दर नमूना है। विभिन्न धर्मों एवं सम्प्रदायों के लोग यहां आध्यात्मिक शांति की तलाश में आते हैं। 19वीं सदी में ब्रिटिश पुराविद् कनिंघम तथा भारतीय पुराविद् डॉ. राजेन्द्र लाल के निर्देशन में 1883 ई. में यहां खुदाई की गई और काफी मरम्मत के बाद मंदिर के पुराने वैभव को स्थापित किया गया। ऐतिहासिक एवं धार्मिक बौद्ध मंदिर को वर्ष 2002 ई. में यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत सूची में शामिल कर इसे विश्व विरासत घोषित किया गया। यहां देश के ही नहीं पूरे विश्व के पर्यटक खास कर बौद्ध मत में विश्वास रखने वाले धर्मावलम्बी बड़ी संख्या में यहां आते हैं। यह मंदिर विश्व के मानचित्र पर अपना विशेष धार्मिक महत्व रखता है। मंदिर का निर्माण सम्राट अशोक द्वारा किया गया था। मंदिर में भगवान बुद्ध की पद्मासन मुद्रा में भव्य मूर्ति स्थापित है। जनश्रुति के अनुसार यह मूर्ति उसी जगह स्थापित है जहां बुद्ध को कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। मंदिर के चारों ओर पत्थर की नक्काशीदार रेलिंग लगी है जो प्राचीन अवशेष है। मंदिर की दक्षिण दिशा में 15 फीट ऊँचा अशोक स्तम्भ नजर आता है जो कभी 100 फीट ऊँचा था। मंदिर पेगोडानुमा बहुअलंकृत आर्य एवं द्रविड शैली में 170 फीट ऊँचा है। मंदिर परिसर में उन सात स्थानों को भी चिन्हित किया गया है जहां बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद सात सप्ताह व्यतीत किये थे। मुख्य मंदिर के पीछे बुद्ध की सात फीट ऊँची लाल बलुआ पत्थर की विराजन मुद्रा में मूर्ति स्थापित है। मूर्ति के चारों ओर लगे विभिन्न रंगों के पताके मूर्ति को आकर्षक बनाते हैं। मूर्ति के आगे बलुआ पत्थर पर बुद्ध के विशाल पदचिन्ह बने हैं, जिन्हें धर्म चक्र परिवर्तन का प्रतीक माना जाता है। यहां बुद्ध ने पहला सप्ताह बिताया था। परिसर में स्थित बोधि वृक्ष एवं खड़ी अवस्था में बनी बुद्ध की मूर्ति स्थल को अनिमेश लोचन कहा जाता है।

# सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक, मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें जिम्मेदार अधिकारी : डीएम

## सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने का भरोसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। आगामी नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा एवं दीपावली पर्व के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में आज सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय , मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन,अपर जिलाधिकारी न्यायिक राज कुमार यादव,अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह,जॉइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम रामनगर सुश्री गुंजिता अग्रवाल, सहित जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारीगण, संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा सेंट्रल पीस कमेटी के सम्मानित सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने पीस कमेटी के सभी सम्मानित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी त्यौहार हमारी संस्कृति के बहुत ही महत्वपूर्ण पर्व हैं। उन्होंने कहा कि नकारात्मक भावों को पीछे रखते हुए हमें सकारात्मकता के भाव को वरीयता देनी चाहिए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने काउंटर पार्ट्स पुलिस अधिकारियों के साथ मूर्ति विसर्जन स्थलों सहित समस्त महत्वपूर्ण स्थलों का पैदल रूट मार्च कर लें, ताकि किसी प्रकार की चूक न हो। उन्होंने नवरात्रि व दुर्गा पूजा के अवसर पर मंदिरों व पंडालों में साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। दशहरा पर्व के अवसर पर रावण वध एवं शोभायात्रा स्थलों पर भीड़



प्रबंधन, बैरिकेटिंग, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा बलों की तैनाती तथा सीसीटीवी/ड्रोन कैमरों से निगरानी के निर्देश दिए। दीपावली के दौरान अग्नि सुरक्षा हेतु विशेष सतर्कता की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा पंडालों में फायर सेफ्टी से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सभी को अवगत कराया गया और आयोजकों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक पंडाल में अग्निशमन यंत्र व सुरक्षा व्यवस्था अवश्य हो। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शोभायात्राओं और सार्वजनिक आयोजनों के दौरान कानून-व्यवस्था को हर हाल में बनाए रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही डीजे मानक ध्वनि स्तर पर बजेंगे, किसी प्रकार की अवहेलना पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मूर्ति विसर्जन स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। उन्होंने साथ ही कहा कि सोशल मीडिया पर कोई भी अफवाह या भ्रामक जानकारी फैलने न पाए, इसके लिए साइबर सेल व पुलिस प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी की जाएगी। बैठक में उपस्थित धर्मगुरुओं, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे सभी पर्वों को शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने में पूर्ण सहयोग करेंगे और जनपद में सामाजिक समरसता की मिसाल को बनाए रखेंगे।

## यूपी सरकार दाखिल करेगी पुनर्विचार याचिका, शिक्षकों ने जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश सरकार ने टीईटी संबंधी आदेश पर पुनर्विचार याचिका दाखिल करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस फैसले का स्वागत करते हुए अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुशील पाण्डेय ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने 1 सितंबर को आदेश जारी कर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए सेवा में बने रहने हेतु टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया था। इस आदेश के विरोध में शिक्षक संघ लगातार आंदोलनरत थे और ज्ञापन के माध्यम से सरकार से पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग कर रहे थे।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बाराबंकी के जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि यह आदेश गलत तथ्यों के आधार पर हुआ है। हम पहले दिन से ही सरकार और केंद्र से निवेदन कर रहे थे कि शिक्षकों के भविष्य को देखते हुए मामले को उच्चतम न्यायालय में पुनः प्रस्तुत किया जाए।मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि बेसिक शिक्षा विभाग के सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का रिवीजन दाखिल करने का निर्देश विभाग को दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शिक्षक अनुभवी हैं और उन्हें समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है। ऐसे में उनकी वर्षों की सेवा और योग्यता की उपेक्षा करना उचित नहीं है।डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की इस पहल से शिक्षक संघ और प्रदेश के सभी शिक्षक आभारी हैं और सरकार के इस कदम का स्वागत करते हैं।

## 'इलाज' की जगह निकला 'इम्तिहान', दवा मंडी में औषधि निरीक्षकों का हल्ला बोल

**आगरा से बरामद हुई नकली खेप का सुराग बाराबंकी तक पहुँचा**

**अलेग्रा दवा सीज, नमूने भेजे गए प्रयोगशाला**





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। दवा मंडी में सोमवार का दिन किसी फिल्मी छापेमारी सीन से कम नहीं रहा। औषधि निरीक्षक राजिया बानो और आलोक कुमार त्रिवेदी की संयुक्त टीम जब लखन मार्केट पहुँची तो दुकानदारों के चेहरों पर हंसी गायब और दिल की धड़कनें तेज हो गईं।

मामला भी ऐसा था कि हंसने की जगह सबको सोचने पर मजबूर होना पड़ा। आगरा में पकड़ी गई नकली दवाओं का सिलसिला अब बाराबंकी की अलमारियों तक पहुँच चुका था।छापेमारी के दौरान विशाल एंटरप्राइजेज की शेल्फ पर अलेग्रा 120 एमजी की बैच नम्बर 5एनजी009 और 5एनजी001 मिली।

वही बैच जो आगरा में नकली दवाओं के रूप में पहले ही सुर्खियां बटोर चुकी थी। टीम ने सोचा, ''जनता की सेहत मजाक नहीं है,'' और मौके पर ही दवा सीज कर क्रय-विक्रय पर रोक लगा दी। दुकानदारों के चेहरे पर उस वक्त जो हावभाव थे, उन्हें देख कोई भी कह देता''दवा की बोतलें चुप हैं, पर अलमारी सब बयां कर रही है।'' निरीक्षण के दौरान पाँच और दवाओं के नमूने भी उठाकर प्रयोगशाला भेज दिए गए। अब सबकी निगाहें लैब रिपोर्ट पर हैं। मरीज सोच रहे हैं कि रिपोर्ट में आएगा इलाज का भरोसा या धोखे की परतें।इस पूरी कार्रवाई के बाद दवा मंडी में खलबली मच गई। कारोबारी आपस में कानाफूसी करने लगे–''दवा बेचनी है या हर बार निरीक्षण का टेस्ट देना है?'' सवाल यह भी उठा कि आखिर इतनी बड़ी मंडी में नकली माल कैसे घुस आया? लगता है दवा कारोबारियों और जिम्मेदार विभागों की आँख-मिचौली का खेल लंबे समय से चल रहा है।सरकारी फाइलों में वर्षों से लिखा जाता रहा है कि नकली, नशीली और प्रतिबंधित दवाओं की रोकथाम हो रही है। लेकिन असलियत यह है कि हर छापेमारी के बाद नकली धंधा थोड़े दिन दबता है और फिर नई बोतल, नया लेबल और वही पुराना खेल शुरू हो जाता है। जनता अब भी यही उम्मीद कर रही है कि यह कार्रवाई केवल अखबार की सुर्खियों तक सीमित न रहे बल्कि लंबे समय तक असर छोड़े। वरना मरीजों का ताना पहले से तैयार है इलाज नहीं, धोखा मिल रहा है डॉक्टर साहब।

## ऑटो चलाक ने किया कर मासूमों का अपहरण, ऑटो से कूदी बच्ची, सुरक्षित

निंदूरा बाराबंकी। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के सरैया मातबर नगर रेलवे क्रॉसिंग के निकट भगोली की ओर से आया ऑटो चालक चार बच्चों का अपहरण कर फरार हो गया।अपहरण वारदात भांप उनमें से एक बालिका निहारिका ऑटो से कूदकर पड़ी।लेकिन टेंपो चालक अन्य तीन बच्चे ले जाने में सफ़ल रहा ।घर पहुंची निहारिका ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। बताते हैं कि उक्त गांव निवासी वीरेन्द्र व फिरोज घूमंतू जाति के है। दोनों के बच्चे शेखर छः वर्ष,मिनी नौ र्ष, शहरीन 11 वर्ष व निहारिका 12, दो दिन पूर्व घर से घूमने निकले थे।मंगलवार को परिजनों ने भगौली चौकी पर मामले की तहरीर दी है।बड्डूपुर मनोज कुमार ने बताया कि बच्चे रेलवे क्रासिंग पर रुकने वाले वाहनों से भीग मांगते थे। टेंपो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया।आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## दहेज हत्या, आरोपी पति को 10 साल कठोर कारावास, अर्थ दंड भी

बाराबंकी । अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट अंजनी कुमार सिंह ने दहेज हत्या के एक मामले में अभियुक्त पति को 10 वर्ष की कठोर कैद व ?15000 जुर्माना की कड़ी सजा सुनाई । सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता वरुण मिश्रा ने बताया कि जनपद रायबरेली के थाना बछरावां के ग्राम झामखेड़ा मजरे अटरा निवासी रामेश्वर मौर्य ने अपनी पुत्री की शादी 7 जून 2007 को थाना सुबहा क्षेत्र में किया था। ग्राम थलवारा थाना सुबहा निवासी पति चंद्रगुप्त मौर्य, ससुर राम लखन मौर्य व सास सुंदारा उसे दहेज में मोटरसाइकिल व जंजीर की मांग को लेकर मारते पीटते थे व प्रताड़ित करते थे। लक्ष्मी देवी बहन की शादी में बड़ी के घर आई थी जिसे 5 जुलाई 2020 को उसके पति विदा करा कर अपने साथ ले गए थे ।दो दिन बाद 7 जुलाई शाम को दामाद चंद्रगुप्त ने फोन कर कहा कि अपनी लड़की और सारा सामान ले जाओ वापस ले जाओ या तो मोटरसाइकिल और सोने की चैन दे जाओ ।दूसरे दिन सुबह जब वादी ने फोन कर उसे समझाने का प्रयास किया तो उसने गाली गलौज की और कहा तुम्हारी लड़की को जान से मार देंगे। चंद्रगुप्त व उसके घर वालों ने योजनाबद्ध तरीके से लक्ष्मी देवी की फांसी लगाकर हत्या कर दी ।जब वादी के पुत्र रजनीश ने शाम को बात करनी चाही तो चंद्रगुप्त ने कहा वह मर गई है और शव ले जाओ ।तब वादी व परिजन वहां पहुंचे और थाना सुबहा में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। गवाहों के बयान वह दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात न्यायाधीश ने अभियुक्त पति चंद्रगुप्त मौर्य को दोषी पाते हुए 10 वर्ष के कठोर कैद वह ?15000 अर्थ जन्म से दंडित किया है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-टेली/टेंडर/04/2025-26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे पर 03 वर्ष की अवधि के लिए 24 फाइबर ओएफसी केबल नेटवर्क के रखरखाव के लिए बाराबंकी-अयोध्या कैंट, अयोध्या-जलालपुरढही, अकबरपुर-टांडा, फाफामऊ-अयोध्या कैंट, डलमऊ-दरियापुर, उन्नाव-ऊँचाहार सेक्शन और सभी एल.एम.सी सहित वितरित ई. आई स्टेशनों में अनुभागीय ओ.एफ.सी के रखरखाव का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु. 2,43,40,450.31/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,71,700.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीने |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 02.10.2025 15:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.– 106–टेली/टेंडर/04/2025–26 दिनांक 11.09.2025 2817/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## वायरल बुखार की आड़ में झोलाछाप डॉक्टरों का धंधा तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी। सिद्धौर क्षेत्र में इन दिनों वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम, खांसी और पेचिश जैसी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। हालात यह हैं कि पिछले तीन दिनों में बड़ी संख्या में लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगी रहती है, ऐसे में मजबूर होकर ग्रामीण झोलाछाप डॉक्टरों की शरण लेने लगे हैं।लेकिन असली खतरा यहीं से शुरू होता है। गांव-देहात में जगह-जगह बैठे ये झोलाछाप डॉक्टर न तो प्रशिक्षित हैं और न ही रजिस्टर्ड। मरीज के पहुंचते ही वे ग्लूकोज की बोतल टांग देते हैं और लाल-पीली गोलियां थमा देते हैं। अनपढ़ ग्रामीण इनके झांसे में आकर न केवल ठगे जा रहे हैं, बल्कि अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।भानमऊ, असदमऊ, सैदनपुर, सादुल्लापुर, कोठी, लाखूपुर, कैसरगंज, रसूलपुर और सिद्धौर समेत कई जगहों पर बिना लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन के बड़े-बड़े अस्पताल खोलकर ये झोलाछाप खुलेआम धंधा चला रहे हैं। हालत बिगड़ने पर यही डॉक्टर मरीजों को नर्सिंग होम में भर्ती कराकर मोटी रकम ऐंठ लेते हैं।सीएचसी सिद्धौर के प्रभारी संजय पांडे का कहना है जैसे ही उच्च अधिकारियों से आदेश मिलेगा, झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो वायरल बुखार से भी ज्यादा खतरनाक ये झोलाछाप डॉक्टर साबित होंगे।

## डंफर से कुचलकर बाइक सवार की मौत

रामनगर बाराबंकी। लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग 927 पर चौकाघाट रेलवे क्रासिंग के पास मंगलवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ।तेज रफ्तार डंफर से कुचलकर 30 वर्षीय बाइक सवार मोहित कुमार निवासी तिवारीगंज लखनऊ की मौके पर ही मौत हुई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर को रामनगर के निकट केसरीपुर के पास पकड़ लिया और चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।स्थानीय लोगों ने घटना पर आक्रोश जताते हुए हाईवे पर ट्रैफिक नियंत्रण की व्यवस्था की मांग की है।

## मोबाइल नगदी समेत धरा गया चोर

जैदपुर बाराबंकी।थाना पुलिस ने मकबूल गंज तिराहे के पास अरूण उर्फ अप्पी यादव पुत्र उमेशचन्द्र निवासी ग्राम इनामीपुर कटरा को चोरी का मोबाइल व 2500 नगदी समेत गिरफ्तार किया। पूछताछ में अरुण ने चोरी की घटना स्वीकार की।

## जन्मदिन पर शिक्षक ने किया वृक्षारोपण



**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकासखंड क्षेत्र के स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा में मंगलवार को अध्यापक नीरज कुमार ने अपने जन्मदिवस पर विशेष पहल की। उन्होंने करीब डेढ़ दर्जन पौधे खरीदे और स्वयं पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्टाफ प्रवक्ता योगिंदर कौर, कुमार नंदन, अध्यापक नीलेश कुमार सिंह, कनिष्ठ लिपिक संतोष कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्यों से भी पौधे रोपित करवाए। नीरज कुमार ने संदेश दिया कि वृक्ष हैं तो हम हैं, इसलिए अधिक से अधिक पौधे लगाएँ और प्राणवायु प्राप्त करें।

## योजनाओं का लाभ पात्रों तक अवश्य पहुंचे : बीडीओ

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लाक सभागार मे राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज योजना के तहत चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रतिभागी जनप्रतिनिधियों को खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने ब्लाक स्तरीय विभाग के अध्यक्षों को निर्देशित किया कि एलएसडीजी के 9 थीम के अनुरूप अपने–अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को जीपीडीपी में सम्मिलित कर सरकारी योजनाओं का लाभ ग्राम पंचायत स्तर तक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए। खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सभी संबंधित विभाग के अधिकारी पीएआई इंडीकेटर्स के अनुसार अपने अपने विभाग से सम्बंधित बिंदुओं की निरंतर समीक्षा करने के साथ इंडीकेटर्स को अद्यतन भी करते रहे। स्टेट ट्रेनर अनुप कुमार व रितिका सोनकर ने सतत विकास लक्ष्य में ग्राम पंचायत की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए फिल्म का प्रदर्शन किया। इस मौक़ेपर ग्राम प्रधान सोमनाथ राजपूत, नीरज कुमार, बलजीत, रामसिंह, पंचायत सचिव कमलेश कुमार, बीना मौर्या, वंदना पाल आदि लोग मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-BSB-WRL-105-24-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.09.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 26.09.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.09.2025 at 11:30 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |

वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2839/2025


## विशेष अभियान, स्नातक बने नए मतदाता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। जैदपुर मंडल के जैदपुर द्वितीय शक्ति केंद्र में बूथ नंबर 186 पर स्नातक मतदाता बनाए गए। इस मौके पर मंडल महामंत्री आकाश गुप्ता ने स्नातक चुनाव में मतदाताओं के अधिक से अधिक नाम शामिल करने की बात कही। तथा आगामी दिवस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सभी प्रकार की तैयारी पर चर्चा किया तथा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि सुबह जैदपुर के बालाजी प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोग प्रतिभा करें। साथ में पूर्व मण्डल मंत्री व बूथ अध्यक्ष विवेक मौर्या, बूथ अध्यक्ष नदीम जैदी, बूथ अध्यक्ष जफरुल हसन, गोपाल नाग, सब्बू उपस्थित रहे।

**पूर्ण संध्या, पीएम दीर्घायु की दुआ, विकास योजनाओं का भी बखान**

## विधायक ने बताया नरेंद्र से नरेंद्र का आशय





फतेहपुर बाराबंकी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर रामनगर मार्ग स्थित बाबा मैरिज लॉन में भाजपा द्वारा आयोजित हमारे नागरिक कर्तव्य विचार गोष्ठी में विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा व प्रदेश महामंत्री संजय राय सहित कई वक्ताओं ने मोदी के दीर्घायु की कामना कर बधाई प्रेषित की।

मुख्य अतिथि संजय राय ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी स्वामी विवेकानंद के सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तेजी से विकास कर रहा है। कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि ''नरेन्द्र से नरेन्द्र तक'' का आशय विवेकानंद और मोदी से है। उन्होंने जानकारी दी कि एनएच-727 का निर्माण कार्य नवंबर से शुरू होगा, जिसके लिए 250 करोड़ रुपये का मुआवजा किसानों के खातों में भेजा जा चुका है। क्षेत्र में फतेहपुर व निंदूरा में फायर सर्विस स्टेशन, सड़क व इंटरलॉकिंग के साथ कई विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। साथ ही गुरसेल मंदिर, महादेव तालाब मंदिर, बाबा साहब स्मारक ,बाबा मस्तराम आश्रम सहित कई धार्मिक स्थलों का विकास भी कराया गया है।इस मौके पर क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले प्रधानाचार्यो और प्रबंधकगण को प्रशस्तिपत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष शशांक कुशमेश, अवधेश श्रीवास्तव,सुनील विश्वकर्मा ,प्रदीप रावत,विशाल सिंह,नीरज कुमार,राजेश सिंह, महंत हेमंत दास, रंजीत लोधी, करुणा शंकर शुक्ला, विपिन राठौर, सरोज वर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल पैकेट पद्धति से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 13.10.2025 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| निविदा सूचना संख्या | | 09902025 दिनांक 15.09.2025 |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | लखनऊ मण्डल में वरि० मण्डल अभियन्ता–तृतीय/उ० रे०/लख० के कार्य क्षेत्र में 37 संख्या मानवयुक्त समपार फाटकों पर प्रीफैब्रीकेटड शौचालयों का प्रावधान। |
| 2. | अनुमानित लागत | रू. 78,76,080.36 |
| 3. | धरोहर राशि | रू. 1,57,500.00 |
| 4. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह (06) माह। |
| 5. | निविदा डालने का प्रारंभ | 29.09.2025 |
| 6. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 13.10.2025 15:00 बजे |
| 7. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः 1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नही किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रो को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ०रे० नयी दिल्ली का पत्र सं0 74-W/O/Pt-XXV/WA/Loose दिनाँक 07.04.2015

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2825/25

# यूएई के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी पाकिस्तान को

एजेंसी

दुबई। अपनी कमजोरियों और बाहरी विवादों से जूझ रही पाकिस्तान की टीम को बुधवार को यहां एशिया कप में अपने अभियान को पटरी पर बनाए रखने के लिए ग्रुप ए के मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ करो या मरो मैच में खेल के हर विभाग में सुधार करना होगा। भारतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तान के खिलाड़ियों के साथ हाथ नहीं मिलाने से पैदा हुए विवाद के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की है और पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार उसने धमकी दी है कि यदि जिम्बाब्वे के इस रेफरी को नहीं हटाया गया तो वह टूर्नामेंट से हट जाएगा। पाइक्रॉफ्ट को टूर्नामेंट के पाकिस्तान के अंतिम लीग मैच के दौरान मैच रेफरी की भूमिका निभानी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उसकी इस मांग को नामंजूर कर दिया है।



भले ही यह फैसला प्रशासनिक स्तर का है लेकिन पाकिस्तान के खिलाड़ी इससे अपना ध्यान हटा पाएंगे ऐसा मुश्किल लगता है। लेकिन यह कहानी का केवल एक पहलू है, क्योंकि पाकिस्तान को मैदान पर इससे भी अधिक गंभीर समस्याओं का समाधान करना है। पाकिस्तान ने दो मैचों में एक जीत और एक हार दर्ज की है और फिलहाल वह दो अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। नेट रन रेट के आधार पर वह यूएई (दो अंक) से आगे है, लेकिन यहां एक भी चूक उसे बाहर का रास्ता दिखा देगी। भारत के खिलाफ सात विकेट की करारी हार ने इस पाकिस्तानी टीम की कमजोरी उजागर कर दी है। ओमान जैसी कमजोर टीम को बड़े अंतर से हराने के बाद पाकिस्तान को अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण टी-20 में विश्व चैंपियन भारत के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान के बल्लेबाजों के पास भारत के स्पिनरों कुलदीप यादव और अक्षर पटेल का कोई जवाब नहीं था। पाकिस्तानी बल्लेबाज स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के सामने भी मुश्किल में दिखे। पाकिस्तान के उभरते हुए खिलाड़ियों जैसे सैम अयूब, साहिबजादा फरहान और हसन नवाज ने ही कुछ प्रभाव छोड़ा था। यूएई के खिलाफ जीत हासिल करने पर पाकिस्तान सुपर 4 में जगह बना लेगा। भारत पहले ही इस ग्रुप से अगले चरण के लिए क्वालीफाई कर चुका है। पाकिस्तानी गेंदबाजों को भारतीय बल्लेबाजों की आक्रामकता और कौशल के सामने संघर्ष करना पड़ा। लेग स्पिनर अबरार अहमद ने ठीक-ठाक प्रदर्शन किया, लेकिन मोहम्मद नवाज जैसे गेंदबाजों को सफलता नहीं मिली।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतक जड़कर मंधाना फिर बनी दुनिया की नंबर एक वनडे बल्लेबाज

एजेंसी

दुबई। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एक दिवसीय मैच में अर्धशतक जड़ने के दम पर मंगलवार को जारी आईसीसी की महिला बल्लेबाजों की नवीनतम वनडे रैंकिंग में नंबर एक स्थान फिर से हासिल कर लिया। मंधाना ने मुल्लांपुर में तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में 63 गेंदों पर 58 रन बनाए, लेकिन उनका यह प्रयास टीम को जीत नहीं दिला पाया और ऑस्ट्रेलिया ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर 1-0 की बढ़त बना ली। वनडे में फिर से दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बनने से मंधाना का 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप से पहले आत्मविश्वास बढ़ेगा। मंधाना के लिए यह अर्धशतक काफी था जिससे उन्हें सात रेटिंग अंक मिले और वह इंग्लैंड की दिग्गज खिलाड़ी नैट साइवर-ब्रंट से चार अंक आगे हो गईं, जो दूसरे स्थान पर खिसक गईं। मंधाना के



735 जबकि साइवर-ब्रंट के 731 रेटिंग अंक हैं। मंधाना पहली बार 2019 में दुनिया के नंबर एक वनडे बल्लेबाज बनी थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 64 रन बनाने वाली सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल चार स्थान की छलांग लगाकर 42वें स्थान पर पहुंच गईं, जबकि शीर्ष क्रम की बल्लेबाज हरलीन देओल 54 रन की पारी की बदौलत 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए बाएं हाथ की बल्लेबाज बेथ मूनी नाबाद 77 रन की पारी की बदौलत तीन स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गईं, जबकि एनाबेल सदरलैंड (चार स्थान ऊपर) और फोबे लिचफील्ड (13 स्थान ऊपर) ने अर्धशतक जड़कर संयुक्त रूप से 25वां स्थान हासिल कर लिया है। इस मैच को उनकी टीम ने आठ विकेट से जीता था। ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज किम गार्थ और स्पिनर अलाना किंग एक-एक स्थान के सुधार के साथ एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर पहुंच गयी हैं, जो उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

## संक्षिप्त समाचार

### दूसरा महिला वनडे: ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला बराबर करने उतरेगा भारत

**मुलांपुर (पंजाब)।** खराब फील्डिंग के कारण पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में हार का सामना करने वाली भारतीय टीम को अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में वापसी करनी है तो उसे बुधवार को यहां होने वाले दूसरे मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। उसने प्रतीका रावल, करिश्माई सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और हरीन देओल के अर्धशतकों की बदौलत चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लेकिन भारतीय टीम की फील्डिंग अच्छी नहीं रही जो उसकी हार का कारण बना। भारतीय टीम इस महीने के आखिर में शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप की तैयारी में जुटी है जहां उसे ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में किसी भी विभाग में गलती का उसे बड़ा नुकसान पहुंचेगा। पहले वनडे में भारतीय खिलाड़ियों ने चार कैच छोड़े जिसका फायदा उठाकर ऑस्ट्रेलिया 281 रन के लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहा। भारत को अगर दूसरे वनडे में जीत हासिल करनी है तो उसको अपनी फील्डिंग में काफी सुधार करना पड़ेगा। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया जिस तरह से प्रदर्शन कर रहा है उसे देखते हुए उसने खुद को आठवां विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार बना दिया है। एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम विश्व कप से पहले अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। घरेलू परिस्थितियां और पिचें उनके अनुकूल हैं, लेकिन फिर भी भारतीय टीम लड़खड़ा गई और इसका दोष उसके क्षेत्ररक्षण, मध्य और निचले क्रम की बल्लेबाजी और स्पिनरों को दिया जा सकता है। भारत को अपने स्पिन आक्रमण के दम पर विश्व कप में जीत का दावेदार माना जा रहा है लेकिन पहले वनडे में उसके स्पिनर ने निराश किया। भारत ने इस मैच में चार स्पिनर उतारी थी लेकिन केवल स्नेह राणा ही विकेट हासिल कर सकी। दीप्ति शर्मा, श्री चरणी और राधा यादव एक भी विकेट नहीं ले पाईं। ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी महिला प्रीमियर लीग में खेलने के कारण भारतीय परिस्थितियों से अच्छी तरह अवगत हैं जिसका उन्हें फायदा मिल रहा है। आस्ट्रेलिया की उप-कप्तान ताहलिया मैकग्रा ने श्रृंखला से पहले सही कहा था कि उनके खिलाड़ी काफी भाग्यशाली हैं जो उन्हें समय-समय पर भारत की यात्रा करने का मौका मिलता रहता है। यह हार भारत के लिए खतरे की घंटी है, क्योंकि 300 के आसपास का कोई भी लक्ष्य आस्ट्रेलियाई टीम आसानी से हासिल कर सकती है। उसके पास हीली, बेथ मूनी, फोएबे लिचफील्ड, एलिस पेरी और एनाबेल सदरलैंड जैसे कई टी-20 और एकदिवसीय विश्व कप में खेलने वाले अनुभवी खिलाड़ी हैं। भारत को अगर श्रृंखला बराबर करनी है तो उसके मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स, विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष और दीप्ति शर्मा को भी टिककर खेलना होगा।

### ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्टेसी एचआईएल टीम कलिंगा लांसर्स के कोच नियुक्त

**भुवनेश्वर।** दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई जे स्टेसी को मंगलवार को हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आगामी सत्र के लिए कलिंगा लांसर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। स्टेसी जर्मनी के कोच वेलेंटिन आल्टेनबर्ग की जगह लेंगे जिन्होंने पिछले सत्र में लांसर्स का मार्गदर्शन किया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए 321 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 27 साल के स्टेसी ने राष्ट्रीय टीम के साथ तीन ओलंपिक पदक (बार्सीलोना में 1992 में रजत, अटलांटा में 1996 में कांस्य और सिडनी में 2000 में कांस्य) जीते। इसके अलावा वह कुआलालंपुर में 1998 राष्ट्रमंडल खेल और 1999 में चैंपियन्स ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहे। स्टेसी ने वर्ष 2000 में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे अधिक मैच खेलने वाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में संन्यास लिया। स्टेसी ने दुनिया भर के क्लबों के अलावा ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड और बेल्जियम के घरेलू सर्किट में कोच की भूमिका निभाई है। वह एचआईएल के 2016 और 2017 सत्र में मुंबई फ्रेंचाइजी के भी कोच थे। लांसर्स से जुड़ने से पूर्व वह 2022 से ऑस्ट्रेलिया की जूनियर टीम के मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे थे।

### आईसीसी ने एशिया कप से मैच रैफरी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की पीसीबी की मांग खारिज की

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को मौजूदा एशिया कप के अधिकारियों के पैनल से मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की मांग को खारिज कर दिया। पीसीबी ने आईसीसी को शिकायत दर्ज कराई थी कि पाइक्रॉफ्ट ने रविवार को एशिया कप मैच में टॉस के समय पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से हाथ नहीं मिलाने के लिए कहा था। आईसीसी के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''कल देर रात आईसीसी ने पीसीबी को जवाब भेजा था कि पाइक्रॉफ्ट को नहीं हटाया जाएगा और उनकी याचिका खारिज कर दी गई है। जिंबाब्वे के 69 वर्षीय पाइक्रॉफ्ट बुधवार को यूएई के खिलाफ पाकिस्तान के ग्रुप चरण के अंतिम मैच में रैफरी होंगे। पाकिस्तानी टीम के मैनेजर नावेद चीमा ने भी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि पाइक्रॉफ्ट के जोर देने पर ही रविवार को दोनों कप्तानों के बीच टीम की जानकारी का आदान-प्रदान नहीं किया गया जैसा कि आमतौर पर होता है।

### ओला इलेक्ट्रिक ने 10 लाख वाहन विनिर्माण आंकड़ा छुआ

**नयी दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने तमिलनाडु के कृष्णागिरी स्थित अपनी फ्यूचरफैक्टरी से 10 लाख वाहन बनाने का आंकड़ा छू लिया है। ओला इलेक्ट्रिक ने 2021 में वाहन विनिर्माण शुरू किया था और चार साल से भी कम समय में यह उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि को हासिल करने के उपलक्ष्य में कंपनी ने एक विशेष संस्करण रोडस्टरएक्स प्लस को मिडनाइट ब्लू रंग में पेश किया है, जिसमें ड्यूल टोन सीट, रिम्स और बैटरी पैक पर लाल रंग के स्पोर्टी एक्सेंट हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, ''यह हर उस भारतीय का जश्न है जिसने हम पर भरोसा किया और हमारे मिशन में विश्वास किया। चार साल में, हम एक विचार से भारत की ईवी दोपहिया वाहन क्षेत्र में अग्रणी बन गए हैं। प्रवक्ता ने आगे कहा कि बेंगलुरु स्थित फर्म ने बड़े पैमाने पर निर्माण किया है और यह साबित कर दिया है कि विश्वस्तरीय उत्पादों को भारत में ही डिजाइन, इंजीनियर और निर्मित किया जा सकता है। प्रवक्ता ने कहा, ''यह मील का पत्थर इस बात का प्रमाण है कि हमने कितनी प्रगति की है, और हम अभी शुरुआत कर रहे हैं! हमारा मिशन स्पष्ट है। हमारा लक्ष्य पेट्रोल-डीजल युग को खत्म करके भारत को इलेक्ट्रिक गाड़ियों का वैश्विक केंद्र बनाना है। कंपनी के वार्षिक 'संकल्प' कार्यक्रम में ओला ने अपने नए 4,680 भारत सेल वाले वाहनों की घोषणा की। इसमें एस1 प्रो प्लस (5.2 केडब्ल्यूएच) और रोडस्टर एक्स प्लस (9.1 केडब्ल्यूएच) शामिल है जिनकी कीमत क्रमशः 1,69,999 रुपये और 1,89,999 रुपये है। इनकी डिलिवरी इस नवरात्रि से शुरू होगी।

# विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के बाद जैसमीन और मीनाक्षी की नजरें लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में तीन साल से भी कम समय बचा है और ऐसे में स्टार भारतीय मुक्केबाज जैसमीन लंबोरिया ने मंगलवार को कहा कि हाल ही में लिवरपूल में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अब वह अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल खेलों के महाकुंभ की तैयारी के लिए करेंगी। जैसमीन ने 57 किग्रा वर्ग के फाइनल में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता जूलिया सेरेमेटा को हराकर पदक के अपने लंबे इंतजार को खत्म किया। जैसमीन साथी स्वर्ण पदक विजेता मीनाक्षी हुड्डा, निकहत जरीन और नूपुर श्योराण सहित टीम की अन्य साथियों सहित यहां पहुंचीं। भारतीय महिला मुक्केबाजों ने विदेशी धरती पर विश्व चैंपियनशिप में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ



प्रदर्शन किया। विश्व चैंपियनशिप में तीसरे प्रयास में सफलता हासिल करने वाली 24 वर्षीय जैसमीन ने कहा, ''यह अच्छा लगता है और स्वर्ण पदक जीतना अपने आप में बेहद खुशी की बात है। मेरे कोच ने मेरे खेल को बेहतर बनाने में मेरी बहुत मदद की है। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। दिग्गज भारतीय मुक्केबाज और एशियाई खेलों के दो बार के स्वर्ण पदक विजेता हवा सिंह की रिश्तेदार जैसमीन ने कहा, ''मैं दो बार पदक से चूक गई लेकिन अब मैंने स्वर्ण पदक के साथ वापसी की है इसलिए यह बहुत संतोषजनक है। हां, प्रशिक्षण उसके (ओलंपिक पदक) लिए होगा और मेरे कोच मेरी तकनीकी ट्रेनिंग पर उसी के अनुसार काम करेंगे। जैसमीन के कोच संदीप लंबोरिया ने लॉस एंजिलिस में उनके पदक जीतने का भरोसा जताया। संदीप ने कहा, ''यह (प्रदर्शन) शानदार था। हमारा मुख्य लक्ष्य लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक है। वह ओलंपिक भार वर्ग में पदक जीतने वाली एकमात्र लड़की है। वह 2028 में धूम मचाएगी। विश्व चैंपियनशिप में 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता कजाखस्तान की नाजिम काइजेबे को हराकर स्वर्ण पदक जीतने वाली मीनाक्षी ने कहा कि उनकी नजरें नवंबर में भारत में होने वाले विश्व कप पर टिकी हैं। मीनाक्षी ने विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण किया था। मीनाक्षी ने कहा, ''विश्व कप नवंबर में भारत में होगा और मैं वहां भी स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करना चाहती हूं। कोई भी व्यक्ति परफ़ेक्ट नहीं होता और मुझे अपने कौशल पर काम करना होगा और कड़ी मेहनत करनी होगी। हार से बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

## इस वर्ष मैं बेहतर खिलाड़ी बन गई हूं: वैशाली

समरकंद (उज्बेकिस्तान)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने कहा कि यहां फिडे ग्रैंड स्विस खिताब उनके लिए महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है क्योंकि लगातार सुधार के प्रयासों के बावजूद पिछले साल उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। वैशाली लगातार दूसरी बार यह प्रतियोगिता जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई है। उन्होंने इस जीत से 40,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के अलावा अगले वर्ष के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी स्थान हासिल किया। वैशाली से जब 2023 में मिली जीत और हाल की जीत के बीच में तुलना करने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा,''यह कहना मुश्किल है कि कौन सी जीत बेहतर थी। 2023 में जब मैं संघर्ष कर रही थी तब मुझे जीत हासिल हुई थी और उसके बाद काफी चीज पटरी पर आ गई थी। उन्होंने कहा, ''इस वर्ष भी मैं बहुत मेहनत कर रही थी लेकिन परिणाम मेरे अनुकूल नहीं आ रहे थे, यह जीत बहुत महत्वपूर्ण है।

# सिंपल एनर्जी ने दुर्लभ पृथ्वी तत्व से मुक्त मोटर का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया

एजेंसी

मुंबई। आईपीओ लाने की तैयारी कर रही इलेक्ट्रिक स्कूटर विनिर्माता सिंपल एनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उसने होसुर संयंत्र में देश की पहली दुर्लभ पृथ्वी तत्वों से मुक्त मोटर का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है। कंपनी ने बयान में कहा कि इस कदम से उसकी 'दुनिया के लिए, भारत में निर्मित' दृष्टिकोण को मजबूती मिलेगी और टिकाऊ एवं भू-राजनीतिक रूप से स्वतंत्र आपूर्ति शृंखलाओं का रास्ता खुलेगा। दुर्लभ पृथ्वी तत्वों की खदानें सीमित होने के साथ ही उनका प्रसंस्करण मुश्किल और प्रदूषणकारी है। इनकी वैश्विक आपूर्ति पर चीन का दबदबा बना हुआ है। ऐसे में चीन द्वारा निर्यात सीमित करने पर दुनिया भर के उद्योगों पर असर पड़ता है। इस पहलू को ध्यान में रखते हुए कई कंपनियां 'दुर्लभ पृथ्वी तत्व से मुक्त मोटर' के विकास की कोशिश कर रही हैं। इससे इन तत्वों पर निर्भरता कम होगी और आपूर्ति शृंखला अधिक सुरक्षित बन पाएगी। सिंपल एनर्जी के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुहास राजकुमार ने कहा, ''वैश्विक आपूर्ति शृंखला में व्यवधान और कच्चे माल पर निर्भरता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का भविष्य आत्मनिर्भरता पर आधारित होना चाहिए। गहन स्थानीयकरण और 'मेक इन इंडिया' दृष्टिकोण अब केवल आकांक्षा नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। कंपनी ने कहा कि नई मोटर लाइन पहले की ही तरह प्रदर्शन और ताकत मुहैया कराती है, लेकिन भारी दुर्लभ पृथ्वी खनिजों पर निर्भर नहीं रहती। सिंपल एनर्जी ने इस प्रौद्योगिकी का आंतरिक स्तर पर ही विकास किया है जिसमें दुर्लभ पृथ्वी चुंबक की जगह अनुकूलित यौगिकों का उपयोग किया गया है। इन दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति में वैश्विक रूप से अग्रणी चीन ने इस साल अप्रैल में निर्यात पर अंकुश लगा दिया था, जिससे घरेलू वाहन उद्योग पर बड़ा असर पड़ा है।

### मदर डेयरी जीएसटी कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देगी

**नयी दिल्ली।** मदर डेयरी ने मंगलवार को कहा कि वह माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में 100 प्रतिशत कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को देगी और मूल्यवर्धित डेयरी उत्पाद और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ (सफल ब्रांड के तहत) सहित उसके अधिकांश उत्पाद 22 सितंबर से सस्ते हो जाएंगे। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी मदर डेयरी ने कहा कि पनीर (200 ग्राम) की कीमतें 95 रुपये से घटकर 92 रुपये, घी कार्टन पैक (एक लीटर) 675 रुपये से घटकर 645 रुपये और मक्खन 100 ग्राम 62 रुपये से घटकर 58 रुपये हो जाएगा।

# अगस्त में भारत के इंजीनियरिंग सामानों के निर्यात में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि

एजेंसी

कोलकाता। अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों और व्यापार युद्ध की चुनौतियों के बीच भारत ने इंजीनियरिंग सामानों के निर्यात में मजबूती दिखाई है। अगस्त 2025 में देश से इंजीनियरिंग सामानों का निर्यात 4.9 प्रतिशत बढ़कर 9.90 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 9.44 अरब डॉलर था। इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (ईईपीसी इंडिया) के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले पांच महीनों (अप्रैल से अगस्त) में कुल निर्यात 5.84 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 49.24 अरब डॉलर तक पहुंच गया। ईईपीसी इंडिया के चेयरमैन पंकज चड्ढा ने कहा कि अगस्त में हुई यह बढ़ोतरी उत्साहजनक है, लेकिन अमेरिकी शुल्कों की वजह से तनाव के शुरुआती संकेत भी दिख रहे हैं। जुलाई की तुलना में अगस्त में निर्यात लगभग पांच प्रतिशत घटा। चड्ढा ने बताया कि करीब 20 अरब डॉलर मूल्य के भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात अमेरिकी शुल्कों की चपेट में हैं, जिससे यह क्षेत्र संवेदनशील बना हुआ है। ईईपीसी इंडिया ने सरकार से ब्याज समानता योजना (इंटरेस्ट इक्वलाइजेशन स्कीम) को फिर से लागू करने की मांग की है, ताकि निर्यातकों को सस्ती दरों पर वित्त उपलब्ध हो सके। इसके अलावा मार्केट एक्सेस इनिशिएटिव (एमएआई) को भी पुनः शुरू करने और मजबूत करने की जरूरत बताई गई है। इस योजना से छोटे और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को नए बाजारों की खोज करने, अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों में भाग लेने और वैश्विक स्तर पर भारत की इंजीनियरिंग क्षमता को प्रदर्शित करने का अवसर मिल सकता है।

# भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर छठे दौर की वार्ता शुरू




एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों ने प्रस्तावित व्यापार समझौते पर मंगलवार को बातचीत शुरू कर दी है। नई दिल्ली में दोनों देशों के बीच हो रही छठे दौर की वार्ता में निर्यातकों के लिए अनिश्चितता पैदा करने वाले भारी भरकम टैरिफ के मद्देनजर मुद्दों को सुलझाने के प्रयास किए जाएंगे। भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार वार्ता (बीटीए) के लिए दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच अमेरिकी दल का नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल भारत के मुख्य वार्ताकार हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख में आई नरमी के बीच लिंच एक दिवसीय वार्ता के लिए सोमवार देर रात भारत पहुंचे। रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने वाले भारतीय सामानों पर 25 फीसदी टैरिफ और 25 फीसदी अतिरिक्त जुर्माना लगाने के बाद किसी उच्च पदस्थ अमेरिकी व्यापार अधिकारी का यह पहला दौरा है।

# सर्राफा बाजार में सोने के भाव में मामूली गिरावट, चांदी की कीमत में आया उछाल

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन सोने के भाव में मामूली गिरावट नजर आ रही है। दूसरी ओर चांदी आज 1,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगा हो गया है। सोने की कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,11,050 रुपये से लेकर 1,11,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, 22 कैरेट सोना आज 1,01,790 रुपये से लेकर 1,01,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,34,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,11,200 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22



कैरेट सोने की कीमत 1,01,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,11,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,11,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,11,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,01,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,11,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,11,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,01,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,01,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,11,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# '2047 का विजन तभी सफल, जब देश हो नशा मुक्त'

## ❑ एनसीबी सम्मेलन में शाह बोले- युवा पीढ़ी देश की नींव, ड्रग्स के खिलाफ कड़ा अभियान जरूरी

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को पूरी तरह मिटाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। वे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का आयोजन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने किया।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित और महान राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया है। इस सपने को पूरा करने के लिए देश का सुरक्षित होना जरूरी है और सुरक्षा तभी संभव है जब युवा पीढ़ी को ड्रग्स के खतरे से बचाया जाए। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की नींव होते हैं और यदि वे नशे की चपेट में आ जाएंगे तो देश कमजोर हो जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई का पैमाना बड़ा किया जाए ताकि आने वाले दिनों में ज्यादा सफलता मिले। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में यह देखा गया है कि किसी राष्ट्र की प्रगति और ड्रग्स की चुनौती का सीधा संबंध है। दुर्भाग्य से, जिन दो क्षेत्रों से पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा ड्रग्स की सप्लाई होती है, वे भारत के नजदीक हैं। इसलिए यह समय है कि हम इस खतरे के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ें। शाह ने कहा कि ड्रग्स के कारोबार में तीन तरह के कार्टेल सक्रिय हैं। पहला, वे कार्टेल जो देश के एंट्री पॉइंट्स पर काम करते हैं। दूसरा, वे जो एंट्री पॉइंट से राज्यों तक सप्लाई नेटवर्क संभालते हैं। तीसरा, वे छोटे स्तर के कार्टेल जो पान की दुकानों और मोहल्लों तक ड्रग्स बेचने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि इन तीनों स्तरों पर सख्त प्रहार करना होगा और यह तभी संभव है जब अधिकारी इसे अपनी लड़ाई समझकर आगे बढ़ें।

गृह मंत्री ने कहा कि ड्रग्स कारोबार में शामिल विदेश में बैठे अपराधियों को कानून के दायरे में लाना अब बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने इस दिशा में अच्छा काम किया है। शाह ने सभी इगट्क्क प्रमुखों से अपील की कि वे सीबीआई से समन्वय कर प्रत्यर्पण की एक मजबूत व्यवस्था बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जो अपराधी जेलों में बंद हैं लेकिन वहीं से कारोबार चला रहे हैं, उनके खिलाफ भी कड़ा कदम उठाना होगा। गृह मंत्रालय इस पर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लाने जा रहा है। शाह ने देशभर में जब्त की गई 4,794 करोड़ रुपये की ड्रग्स को नष्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू की। उन्होंने कहा कि एनसीबी जीएसटी विभाग, राज्य ड्रग्स नियंत्रकों, आयकर विभाग और वित्तीय संस्थानों से लगातार समन्वय कर रही है ताकि ड्रग्स नेटवर्क की पूरी तस्वीर सामने लाई जा सके। उन्होंने इस लड़ाई को केवल सरकार की नहीं बल्कि पूरे समाज की लड़ाई बताया। शाह ने कहा कि पीएम मोदी का विजन है कि 2047 तक भारत हर क्षेत्र में दुनिया का नंबर एक राष्ट्र बने। इसके लिए युवा पीढ़ी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि अगर युवा दृढ़ संकल्पित हों तो कुछ भी असंभव नहीं है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी आने वाली पीढ़ियां नशे की दलदल में न फंसें।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को मिटाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने एएनटीएफ प्रमुखों के सम्मेलन में कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को नशे से बचाना जरूरी है। शाह ने ड्रग्स के तीन स्तर के कार्टेल पर कड़ा प्रहार करने, विदेशी तस्करों को प्रत्यर्पित करने और जब्त ड्रग्स को नष्ट करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# मोदी की उपस्थिति में एक शक्ति है : ब्राजीली संस्कृत विद्वान

एजेंसी

नयी दिल्ली। ' उनकी उपस्थिति में एक शक्ति है- एक अदृश्य बल जो उनके आसपास के वातावरण को बदल देता है।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति यह भाव है ब्राजील के संस्कृत और वैदिक ज्ञान के अध्येता और अध्यापक आचार्य जोनास मेसेत्ती का । पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित आचार्य मेसेत्ती ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की 75वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर एक संदेश में लिखा , '' मेरी दृष्टि में श्री मोदी केवल राजनीतिक नेता ही नहीं बल्कि उनके अंदर कोई बड़ी शक्ति है। कोई उनसे भी बड़ी चीज जो उनका मार्गदर्शन करती है। इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद ब्राजील की सेना में पांच साल की सेवा छोड़ कर आज रियो डी जनेरियो में विश्व विद्या संस्थान का संचालन कर रहे श्री मेसेत्ती ने अपने अनुभवों के आधार पर लिखा है , 'उनकी उपस्थिति में एक शक्ति है, एक अदृष्य शक्ति जो उनके आस पास का पूरा वातावरण बदल देती है। उनके अनुसार 'मोदीजी का नेतृत्व न केवल राजनीतिक, बल्कि अति शांत और प्रमाणिक तरीके से गहन रूप से आध्यात्मिक है। वह साधारण पृष्ठभूमि से ऊपर उठे हैं, इसके पीछे किसी विशेषाधिकार की भूमिका नहीं रही है बल्कि उनके उद्देश्य ने उन्हें यहां तक पहुंचाया है। ब्राजीली विद्वान ने लिखा है कि श्री मोदी 75 वर्ष की अवस्था में एक दीपस्तंभ की भांति हैं- जो यह बताता है कि सही मायने में व्यक्ति की महानता उसकी पदवी नहीं बल्कि वह उद्देश्य है जिसके लिए वह जीता है। उनका कहना है अपने उद्देश्य के प्रति श्री मोदी की ' अडिग प्रतिबद्धता उनकी इस सोच को दर्शाती है कि भारत का भविष्य केवल आर्थिक और भूराजनीतिक स्थिति पर ही नहीं बल्कि धर्म, अस्मिता और उसकी आत्मा पर टिका है।'

आचार्य मेसेत्ती ने कहा है कि उन्हें श्री मोदी को एक नहीं कई बार नजदीक से देखने का अवसर मिला है और हर बार उनका यही अनुभव रहा है कि उनके सामने कोई राजनेता नहीं बल्कि किसी बड़ी आंतरिक शक्ति का धनी व्यक्तित्व उपस्थित है और जिसे उससे भी बड़ी कोई शक्ति दिशा दिखा रही है।

### प्रधानमंत्री को मिले 1300 उपहारों की होगी नीलामी

दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर हर साल की तरह इस बार भी राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में 1300 उपहारों की नीलामी आयोजित की जाएगी। इस नीलामी में प्रधानमंत्री मोदी को उनके अंतरराष्ट्रीय दौरों और राज्यों के दौरों के दौरान मिले उपहारों को शामिल किया जाता है। इन उपहारों की नीलामी से प्राप्त राशि का उपयोग सामाजिक और कल्याणकारी कार्यों के लिए होता है। अभी तक इस तरह की नीलामी से मिलने वाली राशि को गंगा की स्वच्छता को लेकर चलाए जा रहे नमामि गंगे अभियान पर खर्च किया जा रहा है। नीलामी में कलात्मक वस्तुएं, सांस्कृतिक धरोहर और हस्तशिल्प जैसे बहुत तरह के उपहार शामिल हैं जो प्रधानमंत्री की यात्राओं के दौरान उन्हें भेंट किये गये हैं। इस बार प्रधानमंत्री मोदी को मिले उपहारों की नीलामी बुधवार से शुरू होगी। ई ऑक्शन के जरिये लोग नीलामी में भाग ले सकते हैं। दिल्ली के राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में इस बार 1300 उपहारों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस नीलामी में लोग ऑनलाइन भाग ले सकते हैं। नीलामी में मिली राशि का उपयोग नमामि गंगे अभियान में किया जायेगा। इस तरह की नीलामी सातवीं बार हो रही है। अभी तक हुई नीलामी से 50 करोड़ 33 लाख रूपये प्राप्त हुए हैं। पिछले साल की नीलामी में दो करोड़ 24 लाख रूपये मिले थे। इस बार खरीददारों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। नीलामी की प्रक्रिया 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगी ।

### मॉरीशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से मिले

नयी दिल्ली। भारत दौरे पर आए मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में हुई इस मुलाकात में भारत और मॉरीशस के बीच व्यापार, आर्थिक और लोगों के बीच संबंधों को मज़बूत करने पर चर्चा हुई। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मॉरीशस के प्रधानमंत्री आठ दिवसीय भारत यात्रा के अंतिम दिन श्री राधाकृष्णन से मिले। उपराष्ट्रपति कार्यालय के आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट में दी गई जानकारी के अनुसार मॉरीशस के प्रधानमंत्री और श्री राधाकृष्णन के बीच हुई इस लंबी मुलाकात में दोनों देशों के बीच के रिश्तों को मजबूत करने पर चर्चा हुई।

# भारत को अगले 5 साल में बायोफ्यूल और हरित परिवहन में अग्रणी बनाने का लक्ष्य: गडकरी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि अगले पांच सालों में भारत को बायोफ्यूल एवं हरित परिवहन में दुनिया में अग्रणी बनाने का लक्ष्य है। साथ ही उन्होंने दिल्ली के धौलाकुआं से हरियाणा के मानेसर तक हवाई पॉड सिस्टम विकसित करने और मुंबई में जलमार्ग परिवहन के बारे में भी जानकारी दी।

गडकरी ने दिल्ली में एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में कहा कि दिल्ली के धौलाकुआं से हरियाणा के मानेसर तक हवाई पॉड सिस्टम विकसित किया जाएगा, जहां बुधवार को पांच वैश्विक कंपनियों के प्रेजेंटेशन होंगे। ये पॉड 18-25 यात्रियों वाले होंगे, जो हवा में 200 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चल सकेंगे, हालांकि रुकावटों के कारण गति कम रहेगी। देशभर में 300 केबल कार प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है, जो ट्रैफिक मुक्ति का नया आयाम साबित होंगे। उन्होंने मुंबई के लिए जलमार्गीय परिवहन पर कहा कि उनके प्रयासों से एयरपोर्ट पर जेटी का निर्माण हो चुका है और बीपीटी चेयरमैन के अध्ययन के बाद 5-6 हजार वॉटर टैक्सी चलाने का प्लान है। वेनिस शहर की तर्ज पर ये टैक्सी मुंबईवासियों को समुद्र मार्ग से नवी मुंबई एयरपोर्ट तक 17 मिनट में पहुंचाएंगी। महाराष्ट्र सरकार ने कंपनी का चयन कर लिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ चर्चा के बाद यह राज्य प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वह हाल में ही यूरोपीय देश चेकोस्लोवाकिया गए थे, वहां से प्रेरित होकर देश में भी फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बसों पर फोकस किया जा रहा है। देश में जल्दी ही 135



सीटों वाली फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बसें जल्द उतारी जाएंगी, जो डीजल बसों से 30 प्रतिशत सस्ती होंगी। इन बसों में हवाई जहाज जैसी सुविधाएं जैसे आरामदायक सीटें, फ्रंट टीवी स्क्रीन और मोबाइल या कार्ड से एंट्री होगी। उन्होंने कहा कि हर स्टॉप पर मात्र 20-30 सेकंड में चार्ज हो जाने वाली ये बसें नागपुर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हो रही हैं। टाटा कंपनी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। धारवाड़ में इनका निर्माण भी प्रारंभ हो गया है। उन्होंने मेट्रो की ऊंची लागत (550 करोड़ रुपये प्रति किमी) की तुलना में इन बसों की किफायती कीमत (केवल 2 करोड़ प्रति किमी) का उल्लेख करते हुए कहा कि दिल्ली से जयपुर जैसे रूट पर ये बसें ढाई घंटे में यात्रा पूरी कर सकेंगी, जिससे मेट्रो जैसी सुविधा सस्ते में उपलब्ध होगी। उन्होंने हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में 450 किलोमीटर लंबे टनल प्रोजेक्ट्स पर काम तेज करने की बात कही। उन्होंने कहा कि साथ ही डायवर्जन के लिए नए नियम बनाए गए हैं, ताकि अस्थायी समाधानों पर निर्भरता खत्म हो। उन्होंने सड़क हादसों पर कहा कि सरकार इंजीनियरिंग सुधार, फ्लाईओवर निर्माण तथा ब्लैक स्पॉट्स सुधार पर ध्यान दे रही है। कारों में अब चार की जगह छह एयरबैग अनिवार्य हो गए हैं। हालांकि, मुख्य समस्या लोगों की लापरवाही जैसे बिना हेलमेट बाइक चलाना या सिग्नल तोड़ना है। इसके लिए हेलमेट को बाइक बिक्री के साथ जरूरी कर दिया गया है और जुर्माने सख्त किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सड़क हादसे में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों को अब पुलिस परेशान नहीं करेगी। नए नियम लागू हो चुके हैं। पहले डर के मारे लोग मदद से कतरा जाते थे। इंश्योरेंस प्रक्रिया में भी सुधार हो रहे हैं और 2030 तक दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी का लक्ष्य है। गडकरी ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर कहा कि पेट्रोल टू-व्हीलर्स से 15 प्रतिशत अधिक ईवी बिक रहे हैं, जो प्रदूषण घटाने में मददगार साबित हो रहे हैं। जल्द ही ईवी और पारंपरिक वाहनों की कीमतें बराबर हो जाएंगी।

# भारत-मॉरीशस के दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंध भविष्य में और अधिक मज़बूत होंगे: मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली( राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति, 'महासागर विजन' और ग्लोबल साउथ के लिए हमारी प्रतिबद्धता में मॉरीशस का विशेष स्थान है और दोनों देशों के बीच साझेदारी और हर क्षेत्र में सहयोग लगातार बढ़ रहा है।

भारत यात्रा पर आये मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने अपनी आठ दिन की यात्रा के अंतिम दिन मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में श्रीमती मुर्मु से भेंट की।

डा. रामगुलाम नौ सितम्बर को भारत यात्रा पर आये थे। राष्ट्रपति से मुलाकात के साथ ही उनकी यात्रा संपन्न हो गयी। इससे पहले दिन में वह उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन से भी मिले। सुबह वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधी राजघाट और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपयी की समाधी सदैव अटल भी गये। इस यात्रा के दौरान वह मुंबई, वाराणसी, अयोध्या और तिरुपति भी गये।

श्रीमती मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री रामगुलाम और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति, 'महासागर विजन' और वैश्विक दक्षिण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में मॉरीशस का विशेष स्थान है।

राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि भारत और मॉरीशस के बीच साझेदारी और सहयोग हर क्षेत्र में लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह हाल ही में संबंधों के प्रगाढ रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक पहुँचने में परिलक्षित होती है।

श्रीमती मुर्मु ने विश्वास व्यक्त किया कि मॉरिशस को भारत की ओर से दिया गया नया विशेष आर्थिक पैकेज मॉरीशस सरकार और लोगों की ज़रूरतों को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल, सड़क, बंदरगाह विकास, रक्षा खरीद और संयुक्त निगरानी जैसी परियोजनाएं बुनियादी ढांचे को मज़बूत करेंगी और आने वाले वर्षों में लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग अब डिजिटल तकनीकों और अंतरिक्ष क्षेत्र सहित नए क्षेत्रों में भी बढ़ रहा है।

दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि देशों के बीच संबंध अद्वितीय हैं, जो साझा इतिहास, भाषा, संस्कृति और मूल्यों में निहित हैं। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री रामगुलाम के अनुभव के साथ भारत-मॉरीशस के दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंध आने वाले समय में और मज़बूत होंगे।

## ऑपरेशन वीड आउट में डीआरआई ने पकड़ी 108.67 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा

नयी दिल्ली। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की ओर से देशभर में चलाए जा रहे ''ऑपरेशन वीड आउट'' अभियान के तहत मादक पदार्थों की तस्करी रोकने पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 दिन से भी कम समय में डीआरआई ने कुल 108.67 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया है। डीआरआई ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 13 और 14 सितंबर को की गई कार्रवाई में डीआरआई ने 39.2 किलोग्राम गांजा ज़ब्त किया। बैंकॉक से आए दो भारतीय यात्रियों के सामान की गहन तलाशी में 39 पैकेट गांजा मिला। त्वरित कार्रवाई करते हुए गांजा प्राप्त करने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इस पूरे प्रकरण में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। एक अन्य मामले में, बैंकॉक से मुंबई लाए जा रहे 7.8 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा को भी डीआरआई अधिकारियों ने जब्त कर लिया और दो यात्रियों को मादक द्रव्य एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के तहत गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त, 26 अगस्त से 12 सितंबर के बीच जयपुर, लखनऊ और कोलकाता सहित देश के विभिन्न हिस्सों में की गई।

# इस साल 36.50 करोड़ टन पैदावार लक्ष्य निर्धारित : शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए 36 करोड़ टन से अधिक कृषि उपज का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह आंकड़ा बीते साल के उपज लक्ष्य से करीब दो करोड़ टन अधिक है। यह जानकारी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में दी।

श्री चौहान ने बताया कि वर्ष 2024-25 में देश के कुल खाद्यान्न पैदावार साढ़े छह फीसदी अधिक होकर 35.396 करोड़ टन तक पहुंच गयी है। धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन जैसी प्रमुख फसलों में रिकॉर्ड पैदावार हुई है। उन्होंने कहा कि साल 2025-26 के लिए 36.25 करोड़ टन उपज का लक्ष्य तय किया गया है, जबकि बीते साल उपज लक्ष्य 34.15 करोड़ टन का था।

श्री सिंह ने कहा कि रबी फसल के लिए



बीज पर्याप्त मात्रा में हैं। बुवाई के लक्ष्य में 229 लाख टन बीज की आवश्यकता है, जबकि उपलब्धता 250 लाख टन की है। खाद और उर्वरक को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस साल वर्षा अच्छी हुई है, जिससे बुवाई के क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है। राज्यों की मांग के आधार पर जितनी भी आवश्यकता होगी, खाद उपलब्ध करवाया जायेगा। केंद्रीय कृषि मंत्री ने बाढ़ प्रभावित राज्यों की स्थिति को लेकर भी चर्चा की और कहा कि सरकार की तरफ से पीड़ितों की मदद के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो राज्य प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कवर है, पूरी कोशिश है कि वहां किसानों को बीमा राशि का उचित और त्वरित लाभ मिल सके। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने बताया कि रबी फसल के लिए 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' पिछली बार की ही तरह इस बार भी चलाकर वैज्ञानिकों की दो हजार से अधिक टीमें गांव-गांव भेजी जायेंगी, जो किसानों को समुचित जानकारी देगी। इन टीमों में केंद्र और राज्यों के कृषि विभाग के अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक रहेंगे, साथ ही कृषि विश्वविद्यालयों, एफपीओ एवं प्रगतिशील किसानों का भी इनमें प्रतिनिधित्व होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 'लैब टू लैंड' जोड़ने के लिए एक बार फिर सब मिलकर कार्य करेंगे।उन्होंने बताया कि रबी सम्मेलन 2025 के आयोजन पर उन्होंने कहा कि पहले रबी सम्मेलन एक दिन का ही होता था, लेकिन इस बार और अधिक बारीकी से काम करने के उद्देश्य से सम्मेलन दो दिवसीय रखा गया।

# पेज एक का शेष

### सुहास एलवाई और...

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन बनाया गया है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राजेश कुमार-द्वितीय को महानिदेशक पर्यटन, आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद मनीषा त्रिघाटिया को सचिव महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार बनाया गया है। सचिव महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार के पद पर तैनात बी. चन्द्रकला को वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का सचिव एवं उप्र क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अथारिटी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार सचिव चिकित्सा शिक्षा अपर्णा यू को वर्तमान पद के साथ महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### भारत ने नहीं ...

करना चाहता, हम बातचीत के लिए मजबूर नहीं कर सकते, हम बातचीत के लिए मजबूर नहीं करना चाहते। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 10 मई से ही भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम का श्रेय लेने में जुटे हैं। ट्रंप ने कई मौकों पर दावा किया है कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रुकवाया। उन्होंन यहां तक दावा किया कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष परमाणु युद्ध की ओर जा रहा था। ऐसा करने के लिए उन्होंने खुद को नोबेल शांति पुरस्कार देने की भी मांग की थी। 22 अप्रैल को कुछ आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला किया किया था। इस हमले में 26 लोगों मारे गए थे। इसके 15 दिन बाद यानी 7 मई को भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को निशाना बयान था। दोनों देशों के बीच 4 दिन तक संघर्ष चला था।

### धर्मांतरण विरोधी...

ने इन राज्य सरकारों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद तय की। शीर्ष अदालत में जिन कानूनों को दी गई है, उनमें हिमाचल प्रदेश धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 2019, मध्य प्रदेश धर्म स्वतंत्रता अध्यादेश 2020, उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश 2020 और उत्तराखंड में इसी तरह का एक अधिनियम शामिल है। इन कानूनों का उद्देश्य जबरन या धोखाधड़ी से धर्मांतरण पर रोक लगाना था, लेकिन कथित दुरुपयोग और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के उल्लंघन को लेकर इनकी आलोचना हुई है। शीर्ष अदालत में आज सुनवाई के दौरान गैर-सरकारी संगठनों सहित विभिन्न पक्षों की ओर से पेश हुए कई वकीलों ने तर्क दिया कि इन कानूनों को 'धर्म स्वतंत्रता अधिनियम' कहा जाता है, लेकिन ये अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता को सीमित कर रहे हैं और अंतरधार्मिक विवाहों को निशाना बना रहे हैं। शीर्ष अदालत ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज से कानूनों में संशोधन पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर राज्य सरकारों का जवाब दाखिल करने को कहा। पीठ ने अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर उस याचिका को भी डी-टैग कर दिया जिसमें जबरन और छल-कपट से धर्मांतरण के खिलाफ अखिल भारतीय कानून बनाने की मांग की गई थी। शीर्ष अदालत ने 2020 में धर्मांतरण से संबंधित कानूनों के खिलाफ सिटीजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस की याचिका पर नोटिस जारी किया था। इसके बाद, जमीयत उलमा-ए-हिंद ने विभिन्न राज्यों द्वारा बनाए गए धर्मांतरण से संबंधित कानूनों के खिलाफ छह उच्च न्यायालयों में लंबित कई मामलों को स्थानांतरित करने के लिए शीर्ष अदालत में एक स्थानांतरण याचिका दायर की।

### मेडिकल स्टोर पर...

अब हर तरह के ड्रोन पर सपाट पांच प्रतिशत का कर लगेगा। वहीं, 7,500 रुपये रोजाना तक के होटल के कमरों के किराये पर पांच प्रतिशत कर ही लगेगा और इन इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के साथ 18 प्रतिशत कर लगाने का कोई प्रावधान नहीं है। इसी तरह, आरोग्य और सौंदर्य प्रसाधन सेवाओं पर भी सपाट पांच प्रतिशत कर लगेगा। ईंटों पर करों की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और इनपर 20 लाख रुपये की सीमा तक आईटीसी के बिना छह प्रतिशत तथा आईटीसी के साथ 12 प्रतिशत की दर से विशेष कर की व्यवस्था जारी रहेगी। माल ढुलाई सेवा में विभिन्न परिवहन साधनों के इस्तेमाल की स्थिति में यदि किसी चरण में हवाई मार्ग का इस्तेमाल किया गया है तो 18 प्रतिशत और यदि नहीं किया गया है तो पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा। मंत्रालय ने बताया है कि ऑनलाइन सामान बुक कराने पर यदि सामान की आपूर्ति सीधे उस व्यक्ति द्वारा की गयी है जो 18 प्रतिशत जीएसटी के दायरे में आता है तो आपूर्तिकर्ता को जीएसटी का भुगतान करना होगा। वहीं, यदि आपूर्तिकर्ता को जीएसटी से छूट प्राप्त है तो ई-कॉमर्स कंपनी 18 फीसदी जीएसटी का भुगतान करेगी।

### संत कबीर के नाम पर उत्तर...

प्राप्त हों। सरकार की ओर से पार्कों तक सड़क, विद्युत और जलापूर्ति जैसी आधारभूत सुविधाएं प्राथमिकता पर उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार सृजन को इस योजना का मुख्य लक्ष्य बताया। उन्होने कहा कि संत कबीर वस्त्र एवं परिधान पार्क योजना न केवल निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलेगी बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक वस्त्र एवं परिधान मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान भी दिलाएगी। बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री ने पॉवरलूम बुनकरों की उत्पादन लागत कम करने, आय बढ़ाने और परंपरागत वस्त्र उद्योग को नई मजबूती देने के उद्देश्य से बुनकरों के साथ संवाद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बुनकर, परिश्रम और परंपरा के प्रतीक हैं। उनके हाथों से बना कपड़ा पूरे विश्व में पहचान रखता है। सरकार बुनकरों की मेहनत का सम्मान करते हुए उन्हें सस्ती बिजली उपलब्ध करा रही है। बुनकरों से संवाद बनाकर उनकी अपेक्षाओं को जानने और समझने की आवश्यकता है। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विभाग द्वारा प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। मुख्यमंत्री ने पॉवरलूम को सौर ऊर्जा से जोड़ने के लिए आवश्यक कार्यवाही के भी निर्देश दिए।

# आधुनिक युग में एआई की भूमिका महत्वपूर्णः ओम बिरला

**■ देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में एआई : विश्वास व भविष्य विषय पर हुई संगोष्ठी एआई मात्र तकनीकी उपलब्धि नहीं बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी: धामी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। देवभूमि उत्तराखंड की धर्मनगरी में स्थित देवसंस्कृति विश्वविद्यालय एक ऐसे ऐतिहासिक पलों का साक्षी बना, जब यहां देश-विदेश के एआई विशेषज्ञों सहित गणमान्य अतिथियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विश्वास एवं भविष्य विषय पर महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। पाश्चात्य देशों के एआई विशेषज्ञों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को वर्तमान समय की मांग के अनुसार बताया, तो वहीं भारतीय वैज्ञानिकों ने विज्ञान और अध्यात्म के संगम के माध्यम से विभिन्न रहस्यों को सुलझाने वाला कहा। यहां देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में एआई विश्वास एवं भविष्य पर अंतरराष्ट्रीय महासम्मेलन का शुभारम्भ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि आधुनिक युग में एआई की भूमिका महत्वपूर्ण है। आज अनेक क्षेत्र में एआई का उपयोग हो रहा है। एआई का आध्यात्मिक मूल्यों के साथ समावेषन होना चाहिए। एआई के माध्यम पूरी दुनिया तक भारत के ज्ञान, संस्कृति को पहुंचाने की दिशा में सार्थक पहल होनी चाहिए। विज्ञान व अध्यात्म का समन्वय को साथ लेकर चलें। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि तकनीकी नवाचार के माध्यम से भावी पीढी सुदृढ़ हो, इस दिशा में देवसंस्कृति विवि काम करेगा, ऐसा विश्वास है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मात्र तकनीकी उपलब्धि न होकर सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक जिम्मेदारी भी है। इसकी दिशा मानवीय मूल्यों और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से ही तय होनी चाहिए।

# इंडो-नॉर्वेजियन सूचना एवं सांस्कृतिक मंच ने ओस्लो में पद्मश्री डॉ. संजय को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। भारतीय-नॉर्वेजियन सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम की ओर से हिंदी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान फोरम के अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्र शुक्ला ने पद्मश्री डॉ. भूपेंद्र कुमार सिंह संजय को 'स्पाइल संस्कृति सम्मान' से सम्मानित किए जाने की घोषणा की। पद्मश्री डॉ. संजय ने इस दौरान अपनी स्वरचित कविता 'विकसित भारत ध्येय हमारा' का भावपूर्ण पाठ किया और उपस्थित सभी भरतवंशियों से आह्वान किया कि वे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत अभियान में अपने-अपने ढंग से अधिकतम योगदान देकर मातृभूमि की सेवा करें। कार्यक्रम में डॉ. गौरव संजय ने स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने घर में उचित रोशनी, सीढ़ियों पर रेलिंग, स्नानघर में फिसलन से बचाव, कैल्शियम एवं विटामिन-डी युक्त आहार तथा नियमित शारीरिक गतिविधियों की महत्ता पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने बताया कि बर्फ़बारी के समय फिसलन से बचाव के उपाय करना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि कूल्हे का फ्रैक्चर एक सामान्य किंतु गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जिसके परिणाम प्रायः घातक हो सकते हैं। इस अवसर पर नॉर्वे में निवास करने वाले हिंदी, उर्दू, तेलुगु, तमिल, पंजाबी सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं के प्रतिष्ठित भारतीय-नॉर्वेजियन समुदाय के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने पद्मश्री डॉ. संजय का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत शिक्षा ऋण की राशि सभी आवेदकों के लिए अब ब्याज रहितः नीतीश कुमार

**पटना।** बिहार में अब से कुछ महीनों के बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में सरकार के द्वारा लगातार अलग-अलग घोषणाएं की जा रहीं हैं। इसी क्रम में मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक और घोषणा की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सोशल मीडिया हैन्डल से इसकी घोषणा करते हुए बताया कि बिहार में 07 निश्चय योजना के अंतर्गत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं उनके लिए 02 अक्टूबर 2016 से बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना लागू है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अधिकतम 04 लाख रुपये का शिक्षा ऋण सामान्य आवेदक को 04 प्रतिशत ब्याज दर पर तथा महिला, दिव्यांग एवं ट्रांसजेन्डर आवेदक को मात्र 01 प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि अब स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले शिक्षा ऋण की राशि सभी आवेदकों के लिए ब्याज रहित होगी। साथ ही 02 लाख रुपए तक के शिक्षा ऋण को 60 मासिक किस्तों (05 वर्ष) में वापस करने का प्रावधान था, जिसे अब बढ़ाकर अधिकतम 84 मासिक किस्तों (07 वर्ष) में तथा 02 लाख से ऊपर ऋण राशि को 84 मासिक (07 वर्ष) किस्तों से बढ़ाकर अधिकतम 120 मासिक (10 वर्ष) किस्तों में वापस करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि हमलोगों का उद्देश्य है कि राज्य के अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। उच्च शिक्षा के लिए प्रदान की जाने वाली शिक्षा ऋण में दी जाने वाली इन सुविधाओं से छात्रों के मनोबल में वृद्धि होगी और वे अधिक उत्साह एवं लगन से उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य के साथ-साथ राज्य एवं देश का भविष्य भी संवार सकेंगे।

### पुलिस ने भगोड़े बदमाश को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दिल्ली और हरियाणा के कई मामलों में फरार चल रहे एक भगोड़े ग्रेजुएट बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान बागपत निवासी रजत तोमर उर्फ राजबीर (45) के रूप में हुई है। आरोपित पिछले करीब पांच सालों से पुलिस की टीम को चकमा देकर रह रहा था। पुलिस से बचने के लिए उसने अपना नाम रजत से बदलकर राजबीर कर लिया था। अब टीम ने आरोपित को दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि उनकी टीम लगातार भगोड़े बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है। इसी कड़ी में टीम को पता चला था कि कई मामलों में फरार आरोपित रजत उर्फ राजबीर पंजाबी बाग में छिपा हुआ है। टीम ने जानकारी जुटाने के बाद आरोपी को इलाके से दबोच लिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि वर्ष 2007 में आरोपित ने विकासपुरी इलाके में एक दुकान में घुसकर उसके मालिक पर हमला किया था। इसके अलावा वर्ष 2016 में आरोपित गुरुग्राम सेक्टर-29, डीएलएफ में लूट में शामिल रहा। बाद में उसे पिस्टल के साथ दबोच लिया गया था। 2020 में आरोपित ने द्वारका सेक्टर-23 एरिया में एक महिला के साथ बदसलूकी की। इसके अलावा 2021 में द्वारका सेक्टर-23 एरिया में आरोपित ने धारदार हथियार से एक व्यक्ति पर हमला किया था।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरु नानक देव के ज्योति-जोत दिवस पर उन्हें नमन किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को सिख पंथ के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के ज्योति-जोत दिवस पर उन्हें नमन किया है। रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मानवता को प्रेम, समानता और सेवा का दिव्य संदेश देने वाले सिख पंथ के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के ज्योति-जोत दिवस पर कोटि-कोटि नमन। गुरु नानक देव जी ने अपना संपूर्ण जीवन लोककल्याण और आत्मिक उत्थान के लिए समर्पित किया। उनकी शिक्षाएं हमें सदैव करुणा, समरसता और सत्य के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देती रहेंगी।

### आसन्न विधानसभा निर्वाचन निमित मास्टर प्रशिक्षकों के एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**सहरसा।** विधानसभा सभा आम निर्वाचन -2025 के निमित्त मंगलवार को प्रेक्षागृह में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में मास्टर प्रशिक्षक हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में सभी मास्टर प्रशिक्षकों को सदैव सीखते रहने एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में निर्वाचन विषयक प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए प्रशिक्षण सत्र के दौरान सिखाए गए प्रत्येक गए प्रत्येक बात को पूर्ण तल्लीनता से ग्रहण करने की सलाह दी गई।आज आयोजित प्रशिक्षण सत्र के दौरान उपस्थित प्रशिक्षुओं को मतदान प्रक्रिया,आवश्यक प्रपत्रों,पीठासीन पदाधिकारियों के कार्यों व दायित्वों,मतगणना एवं माइक्रो आब्जर्वर के कार्य/दायित्वों,मतदान से दो दिन पूर्व एवं मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात संलग्न मतदान दल के स्तर से अपेक्षित कार्य/दायित्वों,मॉक पोल,वोटिंग कंपार्टमेंट की व्यवस्था,वीवीपैट में पर्चियों की गणना एवं निर्वाचन विषयक अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी गई साथ ही उपस्थित प्रशिक्षुओं को ईवीएम वीवीपैट हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग, नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग, डी सी एल आर सहरसा,उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

### बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 39 सदस्यीय चुनाव समिति की घोषणा

**पटना।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्र जारी कर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 39 सदस्यीय चुनाव समिति की घोषणा की है। इस समिति में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार राम, शकील अहमद खान, मदन मोहन झा, जितेंद्र गुप्ता, शकील उ जमान अंसारी, संजीव प्रसाद टोनी, मोतीलाल शर्मा, कपिल देव प्रसाद यादव, अंशुल अभिजीत, बृजेश कुमार पांडे, जमाल अहमद भल्लू, मंजू राम आजमी बारी, नागेंद्र कुमार विकल, कैलाश पाल, राजेश राठौर, निर्मलेंदु वर्मा, कैसर अली खान, प्रभात कुमार सिंह, कमलदेव नारायण शुक्ला, कुमार आशीष, जमोत्री ममता निषाद, शकील उर रहमान, संतोष कुमार श्रीवास्तव, विश्वनाथ सर्राफ, डॉ रमेश प्रसाद यादव, शशि रंजन, सुबोध मंडल, नदीम अख्तर अंसारी, नीतू निषाद, फोजिया राणा, रमाशंकर कुमार पान, उदय मांझी, रेखा सोरेन, तारक चौधरी, विश्वनाथ बैठा, सुनील कुमार पटेल, साधना रजक और खुशबू कुमारी शामिल है।

# भारत के प्रिंटिंग और पैकेजिंग क्षेत्र में नए ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। भारत के प्रिंटिंग और पैकेजिंग उद्योग को नई दिशा देने वाले एक अभूतपूर्व कदम के तहत इंडियन प्रिंटिंग पैकेजिंग एंड अलाइड मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएएमए) और ऑल इंडिया फ़ेडरेशन ऑफ प्रिंटर्स एंड पैकेजर्स (एआईएफपीपी) ने एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित आईपीएएमए कार्यालय में सोमवार को हस्ताक्षरित यह समझौता ज्ञापन इस उद्योग के दो दिग्गजों को एकजुट करने का काम करेगा। इससे देशभर में लगभग 250,000 उद्यमियों को रोजगार देने वाले इस क्षेत्र में नवाचार, सहयोग और वैश्विक मान्यता के प्रति नवीन उत्साह बढेगा। यह समझौता आईपीएएमए और एआईएफपीपी को प्रदर्शनियों और आयोजनों के लिए विशेष रणनीतिक साझेदार के रूप में भी स्थापित करता है। दोनो संगठनों के महासचिवों इकबाल सिंह और सुनील जैन ने इस समझौते को औपचारिक रूप प्रदान किया। इसमें आईपीएएमए अध्यक्ष जयवीर सिंह और एआईएफपीपी के प्रमुख अश्विनी गुप्ता का भी विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर उद्योग जगत के कई प्रतिष्ठित दिग्गज उपस्थित थे जिनमें आर सुरेश कुमार, धरम पाल रावत, शिव कुमार शर्मा, कुलजीत सिंह मान, प्रशांत वत्स, राजेश सरदाना, विजय मोहन, संदीप अग्रवाल, मुकेश कुमार, प्रशांत अग्रवाल, दीपक भाटिया और प्रो. कमल मोहन चोपड़ा शामिल थे। यह महत्वपूर्ण साझेदारी इंट्रापैक इंडिया 2025 प्रदर्शनी में प्रतिष्ठित ''पैकेजिंग उत्कृष्टता पुरस्कार'' के साथ शुरू होगी जो 10 से 13 दिसंबर को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित होगी। इस दौरान विशेष पुरस्कार समारोह भी आयोजित किया जाएगा। इसके लिए आईपीएएमए आयोजन स्थल, बैठने की व्यवस्था और प्रचार संबंधी सहायता सहित अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा जबकि एआईएफपीपी पुरस्कार ढांचे, प्रविष्टि मूल्यांकन और आयोजन की व्यवस्था का नेतृत्व करेगा।

## बिहार प्रदेश कांग्रेस की चुनाव समिति में सारण के नदीम अख्तर अंसारी को मिली जगह

छपरा। अखिल भारतीय कंग्रेस कमेटी ने बिहार प्रदेश कंग्रेस कमेटी की प्रदेश चुनाव समिति का गठन कर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समिति में 39 सदस्य शामिल किए गए हैं। इस सूची में सारण जिला कंग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता नदीम अख्तर अंसारी को भी स्थान दिया गया है। नदीम अख्तर अंसारी लंबे समय से कंग्रेस संगठन में सक्रिय रहे हैं। वे सारण जिला कंग्रेस कमिटी में जिला उपाध्यक्ष, जिला प्रवक्ता और प्रदेश प्रतिनिधि के रूप में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। संगठनात्मक अनुभव और जमीनी पकड़ के कारण उन्हें प्रदेश चुनाव समिति में शामिल किया गया है। कंग्रेस नेताओं का कहना है कि अंसारी के शामिल होने से सारण और आसपास के जिलों में पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने भरोसा जताया है कि वे आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तैयारियों में अहम योगदान देंगे।

# डकैती के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। शाहदरा जिले के आनंद विहार इलाके में कारोबारी के यहां 31 अगस्त को डकैती डालने की गुत्थी को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस संबंध में राशिद गिरोह के तीन आरोपितों आमिर सुहेल, दीपक शर्मा व मोमिन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक बरेटा पिस्टल, दो तमंचे, 17 कारतूस, वारदात में इस्तेमाल कार व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस को डकैती के मामले में गैंग सरगना राशिद के अलावा राहुल और समीर उर्फ गंजा नामक बदमाशों की तलाश है। गिरोह अलीगढ़ में ट्रांसपोर्टर के यहां डकैती डालने की योजना बना रहे थे। जिस दिन इनको अलीगढ़ के लिए निकलना था, उसी दिन इन लोगों को पुलिस टीम ने दबोच लिया। जांच में पता चला है कि आरोपित दीपक के खिलाफ हत्या, लूटपाट समेत कुल सात मामले दर्ज हैं। वहीं मोमिन के खिलाफ हत्या और लूटपाट के दो मामले पहले से दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच के डीसीपी संजीव कुमार यादव ने बताया कि 31 अगस्त को हथियारबंद बदमाशों ने आनंद विहार के ऋषभ विहार सोसायटी में पान मसाला कारोबारी के गोदाम में डकैती डाली थी। बदमाशों ने वहां मौजूद लोगों को पिस्टल दिखाकर बंधका बनाया और वहां से 14 लाख रुपये लूटे। वारदात के बाद सभी आरोपित मौके से फरार हो गए। स्थानीय पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। इधर मामले क्राइम ब्रांच को भी मामले में लगाया गया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी की जांच की तो पता चला कि आरोपित एक अल्टो कार में सवार होकर आए थे।

# मील का पत्थर साबित होगा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ब्याजमुक्त ऋण : रवि कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




भागलपुर। जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रवि कुमार ने मंगलवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के नियमों में बदलाव कर ब्याजमुक्त ऋण और ऋण वापसी के समय सीमा को बढ़ाने के फैसले को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा ऐतिहासिक फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अब छात्रों को दिया जाने वाला शिक्षा ऋण पूरी तरह ब्याजमुक्त होगा। यह योजना 07 निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत 2 अक्टूबर 2016 से लागू है, लेकिन इस बार किए गए बदलाव से लाखों छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा। पहले इस योजना में सामान्य आवेदक को 4 प्रतिशत और महिला, दिव्यांग एवं ट्रांसजेंडर छात्रों को प्रतिशत ब्याज पर अधिकतम 4 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता था। अब यह सभी के लिए पूरी तरह ब्याजमुक्त होगा। अब 2 लाख रुपये तक का ऋण अब 60 मासिक किस्तों की जगह 84 मासिक किस्तों में चुकाया जाएगा। 2 लाख से अधिक का ऋण 84 मासिक किस्तों की जगह 120 मासिक किस्तों में चुकाने का प्रावधान होगा। जदयू नेता रवि कुमार ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यह निर्णय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। अब गरीब परिवार के बच्चे भी डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, नर्सिंग, मैनेजमेंट, आईटी, मीडिया, फार्मेसी, एग्रीकल्चर जैसे प्रोफ़ेशनल कोर्स की पढ़ाई कर सकेंगे। बिहार का बच्चा मजदूर नहीं, बल्कि अच्छे पदों पर सम्मानजनक नौकरी करेगा। रवि कुमार ने कहा कि इस फैसले से न सिर्फ उच्च शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा बल्कि बिहार के युवाओं को आर्थिक बोझ से भी राहत मिलेगी।

# बाबूबरही विधानसभा : जातीय समीकरणों और विकास मुद्दों के बीच बदलते सियासी हालात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। बिहार में मधुबनी ज़िले की बाबूबरही विधानसभा सीट, झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती है। यह पूरी तरह ग्रामीण चरित्र वाला इलाका है, जिसमें बाबूबरही और लदनियां प्रखंड शामिल हैं। मिथिला की सांस्कृतिक धरती पर बसा यह इलाका चुनावी दृष्टि से हमेशा से संवेदनशील माना जाता है, क्योंकि यहाँ के मुद्दे बड़े राष्ट्रीय विमर्श से ज़्यादा स्थानीय ज़रूरतों और जातीय समीकरणों पर टिके रहते हैं।

2020 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से जनता दल (यूनाइटेड) की मीना कामत ने जीत हासिल की। उन्होंने 77,367 मत पाकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार उमाकांत यादव को हराया, जिन्हें 65,879 मत मिले। जीत का अंतर 11,488 मतों का था। उस चुनाव में कुल मतदाता लगभग 3.14 लाख थे, जिनमें से करीब 1.91 लाख ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह आँकड़ा बताता है कि यहाँ मामूली छहऽसात प्रतिशत मतों का उतार-चढ़ाव ही परिणाम को उलट सकता है। यदि पिछले दो दशकों के चुनावी इतिहास पर नज़र डालें तो बाबूबरही सीट पर मुख्य मुकाबला हमेशा जदयू और राजद के बीच ही रहा है। 2010 में राजद के उमाकांत यादव ने जीत दर्ज की थी, जबकि 2005 में भी दोनों दलों के बीच कड़ी टक्कर रही। यह सिलसिला दर्शाता है कि सीट पर कोई स्थायी दल-दलित वर्चस्व नहीं है, बल्कि स्थानीय समीकरण और उम्मीदवार की पकड़ ही चुनाव का फैसला तय करती है। जनसांख्यिकीय दृष्टि से बाबूबरही पूरी तरह ग्रामीण है। 2011 की जनगणना के अनुसार यहाँ की कुल आबादी लगभग 2.17 लाख थी, जिसमें पुरुष 1.11 लाख और महिलाएँ 1.05 लाख थीं। साक्षरता दर औसतन 58.9 प्रतिशत रही, जिसमें पुरुषों की साक्षरता महिलाओं से कहीं अधिक थी। अनुसूचित जातियों की आबादी लगभग 27 हज़ार के आसपास है, जबकि अनुसूचित जनजातियाँ नगण्य हैं। जातिगत समीकरणों की बात करें तो यादव समुदाय, विस्तृत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) और अनुसूचित जाति वर्ग यहाँ के चुनावी नतीजों में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि राजद अपने परंपरागत यादव वोट बैंक पर निर्भर रहती है, जबकि जदयू और भाजपा गठबंधन पिछड़ा व महादलित समूहों को साधकर चुनावी संतुलन बनाने की कोशिश करते हैं। मुद्दों की बात करें तो बाबूबरही के मतदाता वर्षों से जिन सवालों को चुनाव में उठाते आए हैं, वे आज भी जस के तस हैं। सड़क संपर्क, बिजली आपूर्ति, बाढ़ और जल-निकासी की समस्या, शिक्षा और रोज़गार जैसे मुद्दे यहाँ की ज़मीन से जुड़े प्रश्न हैं। हालाँकि सरकार ने सड़क सुधार और ग्रामीण विकास योजनाओं के ज़रिये कुछ काम किए हैं, लेकिन अब भी बिजली कटौती और बदहाल संपर्क मार्गों की शिकायतें जनता के बीच गूंजती रहती हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063